डी:ए:वी. (पी:जी:) कॉलेज, देहरादून

चिन्तन और चेतना की प्रतीक

जिज्ञासा

संयुक्तांक 2020–21, 2021–22, 2022–23

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

प्रो॰ राखी उपाध्याय
मुख्य संपादक

ओ३म भूभुर्वः स्वः।
तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात॥

आर्य समाज के नियम

१. सब सत्यविद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं, उन सबका आदिमूल परमेश्वर है।

२. ईश्वर सच्चिदानंदस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनंत, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्ता है, उसी की उपासना करने योग्य है।

३. वेद सब सत्यविद्याओं का पुस्तक है। वेद का पढना-पढाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।

४. सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोडने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये।

५. सब काम धर्मानुसार, अर्थात सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिये।

६. संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।

७. सबसे प्रीतिपूर्वक, धर्मानुसार, यथायोग्य वर्तना चाहिये।

८. अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिये।

९. प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से संतुष्ट न रहना चाहिये, किंतु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये।

१०. सब मनुष्यों को सामाजिक, सर्वहितकारी, नियम पालने में परतंत्र रहना चाहिये और प्रत्येक हितकारी नियम पालने में स्वतंत्र रहें।

चिन्तन और चेतना की प्रतीक

जिज्ञासा

संयुक्तांक 2020–21, 2021–22, 2022–23

ले अतीत की गौरव गरिमा,
वर्तमान की सृजन पिपासा।
युगों-युगों की गंध सहेजे,
तरुण शिल्पियों की 'जिज्ञासा' ।।

डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी 'विमल'

डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून
उत्तराखण्ड

॥ ॐ सरस्वत्यै नमः ॥

वर दे, वीणावादिनी! वर दे!

वर दे, वीणावादिनी! वर दे!
प्रिय स्वतन्त-रव, अमृत-मन्त्र नव
भारत में भर दे!
काट अन्ध उर के बन्धन-स्तर,
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर
कलुश भेद, तम हर, प्रकाश भर
जगमग जग कर दे!

नव गति, नव लय, ताल-छन्द नव,
नवल कण्ठ, नव जलद-मन्द्ररव
नव नभ के नव विहंग वृन्द को
नव पर, नव स्वर दे!

महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

महान शिक्षाविद् एवं समाज सेवी

श्रद्धेय स्व. डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप जी

(पूर्व कुलाधिपति,दयानन्द शिक्षा संस्थान)

(पूर्व सभापति,विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश)

(25 जुलाई 1923 से 26 फरवरी 1980)

Dedicated to

Hon'ble Late Shri Jagendra Swarup Ji

Former M.L.C. (1980-2014)
Mahamantri, Dayanand Shiksha Sansthan, Kanpur
Secretary, Board of Management, D.A.V.(P.G.) College, Dehradun

Whose Blessings and Inspirations
are
always with us

Late Shri Jagendra Swarup Ji

(02nd July, 1949 - 30th July, 2014)

चिन्तन और चेतना की प्रतीक

जिज्ञासा

संयुक्तांक 2020–21, 2021–22, 2022–23

मुख्य संरक्षक
श्री मानवेन्द्र स्वरूप
(एडवोकेट)
सचिव, प्रबन्ध समिति

संरक्षक
प्रो. आर. के. मेहता
कार्यवाहक अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

प्रो. सुनील कुमार
प्राचार्य

परामर्शदाता
प्रो. एस.पी. जोशी
प्रो. देवना शर्मा
प्रो. पुष्पा खण्डूरी
प्रो. डी.के. त्यागी
प्रो. सविता रावत
डॉ. आर.के. पाठक
डॉ. गोपाल क्षेत्री
डॉ. पारुल दीक्षित
डॉ. हरिओम शंकर

प्रकाशक
डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज
देहरादून, उत्तराखण्ड

मुख्य संपादक
प्रो. राखी उपाध्याय
विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग

सम्पादक मण्डल
प्रो. एच.बी.एस. रंधावा
प्रो. नीरजा चौधरी
प्रो. रमेश कुमार शर्मा
मेजर अतुल सिंह
डॉ. सविता राजपूत
डॉ. विनीत बिश्नोई
श्री अखिलेश चन्द्र वाजपेयी
डॉ. निशा वालिया
डॉ. रुपाली बहल
डॉ. शैली गुप्ता
डॉ. नैना श्रीवास्तव
डॉ. रवि शरण दीक्षित
डॉ. विवेक त्यागी
डॉ. गुंजन पुरोहित
श्री रोशन प्रसाद
श्री संदीप कुमार

छात्र सम्पादक मण्डल
गीता, शोधार्थी
विकास मौर्य, शोधार्थी
वर्षा पाल, शोधार्थी

मुद्रक
सरस्वती प्रेस, 2 ग्रीन पार्क
निरंजनपुर, देहरादून।

सम्पादकीय

नई पीढ़ी: समस्याएँ, चुनौतियाँ और संभावनाएँ

मानव जाति की सर्वांगीण प्रगति के कारणों में सभ्यता का विकास केंद्रीय महत्व रखता है। किसी भी सभ्यता का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि वहाँ के लोग कितने रचनात्मक, संवेदनशील तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हैं। भारत संवेदनशील सभ्यता वाला देश है। अन्य देशों की तुलना में भारतीय अधिक संवेदनशील तथा मूल्यों को मानने वाले होते हैं। हालाँकि पिछले कुछ दशकों में भारतीय जनमानस की मूल प्रवृत्ति में बड़े परिवर्तन देखने को मिले हैं। इन परिवर्तनों की जाँच–पड़ताल आवश्यक है। यदि भारत को विश्व सभ्यता का अगुआ बनना है, तो अपनी परंपराओं की रक्षा करते हुए उसे विज्ञान से सामंजस्य स्थापित करना होगा। भारत जैसे पारंपरिक देश में ये सामंजस्य स्थापित करना आसान नहीं है क्योंकि संवेदना, परंपरा, आचार–विचार के साथ विज्ञान को अपनाने पर नई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। वर्तमान भारत ऐसी कई समस्याओं का सामना कर रहा है। एक ओर जहाँ वह वैज्ञानिक प्रगति की ओर ध्यान दे रहा है, वहीं दूसरी ओर वह अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाने की द्वंद्वात्मक परिस्थिति का भी सामना कर रहा है।

तकनीकी के निरंतर विकास ने भारत के समक्ष नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। आज का युवा तकनीकी के प्रति अधिक आग्रही है। तकनीकी के प्रति उसके अधिक आग्रह ने नई सामाजिक समस्याओं को उत्पन्न कर दिया दिया है। निजीकरण ने रोजगार का चरित्र बदल डाला है। आज का युवा अकादमिक की अपेक्षा तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के लिये प्रयासरत है। शिक्षा की वर्तमान प्रणाली व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी शिक्षा के साथ इस तरह के प्रशिक्षण प्रदान कर रही है जिससे छात्र आत्मनिर्भर बन सकें। विज्ञान मनुष्य को अधिक तार्किक और कम संवेदनशील बनाता है। विज्ञान के लिए तर्क ही सब कुछ है। भावनाएँ उसके लिए कुछ खास महत्व नहीं रखतीं। इससे युवा वर्ग में मूल्यों का निरंतर ह्रास हो रहा है। भारतीय संस्कृति अपने मूल्यों के लिए विश्व में पहचानी जाती है। छोटों को प्यार, बड़ों का सम्मान, माता–पिता को ईश्वर के समान मानना भारतीय मूल्य हैं। आज का युवा इन मूल्यों से भटक रहा है। पश्चिमी संस्कृति के सम्मोहन ने उसे मूल्यहीन कर दिया है। यह मूल्यहीनता न केवल समाज, बल्कि उसके लिए भी हानिकारक सिद्ध हुई है। युवाओं की मूल्यहीनता ने उसे असंवेदनशील बना दिया है। संवेदनहीनता के कारण आपसी रिश्ते निरंतर कमजोर हो रहे हैं। अब किसी के दुःख को देखकर किसी में करुणा जग जाना बड़ी बात मानी जाती है, जबकि भारत एक ऐसा देश है, जहाँ क्रौंच पक्षी की वेदना एक व्यक्ति को महर्षि वाल्मीकि बना देती है। भारतीय संस्कृति तथा परम्पराओं को बचाए रखने के लिए हमें अपने अतीत से सीख लेनी होगी, तभी भारत विश्व का नेतृत्व करते हुए विश्व गुरु बन पाएगा। भारत विश्व भर में अपनी परंपराओं और मूल्यों के कारण प्रसिद्ध रहा है। भारतीय संस्कृति में समस्त मानव–जाति के विकास को केंद्र में रखा गया है। भारतीय संस्कृति में समस्त विश्व को एक परिवार माना गया है, जिसके प्रत्येक सदस्य के सुख और विकास को महत्व दिया जाता है।

युवाओं में अपने अनुसार जीवन जीने की महत्वाकांक्षा ने पुरानी पीढ़ी और नई पीढ़ी में टकराव उत्पन्न किया है। इस टकराव ने सदियों से पवित्र और निश्छल माने जाने वाले संबंधों को भी कमजोर कर दिया है। रिश्तों की मिठास कम होने के कारण परिवार का टूटना आम हो गया है। इस पारिवारिक टूटन ने सामाजिक ढाँचे को भी प्रभावित किया है। आज भारतीय समाज अपनी संस्कृति और परंपराओं को भुलाकर पाश्चात्य जीवन–शैली अपनाने को आधुनिक होना मान रहा है। वह सुख और आनंद के बीच का भेद भूल गया है। आज का युवा भौतिक वस्तुओं से प्राप्त होने वाले सुख को ही जीवन का ध्येय मान बैठा है। सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन–शैली से

मिलने वाला स्थायी आनंद उसके लिए दोयम दर्जे का हो गया है। नई पीढ़ी की संवेदनहीनता के कारण पुरानी पीढ़ी एकाकीपन से जूझ रही है। नई पीढ़ी की मूल्यहीनता और संवेदनहीनता ने उसे एक ऐसे रास्ते पर धकेल दिया है, जहाँ तनाव, अवसाद और अकेलापन है। एक ओर जहाँ पुरानी पीढ़ी एकाकीपन से जूझ रही है, वहीं नई पीढ़ी भी भीड़ भरी दुनिया में अजनबीपन का सामना कर रही है। वर्तमान संदर्भों में हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार अज्ञेय का यह वाक्य अत्यंत प्रासंगिक है कि 'आजकल हर भीड़ अकेलों की भीड़ है और भीड़ में रहने वाला हर व्यक्ति अकेला है।' नई पीढ़ी अपनों के बीच अजनबीपन का अनुभव करती है क्योंकि अपनों के प्रति उसका भावनात्मक लगाव कम हो गया है। ऐसे समय में वह खुशी पाने के छोटे–छोटे अवसरों की तलाश कर रही है। नई पीढ़ी को यह समझना होगा कि स्थायी सुख पाने के लिए संवेदनशीलता, प्रेम और मूल्यों का पालन आवश्यक है। इससे न केवल उसका, बल्कि भारतीय संस्कृति का भी विकास तथा प्रचार होगा।

पूरे विश्व के लिए पिछले कई वर्ष चुनौतीपूर्ण रहे हैं। कोरोना ने एक ओर जहाँ व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक जीवन को प्रभावित किया, वहीं नई पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी से पुनः जुड़ने का एक अवसर भी प्रदान किया। कोरोना में बेरोजगार युवाओं की स्थिति और अधिक दयनीय हो गई। जिन युवाओं को रोजगार की चिंता नहीं थी, वे इंटरनेट और मोबाइल के आदी हो गए। कोरोना के बाद युवाओं में मोबाइल इस्तेमाल करने की लत अधिक देखी गई है। तकनीकी के आवश्यकता से अधिक प्रयोग ने युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। आज का युवा अधैर्यवान है, उसे छोटी–सी बात पर भी क्रोध आ जाता है, वह संघर्ष करते हुए अक्सर तनाव और अवसाद का शिकार हो जाता है। हालांकि एक सत्य यह भी है कि कोरोना काल में मिले समय ने पहले की तुलना में पारिवारिक संबंधों की नींव को मजबूत अवश्य किया है। भारत इस वर्ष आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। कोरोना की विभीषिका देखने के बाद आजादी के अमृत महोत्सव ने युवाओं में नई जीवन–शक्ति और संबंधों में नई ऊर्जा का संचार किया है। आजादी के अमृत महोत्सव ने युवाओं के भीतर देश के प्रति कर्त्तव्य बोध को जागृत किया है।

2023 में नई दिल्ली में 18वें जी 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारत ने पहली बार जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'वसुधैव कुटुंबकम' था। इसका विषय ही इसके उद्देश्य का द्योतक है। इस सम्मेलन में भारत ने विश्व को संदेश दिया कि हमें राजनीतिक प्रपंच, युद्धों और भौगोलिक सीमा के मतभेदों को महत्व न देकर विश्व के प्रत्येक व्यक्ति के विकास पर केंद्रित होना चाहिए। एक ऐसे समय में, जहाँ युवा अनेक भावनात्मक तथा सामाजिक सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा है, वहाँ जी20 सम्मेलन में भारत की मेजबानी तथा मुख्य विषय ने युवाओं में नई ऊर्जा भरने का कार्य किया है।

यह अंक 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23 के संयुक्तांक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। जिज्ञासा का यह अंक नई पीढ़ी की रचनात्मक ऊर्जा का प्रमाण है। नई पीढ़ी विभिन्न समस्याओं से संघर्ष करते हुए समाज के विकास को नई दिशा देने के लिए प्रयासरत है। जिज्ञासा के इस अंक में प्रकाशित कविताएँ, कहानियाँ तथा वैचारिक लेख इस बात का प्रमाण हैं कि आज के युवा में रचनात्मकता बनी हुई है। युवाओं में रचनात्मकता की यह संभावना भारतीय समाज के विकास में महती भूमिका निभाएगी।

मैं महामहिम राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह, मा. मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री, डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा निदेशक, प्रो. सी. डी. सूंठा, कुलपति, हे.न.ब. गढ़वाल विश्वविद्यालय, प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल, हमारे प्रबंधतंत्र के सम्मानित सचिव श्री मानवेन्द्र स्वरूप जी व प्रबंधतंत्र की सम्मानित संयुक्त सचिव श्रीमती राधिका स्वरुप जी का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिनके निरंतर आशीर्वाद और मंगलकामनाओं से इस पत्रिका को नया आयाम प्राप्त हुआ। इसके लिए आपका विनीत आभार।

'जिज्ञासा' का यह संयुक्तांक महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अजेय सक्सेना, प्रो. के. आर. जैन तथा वर्तमान प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से ही आप तक पहुँच पाया है।

जिज्ञासा के इस संयुक्तांक के प्रकाशन हेतु मैं अपने सम्पादक मण्डल तथा परामर्श मण्डल के सम्मानित सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। इसे अतिरिक्त इस अंक को प्रकाशित करने मेरे शिक्षक साथियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और छात्र–छात्राओं का भी मुझे सहयोग प्राप्त हुआ है उनका भी मैं धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष दयाल सिंह बिष्ट तथा सचिव मनमोहन का भी मैं आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने मुझे सहयोग प्रदान किया। मैं श्री अखिल गुप्ता, सरस्वती प्रेस की भी आभारी हूँ जिन्होंने इस पत्रिका को प्रकाशित करने में बहुमूल्य योगदान प्रदान किया। बहुत सावधानी बरतने के बाद भी संभव है कि पत्रिका में मुद्रण तथा संपादन संबंधी कुछ त्रुटियाँ शेष रह गई हों, उन्हें अनदेखा कीजियेगा। पत्रिका के आगामी अंकों को और प्रभावशाली बनाने के लिए आपके सुझाव का स्वागत है।

(प्रो. राखी उपाध्याय)

ले. ज. गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम,
वीएसएम (से नि)
राज्यपाल उत्तराखण्ड

सत्यमेव जयते

राजभवन उत्तराखण्ड
देहरादून 248003
दूरभाष : 0135-2757400
2757403

25.04.2023

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज देहरादून द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका '**जिज्ञासा**' के विशेषांक 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं '**G-20**' का प्रकाशन किया जा रहा है।

इस पत्रिका के माध्यम से महाविद्यालय के शिक्षकों, कार्मिकों और विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को अपनी लेखन प्रतिभा के प्रदर्शन करने का समुचित अवसर प्राप्त होगा।

आशा है पत्रिका के इस अंक के लिए लेख प्रस्तुत करने वाले सभी लेखक प्रासंगिक एवं ज्वलंत विषयों पर अपने विचारों को सम्यक रूप से प्रस्तुत करेंगे। विगत वर्षों में '**जिज्ञासा**' के विभिन्न अंक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए संग्रहणीय बन रहे हैं।

पत्रिका '**जिज्ञासा**' के विशेषांक हेतु मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

गुरमीत

(ले. ज. गुरमीत सिंह)
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड प्रदेश

उत्तराखण्ड सचिवालय
देहरदून-248001
सचिवालय फोन : 0135-2716262
0135-265043
फैक्स : 0135-2712827
विधान सभा फोन : 0135-2665100
035-2665497
फैक्स : 0135-2666166
Email : cm-ua@nic.in

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि **डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून (उत्तराखण्ड)** द्वारा वार्षिक पत्रिका **'जिज्ञासा' (सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23)** का संयुक्तांक का प्रकाशन करने जा रहा है।

मुझे आशा है कि इस पत्रिका में महाविद्यालय स्तर की विभिन्न गतिविधियों के सफल आयोजनों सहित विभिन्न प्रकार की उपयोगी जानकारियों का भी समावेश होगा, जो नि:सन्देह महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगा।

मेरी ओर से महाविद्यलाय को अपनी वार्षिक पत्रिका **'जिज्ञासा'** के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।

(पुष्कर सिंह धामी)

डॉ. धन सिंह रावत
मंत्री
चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा,
सहकारिता, उच्च शिक्षा, संस्कृत शिक्षा
विद्यालयी शिक्षा

उत्तराखण्ड सरकार

विधान सभा भवन
देहरादून
कक्ष सं. 20
फोन : 0135-2666410
फैक्स : 0135-2666411

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि **डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून (उत्तराखण्ड)** महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका '**जिज्ञासा**' के संयुक्तांक वर्ष 2020-21, 2021-22 तथा 2022-23 का प्रकाशन करने जा रहा है।

महाविद्यालय पत्रिकाएं छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने का कार्य करती हैं तथा इसके साथ ही उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को नये आयाम भी प्रदान करती हैं। यह पत्रिका महाविद्यालय की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों के साथ छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के प्रकाशन का एक सरल माध्यम है। इसके माध्यम से महाविद्यालय परिवार में एक सकारात्मक वातावरण विकसित होता है।

इस पत्रिका के प्रकाशन के अवसर पर प्रधान संपादक एवं संपादक मण्डल के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ। मैं विश्वास करता हूँ कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

मैं महाविद्यालय की पत्रिका '**जिज्ञासा**' के सफल प्रकाशन हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रषित करता हूँ।

(डॉ. धन सिंह रावत)

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

हल्द्वानी 263139 (नैनीताल)

E-mail-higherducation.direcor@gamil.com

प्रो.(डॉ.) सी.डी. सूंठा

निदेशक (उच्च शिक्षा)

अर्द्धशासकीय पत्रांक 433/2023-24

दिनांक 26, अप्रैल 2023

सन्देश

महोदय,

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि डी.ए.वी. (पी.जी.) देहरादून की वार्षिक पत्रिका **'जिज्ञासा' (सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23)** का संयुक्तांक प्रकाशित होने जा रहा है।

पत्रिका महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण दर्पण होती है, जो अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनमें अन्तर्निहित मौलिक सृजनात्मक प्रतिभा के विकास एवं अभिव्यक्ति का सुलभ अवसर प्रदान करती है। रचनाशीलता का विकास उच्च शिक्षण संस्थान का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होता है। **'जिज्ञासा'** इस लक्ष्य की प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम होगी। शिक्षकों के आलेख एवं रचनाएं सृजनात्मकता को मुखरित एवं अभिप्रेरित करने में सहायक होने के साथ ही विद्यार्थियों के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभागिता को प्रतिबिम्बित करती है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों को ज्ञान समाज के निर्माण के गन्तव्य की ओर अभिमुखीकृत करती है। वस्तुतः वार्षिक पत्रिकाओं के माध्यम से चिन्तन, मनन, सृजन एवं नवाचार की श्रृंखला उदित अभिपुष्ट एवं परिवर्द्धित होती है।

मैं उक्त पत्रिका के प्रकाशन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

मंगलकामनाओं सहित

(प्रो. (डॉ.) सी.डी. सूंठा)

सेवा में,
प्राचार्य,
डी.ए.वी. (पी.जी.) कालेज,
देहरादून।

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)-246174, उत्तराखण्ड, भारत
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar (Garhwal)-246174 Uttarakhand, India
(A Central University)

प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल
कुलपति
Prof. Annpurna Nautiyal
Vice-Chancellor

Ph. No. : 0346-250260
Fax No. : 01346-252174

Ref. No.: VC/HNBGU/2023/292
Dated : 17/05/2023

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि **डी.ए.वी. (पी.जी.) देहरादून (उत्तराखण्ड)** द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका **'जिज्ञासा' (सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23)** संयुक्तांक का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों के साथ छात्र-छात्राओं में सृजनात्मकता के विकास में महाविद्यालय की पत्रिका की अहम भूमिका होती है। इससे विद्यार्थियों में अध्ययन के साथ-साथ विविध गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु समस्त प्रकाशन मण्डल को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं ।

(प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल)

प्रो. के.आर. जैन
प्राचार्य,
डी.ए.वी. (पी.जी.) कालेज,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

मानवेन्द्र स्वरूप
एडवोकेट
सेक्रेटरी
बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट
डी॰ए॰वी॰ (पी॰जी॰) कॉलेज, देहरादून

15/96 Civil Lines, Kanpur- 208 001
Phones (Office): 2303140, 2332777
(Resi) : 0512-2303138, 39
Fax : 0512-2332888

सन्देश

प्रिय डॉ. राखी जी,

मुझे जानकर प्रसन्नता हुई कि डी. ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून अपनी श्रेष्ठ परम्पराओं के तहत वार्षिक पत्रिका '**जिज्ञासा**' का संयुक्तांक प्रकाशित होने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में जननाया जा रहा है। मुझे आशा है कि महाविद्यालय पत्रिका में शैक्षिक उन्नयन एवं विशेष छात्र उपयोगी पाठ्य सामग्री के साथ पत्रिका में विशेष लेखों का समावेश होगा, जिससे छात्र एवं छात्राओं के ज्ञान में अभिवृद्धि होगी और उनकी सोच में परिपक्वता आयेगी। ऐसे ही गुणों का विद्यार्थियों में विकास करने का सफल माध्यम कालेज पत्रिका होती है।

महाविद्यालय पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु मैं अपनी हार्दिक शुभ-कामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(मानवेन्द्र स्वरूप)
सचिव-प्रबन्ध समिति

डॉ. राखी उपाध्याय,
मुख्य संपादक-जिज्ञासा,
डी.ए.वी., पी.जी., कालेज,
देहरादून।

प्रो. के.आर. जैन
पूर्व प्राचार्य

डी॰ए॰वी॰ (पी॰जी॰) कॉलेज
देहरादून (उत्तराखण्ड)
Email : info@davpgcollege.com

सन्देश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि डी ए वी (पी जी) कॉलेज, देहरादून द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका **जिज्ञासा** का संयुक्तांक शैक्षिक सत्र 2020-21, 21-22 तथा 22-23 का प्रकाशित किया जा रहा है। मुझे हार्दिक प्रसन्नता तथा पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका में प्रकाशित लेखो के माध्यम से विद्यार्थी शिक्षा एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेंगे। यह पत्रिका उनका सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ मार्गदर्शन भी करेगी।

जिज्ञासा पत्रिका के प्रकाशन के अवसर पर मैं प्रो. राखी उपाध्याय, मुख्य संपादक तथा संपादक मंडल के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता हूं।

के आर जैन

(प्रो. के आर जैन)

प्रो. एस.के.सिंह
प्राचार्य

डी॰ए॰वी॰ (पी॰जी॰) कॉलेज
देहरादून (उत्तराखण्ड)
Email : info@davpgcollege.com

सन्देश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि **डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून की वार्षिक पत्रिका 'जिज्ञासा'** के संयुक्तांक वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 का प्रकाशन होने जा रहा है।

मुझे विश्वास है कि प्रेरणादायी, संग्रहनीय लेखों एवं विचारों से 'जिज्ञासा' छात्र-छात्राओं के लेखन प्रतिभा को उद्वेलित करने में सफल होगी।

मैं 'जिज्ञासा' के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

S. K. Singh

(प्रो. सुनील कुमार)
प्राचार्य

प्रो. राखी उपाध्याय
मुख्य संपादक 'जिज्ञासा'
डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज
देहरादून।

Editorial Board

Session 2020-21, 2021-22 & 2022-23

Left to Right: Sitting on Chair :- Prof. Neerja Chaudhary, Maj. Atul Singh, Prof. Rakhi Upadhyay (Chief Editor), Prof. Sunil Kumar (Principal), Prof. S.P.Joshi (Vice Principal), Prof. R.K. Sharma, Dr. Nisha Walia.

Standing I Row : Left to Right :- Dr. Rupali Bahal, Dr. Naina Srivtastav, Dr. Savita Rajput, Dr. Shaili Gupta, Dr. Vivek Tyagi, Dr. Gunjan Purohit, Dr. R.S. Dixit, Dr. Sandeep Kumar, Dr. Roshan Kumar.

अनुक्रमणिका

1.	भारतीय चिन्तन और मानव मूल्य	प्रो. सविता भट्ट	1
2.	साहित्य की वर्तमान चुनौतियाँ भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में	प्रो. पुष्पा खण्डूरी	8
3.	हिंदी के पंडित फादर कामिल बुल्के	प्रो. राखी उपाध्याय	10
4.	हिंदी कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन	डॉ. निशा वालिया	12
5.	महिला सशक्तिकरण : महिला शिक्षा के विकास के संदर्भ में	डॉ. सविता राजपूत	15
6.	वायु प्रदूषण	प्रो. सविता भट्ट	18
7.	परिश्रम और परिणाम	डॉ. उर्मिला रावत	21
8.	आचरण	डॉ. संदीप कुमार	22
9.	रेणु जी की कहानियों में आंचलिक संवेदना	गीता	23
10.	वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं भारत की G-20 की अध्यक्षता	आशुतोष चोपड़ियाल	27
11.	स्कूल–कॉलेज के वो दिन हमेशा याद आयेंगे	प्रियांशु सक्सेना	31
12.	G20 प्रेसीडेंसी	रिचा	32
13.	जाति व्यवस्था की उत्पत्ति एवं परिवर्तन : प्रारम्भ से वर्तमान	दामिनी नेगी	33
14.	आजादी का अमृत महोत्सव	आशीष नौटियाल	34
15.	गाँधी : सामान्य परिचय	आदर्श भट्ट	36
16.	राष्ट्र निर्माण में नवयुवकों का योगदान	तुषार जगूड़ी 'शैल'	37
17.	चाइनीज मांझे की आफत बरकरारः 'पतंग की उड़ान, जा रही पक्षियों की जान'	प्रियांशु सक्सेना	38
18.	अहंकार का सार	जुवीन नौटियाल	39
19.	आज तो दिन ही खराब है	कंचन नौटियाल	40
20.	गुरु का नाम है	सूरज सेलवान	40
21.	जै उत्तराखण्ड	प्रो. पुष्पा खण्डूरी	41
22.	मैंने केवल वही लिखा है ...	डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी 'विमल'	42
23.	भूमि की पुकार	महक भण्डारी	43
24.	पापा	बलजीत सिंह	43
25.	घर से दूर	विक्रम सिंह भण्डारी	44
26.	दहाड़	सूरज	44
27.	इन्सानियत । मानुष व्यथा	कविराज – देवेंद्र कुमार	45
28.	आज की नारी	राजेश कुमार शाह	46
29.	नये कवि की नई रचना	प्रदीप	47
30.	पलायन : पहाड़ का दर्द	प्रवीण श्रीवाल	48
31.	आत्मसंशय	अंकिता सकलानी	48
32.	माँ हिन्दी	लव पुरी	49
33.	तुम ही बोलो	मंदीप कोटनाला	49
34.	मूक सिंहासन	नन्दनी सती	50
35.	गुरु का सम्मान	सूरज सेलवान	50
36.	बालपन और रविवार	प्रदीप	51
37.	घर से दूर	विक्रम सिंह भण्डारी	52
38.	सैनिक	सूरज	52
39.	पलायनी पीड़ा/पीड़ित राह	प्रदीप	53
40.	मेरी कहानी तो अभी बाकी है	प्रदीप	54
41.	एक वकील	प्रियंका थापा	55
42.	आज का मनुष्य	कोमल चन्द	55
43.	टी.वी. और साहब	प्रदीप	56
44.	माँ की ममता	नमरा अहमद	56
45.	Challenges of Education System in India: Beyond Degrees to Meaningful...	Prof. G.P. Dang	57
46.	Postmodernism, its characteristics and its impact on society	Prof. Harbir Singh Randhawa	61
47.	Jahangir: His Personality and Character	Prof. Anju Bali Pandey	64
48.	Vision for Quality of Education	Prof. Prashant Singh	68
49.	Group of twenty - G20	Prof. Rakhi Upadhyay	69
50.	Nature and Scope of English Language in India	Dr. Monisha Saxena	73

51.	Go Get Education	Prof (Dr.) Ranjana Rawat	75
52.	Future Scope of Water Safety Planning in India	Prof. Prashant Singh	77
53.	Zero Budget Farming	Dr. Naina Srivastava	79
54.	The Psychology of Time: How Our Perception of Time Shapes Our Lives	Kutti Rawat	83
55.	Life-giving Rivers of Uttarakhand	Ashutosh Bhatt	84
56.	My NSS Journey: A Journey of Service and Personal Development	Deepak Sharma	86
57.	29UK BN NCC, Dehradun Group	Cadet Anurag	87
58.	Educational Technology	Rishabh Singh	88
59.	Role of women in the legal Profession	Shreya Sharma	91
60.	Artificial Intelligence - The Fourth Industrial Revolution	Soni	92
61.	India's G20 Presidency	Ankita	94
62.	Child Rearing and Learning	Nikhil Kundu	95
63.	Azadi Ka Amrit Mahotsava	Aishwarya Singh	96
64.	Cultural Competency	Nikhil Kundu	97
65.	My DAV College	Khushi Singh	98
66.	Hinduism : A Way of Life	Khushi Singh	98
67.	Corona Virus	Kirti Vishnoi	99
68.	Technology – A Boon or Bane?	Cadet Mansi khugshal	99
69.	Leadership	Dheeraj Sana	100
70.	For those who dare to dream there is a world to win	Sumit Chhetri	100
71.	National Education Policy 2020	Hitesh Thapliyal	101
72.	NEP 2020 (New Education Policy)	Anuradha	103
73.	Dr. B.R. Ambedkar	Shiya Bijalwan	105
74.	Taking Care of Your Mental Health	Cadet Ashish Negi	105
75.	The Brave Deed of a Unsung Warrior	Cadet Aditya Thapa	106
76.	Global Warming Crisis	Cadet Jayant Jhinkwan	107
77.	Women Empowerment: Winds of Change	Cadet Akhilesh Uniyal	108
78.	Decline in Moral Values in Contemporary World	Minakshee Rawat	109
79.	DNA Day 2023 : Five Things About DNA You Missed in Science Class	Geetanjali Negi	110
80.	Interesting Facts of Chemistry Which You Probably Didn't Know	Geetanjali Negi	111
81.	Human Trafficking: A Heinous Crime	Simran Linwal	112
82.	It’s Time to Look Up and Not Down Anymore	Chandra Prakash Nautiyal	112
83.	Oppenheimer: The Enigmatic Genius Behind the Atomic Age	Arnima Kaushik	113
84.	Bangladesh Trip	Anushka	115
85.	The Watchkeeper of the Gates of Kewal Vihar	Devansh	116
86.	Achieving Optimal Health and Wellness: A Holistic Approach	Yuvraj Bisht	117
87.	Charles Dickens: A Literary Luminary and Social Critic	Vibhudh Sharma	118
88.	Man is Not Made for Defeat	Khushi Singh	120
89.	Money v/s Succeds	Ayush Chauhan	122
90.	Lockdown Days | Mother | Summer Holidays	Yati Bisht	123
91.	Life	Rahul Dobhal	124
92.	Down Memory Lane	Khushi Singh	124
93.	Phoenix | Moon	Saloni Rawat	125

REPORTS

1.	Induction Meeting on Add-On Certificate Courses	126
2.	NCC Report	127
3.	भारत स्काउट एवं गाइड	133
4.	एन.एस.एस. की गतिविधियाँ	135
5.	क्रीड़ा–रिपोर्ट : 2022–23	137
6.	Career Counselling & Placement Cell Report	138
7.	Annual Report of the Proctorial Board	141

भारतीय चिन्तन और मानव मूल्य

प्रो० सविता भट्ट
संस्कृत विभाग

प्रभु का अनन्त वरदान तुम्हें
उपभोग करो प्रतिक्षण नव नव
क्या कमी तुम्हे है त्रिभुवन में
यदि बने रह सको तुम मानव (महाकवि पन्त)

विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में हमारी संस्कृति श्रेष्ठतम मानी गई है। वेद, रामायण, महाभारत, पुराण, धर्म–ग्रन्थ आदि सभी हमारी संस्कृति की पहचान कराते हैं। मानव सभ्यता के उत्थान और पतन में संस्कृति, शिक्षा और मानव मूल्यों का विशेष महत्व है। मनुष्य भी सृष्टि के अन्य प्राणियों की तरह सहज रूप में अपनी इन्द्रियों की प्रबल भूख लेकर उत्पन्न होता है, किन्तु अपने चिन्तन जैसे दिव्य गुण के कारण वह इतर जीव धारियों से भिन्न होकर सभ्यता और संस्कृति का विधाता बन जाता है। भावना और चिन्तन ने ही मानव को प्रेरित कर परिवार, समाज और राष्ट्र की रचना करााई तथा प्रेय और श्रेय के मार्ग प्रशस्त कराया। जिन स्तम्भों पर मानव ने सभ्य एवं सुसंस्कृत जीवन का प्रसाद खड़ा किया उसका नाम ही मानव मूल्य है।

प्राचीन मनीषियों ने मूल्य की जगह पुरुषार्थ शब्द का व्यवहार किया है तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को पुरुषार्थ चतुष्ट्य की संज्ञा दी है। वस्तुतः ये चार ही हमारे जीवन के प्रधान मूल्य हैं। धर्म– नैतिकता और मर्यादाओं का जनक होने के कारण जीवन का नियामक होता है। अर्थ– भौतिक सुख साधनों से जोड़ता है। काम– तत्व कुछ करने की और उपभोग करने की आग प्रज्जवलित करता है। और मोक्ष का लक्ष्य होता है– एक आत्यन्तिक शान्ति, सर्वविध बन्धनों की मुक्तता।

विश्व कल्याण और विश्व शान्ति हेतु मानव मूल्यों को अपनाने की नितान्त आवश्यकता है। मानव जीवन को सही दिशा देने वाले गुणों को ही मानव मूल्यों की संज्ञा से अभिहित किया गया है। जीवन को अनुशासित करने वाले तत्व भी मानव मूल्य कहलाते हैं। मनुष्य के यश में वृद्धि करने वाले अनुपम तत्व ही मानव मूल्य कहलाते हैं। वेद कहता है–

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव
यद भद्रं तन्न आ सुव (यजुर्वेद 30–3)

अर्थात् हे सविता देव! हमारे समस्त दुराचारों को दूर करो एवं जो कल्याणकारी हो वह हमें प्राप्त कराओ।

तन्मे मतः शिवसंकल्पमस्तु (यजुर्वेद 34–1)

अर्थात् मेरा हृदय कल्याणकारी संकल्पों वाला हो।

सत्य, धैर्य, क्षमा, संयम, चोरी न करना, शौच, इन्द्रिय निग्रह, ज्ञान, क्रोध न करना, अहिंसा, यज्ञ, दान, तप, आदि गुण मानव मूल्य या धर्म स्वरूप माने गए हैं। वास्तव में इसका क्षेत्र बहुत व्यापक है। सर्वोतम मानव मूल्य सत्य को इंगित करता रामायण कार कहता है–

सत्यमेवेभवरो लोके सत्ये धर्मः सदाश्षश्रितः

सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम् (वा0रा0अयो0101–13)

आज ईमानदारी का अभाव है। काम में अरूचि, व्यर्थ में समय गंवाना; मजदूरों का शोषण, व्यापार में दलाली, विश्वासघात, व्याभिचार आदि अनेक अवगुण समाज की अनैतिकता की ओर संकेत देह रहे हैं। मानव के जीवन में आदर्श की कभी उनके व्यवहार को संतुलित मार्ग नहीं दिखा पाती है।

हमें इस स्थिति पर यथार्थ दृष्टि से विचार करना है। जिनकी इच्छा ईमानदार और सदाचारी बनने की है उन्हें प्राचीन भारतीय संस्कृति की ओर उन्मुख होना ही पड़ेगा। भारतीय संस्कृति की महानता से परिचित मानव अपना उद्धार करने में सक्षम है। भारतीय संस्कृति मानव मूल्यों से समाविष्ट है। मनुष्य अपनी बुद्धि का प्रयोग कर विचार और कर्म के क्षेत्र में जो सृजन करता है उसी को संस्कृति कहते हैं।

के0 एम0 मुन्शी के शब्दों में – "हमारे रहन–सहन के पीछे जो हमारी मानसिक अवस्था जो मानसिक प्रकृति जिसका उद्देश्य हमारे जीवन को परिष्कृत शुद्ध एवं पवित्र बनाना है तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति करना है वही संस्कृति है।

प्रत्येक संस्कृति की अपनी कुछ विशेषताएँ होती है। किसी भी देश की संस्कृति के निर्माण में धर्म, शिष्टाचार, नीति, विधि–विधान आदि का बहुत प्रभाव पड़ता है। भारतीय संस्कृति की अपनी कुछ विशेषताएं हैं जिसके कारण वह विश्व संस्कृति में महत्वपूर्ण है इसीलिए मनु स्मृति में कहा गया–

एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः

स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः(मनु0 2–20)

इस देश में उत्पन्न ब्राह्मणों से सम्पूर्ण पृथ्वी के मनुष्यों को अपने–अपने चरित्र (आचार) को सीखना चाहिए।

भारतीय संस्कृति की निरन्तरता, विभिन्नता में एकता समन्वय की भावना, प्राचीनता, आध्यात्मिकता, गतिशीलता, आस्तिकता के प्रति विश्वास की भावना, धर्म परायणता, अवतारवाद, यज्ञ, यम नियमों का पालन, कर्मफल एवं पुनर्जन्म, महान पुरुषों के प्रति श्रद्धा और भक्ति, चार पुरुषार्थ, वर्णाश्रम व्यवस्था, विश्व बन्धुत्व की भावना आदि अनेक विशेषाएं उसे प्राचीनतम संस्कृतियों में अग्रगण्य बनाती है। अनेक संस्कृतियाँ बनी और समाप्त हो गई लेकिन भारतीय संस्कृति अपने मानव मूल्यों के साथ आज भी जीवन्त हैं। समाज और संस्कृति का गहन अटूट सम्बन्ध है।

समाज के अभाव में हम संस्कृति की कल्पना भी नहीं कर सकते। संस्कृति हजारों लाखों वर्षों की विकास मात्रा का परिणाम होती है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है और समाज में रहने से ही उसके गुणों का विकास होता है। आइए उन मानव मूल्यों की बात करें जो मानव को मानव बनाती है– वे गुण है– अहिंसा सत्य, अस्तेय, ज्ञान, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शील, अतिथि सेवा, श्रद्धा, क्षमा, मधुवचन, शौच, सन्तोष, तप, ईश्वर प्रणिधात, स्वाध्याय, काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का त्याग, परिश्रम, परोपकार, सत्संगति, अनुशासन, सन्तोष, आदि।

उक्त समस्त गुण मानव मूल्यों कहे जा सकते हैं। वे व्यक्तिगत निर्माण में सहायक होते हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति इन्हीं जीवन मूल्यों पर टिकी थी। प्राचीन काल में विद्या अथवा ज्ञान का अत्यन्त महत्व था। तभी तो कहा गया– मानव मूल्यों के सन्दर्भ में धर्म का विवेचन आवश्य है।

सामान्यतः धर्म वह आन्तरिक वृत्ति है जिसके कारण किसी प्राणी या पदार्थ को जाना जाता है। मननशीलता मनुष्य का सहज धर्म है जैसे सूर्य का प्रकाश, पुष्पा का सुवास और गगन का धर्म सर्व व्यापकता। किन्तु मनुष्य के सन्दर्भ में मननशीलता उसका प्रकृत धर्म अवश्य है किन्तु जिस प्रसंग में धर्म शब्द प्रयोग होता है उसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध मनुष्य के संस्कारों से होता है। ये संस्कार आत्म निर्माण से लेकर परिवार, समाज और विश्व निर्माण तक सक्रिय व महत्वपूर्ण होते हैं। इतने व्यापक अर्थ में धर्म की कल्पना और तदनुसार प्रवृत्ति ऋषि भूमि भारत की विशेषता है। हमारे आदि ग्रन्थ ऋग्वेद में धर्म का अनेक स्थलों पर प्रयोग हुआ है। वृहदारण्यकोपनिषद में कहा गया–

यो वै स धर्मः सत्यं वै तत् (वृह0 4–14)

अर्थात् जो सत्य है वह धर्म है, जो धर्म है वह सत्य है।

वैशैषिक सूत्र के अनुसार जिससे एहिक उत्कर्ष और पारलौकिक कल्याण हो अर्थात् निःश्रेयस की उपलब्धि हो वही धर्म है।

यतोश्भ्युदयनिः श्रेयस सिद्धिः स धर्मः
(कणाद् वैषोशिक सूत्र 1–1–2)

वशिष्ठ धर्म सूत्रानुसारेण श्रुति एवं स्मृति विहित कर्म धर्म है। गौतम धर्म सूत्र में वेद को धर्म का मूल बताया गया है। 'धृ' धातु से निष्पन्न धर्म का अर्थ कोशकारों ने धारण किया है। जिस प्रकार प्रकृति का विधान विश्व को भौतिक रूप में धारण करता या उसे नियमित कर स्थिर करता है– उसी प्रकार वह व्यवस्था नियम पद्धति और आचार विचार धर्म के घटक हैं, जिनसे मानव व्यष्टि और समष्टि व्यवस्थित होकर लक्ष्योन्मुख होती है। धारणाद् धर्म इत्याहु तथा धर्मो धारयते प्रजाः की उक्तियाँ इसी तथ्य की ओर इंगित करती है।

आहार निंद्रा और भय आदि मानव और मानवेतर प्राणियों में समान रूप से पाये जाते हैं किन्तु जीवन मूल्यों का निर्धारण एवं उसका परिपालन मानव जाति की ही विशेषता है। मानव के इन जीवन मूल्यों को ही

श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः

एमच्चतुर्विधं प्राहु साक्षाद् धर्मस्य लक्षणम्।। (मनु0 2–12)

अर्थात्– वेद, स्मृति, सदाचार और अपने अपने आत्मा को प्रियसन्तोष ये चार साक्षात धर्म के लक्षण है। आचारः परमो धर्म (मनु 1–108) कहकर आचरण की पवित्रता पर बल दिया गया।

घृतिः क्षमा दमो स्तेयं भौचमिन्द्रियनिग्रहः

घी र्विद्या सत्यमक्रोधो द ाकं धर्म लक्षणम् (मनु 6–92)

सन्तोष, क्षमा, मन को दबाना, अन्याय से किसी की वस्तु न लेना, शारीरिक पवित्रता, इन्द्रिय निग्रह (विषयों से रोकना), बुद्धि, (शास्त्रादि तत्व का ज्ञान), विद्या (आत्म बोध) सत्य, क्रोध न करना ये दस धर्म के लक्षण हैं।

इस प्रकार से वेद, स्मृति, आत्महित, परहित, धृति क्षमा आदि के मूल्य हैं जिन्हें अपनाने के कारण मानव, मानव कहलाता है।

यज्ञ, अध्ययन और दान प्रथम, तप द्वितीय और ब्रह्मचर्य धर्म का तृतीय स्कन्ध है, ऐसा छान्दोग्योपिनिषद का प्रतिपादन है। इस प्रकार धर्म का एक विराट अर्थ से मण्डित है जो मन की पावनता से उद्भूत संकल्प, व्रत आचार से लेकर विश्व व्यापी मानव जाति की पद्धति व व्यवस्था को आत्मसात करता है।

"धर्म है अपने 'स्व' को पहचानकर अपने चतुर्दिक फैले अज्ञान से ऊपर उठना और यह अनुभव करना कि उसका आत्म प्रकृति चिर आनन्दमयी है– दुख का आच्छादन मिथ्या है। धर्म किसी व्यक्ति विशेष या जाति विशेष के लिए नहीं, वह है सर्व सामान्य के लिए। श्री नारायण सिंह "हमारा धर्म और उसकी वैज्ञानिक रूपरेखा"

वाल्मीकि रामायण में धर्म का परिष्कृत रूप देखने को मिलता है। वे केवल राम अपितु प्रत्येक सात्विक पात्रों में धर्म निरपेक्षता का गुण विद्यमान है। रामो विग्रहवान धर्मः अर्थात् वे साक्षात् धर्म ही है। राजा दशरथ धर्मपाश से संयत्, धर्मविद्, विश्वामित्र, धर्मवित्, महाराजा सगर– धर्मात्मा और भरत धर्म में राम से भी बढ़कर कहे गए हैं–

रामादपि हि तं मन्ये धर्मतो बलवत्तरम (रामा0 2–12–62)

समाज में जो जितना उन्नत होता है, उससे उतने ही आचार–विचार की अपेक्षा की जाती है। स्वधर्म में तत्पर होने की प्रेरणा हमें रामायण से ही मिलती है।

ऋग्वेद के एक मन्त्र में तप से ऋत और सत्य को प्रसूत बताया गया है–

ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोध्यजायत् (ऋक 10–190–1)

जिस इस प्रकार धर्म आचार है जो मानवता और मानव के विश्व व्यवहार को धारण करने के कारण उनका आधार है उसी प्रकार ऋत और सत्य भी क्रमशः विश्वविधान और नैतिकता के आधार हैं।

बाह्य जगत की सारी प्रक्रिया विभिन्न प्रक्रिया विभिन्न प्राकृतिक नियमों के अधीन चल रही हैं। उन सारे नियमों में कोई विरोध एक रूपता या एक्य विद्यमान है इसी को ऋत कहते हैं। इस प्रकार मनुष्य के जीवन के प्रेरक जो भी आदर्श हैं उन सबका आधार सत्य है। अपने स्वरूप के प्रति सच्चा रहना यही वास्तविक धर्म हैं। वेद में प्रार्थना की गई– वाचः सत्यमशीय (युज0 39–4) अर्थात् मैं अपनी वाणी में सत्य को प्राप्त करूं। सत्येन सत्यम (युज0 20–12)

सत्य च में श्रद्धा च में ..... यज्ञेन कल्पताम्

मैं यज्ञ द्वारा सत्य और श्रद्धा को प्राप्त करू।

रामायणकार ने भी इस सन्दर्भ में कहा–

सत्यवादी हि लोकेश्स्मिन परं गच्छति चाक्षयम् (रामा0 2–109–11)

अर्थात् सत्यवादी पुरुष ही संसार में परम अक्षय पद को प्राप्त करता है। लोक में सत्य ही ईश्वर है। धर्म सदैव सत्य पर आश्रित रहता है। सत्य से बढ़कर कोई भी उत्कृष्ट वस्तु नहीं है। इस साधना द्वारा मनुष्य निर्विकार। निष्कलुष या निर्मल धर्म के आश्रित होता हुआ ऋषि रूपता प्राप्त करता है। एक स्थल पर कहा गया– मैं धर्म से उसी प्रकार विचलित नहीं हो सकता जैसे कि चन्द्रमा से उसकी कान्ति। (रामा0 1–39–28)

व्यक्तिगत, सामाजिक, राजनीतिक और पारिवारिक आदि सभी स्तरों पर धर्म आवश्यक है यथा– राजा के लिए प्रजा पालन, प्रजा के लिए राज भक्ति, भाई की भाई के प्रति प्रीति व त्याग, गुरुजनों का आदेश पालन, प्रतिज्ञा की पूर्ति, शरणागत वत्सलता, मित्रोपकार, पितृ निष्ठा, मातभक्ति, पति प्राणता सहित, वर्णाश्रम से सम्बद्ध सभी आचार व्यवहार धर्म के अन्तर्गत आते हैं। धर्म विहीन

व्यक्ति के लिए कोई भी विधान या व्यवस्था प्रभावकारी नहीं होती। कर्त्तव्य का निर्धारक भी धर्म होता है और इस दृष्टि से वह नैतिकता को आत्मसात करता है। जिस प्रकार प्रकाश अन्धकार को मिटा देता है उसी प्रकार धर्म अधर्म को विनष्ट कर देता है।

आचार संस्कार

जीवन की शुद्धता द्वारा मानवीय महान लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए हमारे चिन्तक ऋषियों ने आचार–विचार और संस्कार के विधान किए हैं। मन वाणी और कर्म की शुद्धता को यहाँ तप संज्ञा दी गई है। संस्कारों से मानव का अनगढ़पन दूर होता है। संस्कार हमारे अन्तरंग और बर्हिरग के परिष्कार है। शुद्ध आचार विचार से एक स्वस्थ एवं सन्तुलित व्यक्तित्व का निर्माण होता है। लोक की दृष्टि से उचित तथा शास्त्र सम्मत व्यवहार का नाम आचार है। मर्यादाहीन और पापाचार सम्मिलित व्यक्ति सत्पुरुषों के सम्मान का पात्र नहीं होता है। पुण्य और पाप हमारे कृत्यों के परिणाम होते हैं। शुभ कर्मों का फल पुण्य के रूप में और अशुभ कर्मों का फल पाप के रूप में उदित होता है। वाल्मीकि के अनुसार मनुष्य पहले पाप मन में धारण करता है, फिर उसे छिपाकर वाणी से झूठ बोलता है तथा शरीर के माध्यम से उस पाप को कार्य रूप में परिणत कर देता है–

कायेन कुरुते पापं मनसा सम्प्रधार्य तत।

अनृतं जिह्वा चाह त्रिविध कर्मपातकम्।। (वा0 रा0 2–109–21)

धर्म की अपेक्षा अर्थ की, और अर्थ की अपेक्षा काम की भूमिका गौण होती है। आलस्यहीन होकर धर्म और अर्थ का संग्रह करते हुए तदनुकुल काम का सेवन श्रेयस्कर होता है।

अभिप्राय यह है कि जिस कर्म में धर्मादि पुरुषार्थों का समावेश न हो उसे नहीं करना चाहिए। जिससे धर्म की सिद्धि हो उसी का आरम्भ करना चाहिए। जो केवल अर्थ परायण होता है वह लोक में सबके द्वेष का पात्र बन जाता है तथा धर्म विरुद्ध काम में आसक्त होना निन्दनीय होता है जो धर्म और अर्थ को छोड़कर केवल काम का सेवन करता है उसकी दशा वही होती है जो एक वृक्ष पर सोने वाले की जो नीचे लुढ़क कर गिरने पर ही जगता है–

हित्वा धर्म तथार्थं च कामं यस्तु निशेवते

स वृक्षाग्रे यथा सुप्तः पतितः प्रति बुध्येत।। (रामा0 4–38–21, 22)

मनुष्य चिन्तन और कार्य की अप्रतिम क्षमता लेकर उत्पन्न होता है। यदि वह निष्क्रिय पड़ा रहे तो जीवन और जगत प्रभाहीन हो जाए।

यद्यपि एक ओर आज हमारे सम्मुख अनेक समस्याए हैं किन्तु हमारी सफलताएं और योजनाए भी हैं। आज हमारा राष्ट्र भी बहुत बड़ा देश बन गया है। घर की दहलीज से कदम बाहर रखते ही विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति के प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे सामने आ जाता है। नए–नए स्कूल, कॉलेज तथा औद्योगिक संस्थान हमारे भीतर आशाओं का संचार करते दिखाई देते हैं। आज हमें मानव की सफलता सीढ़ी का अन्त नहीं दिखाई देता है। सफलता का सूरज हमारी आँखों को चकाचौंध कर रहा है। परन्तु फिर भी हमारे मन में कभी–कभी भयंकर आशंकाए भी जागती है। जिससे कोई भी विचार वान व्यक्ति का मन अशान्त हो जाता है। न जाने कब मनुष्य के पाप का घड़ा भर जाए और विनाशकारी बादल हमारी संस्कृति सभ्यता का अन्त कर इन्सान को शैतान बना डाले। एक ओर हमारी भव्य उन्नति है तो दूसरी ओर विकृष्ट घटनाओं का लेखा–जोखा, जिसके कारण शर्मसार होकर हमें समाचार पत्र को नीचे गिरा देना पड़ता है। हमारे दैनिक समाचार पत्र हमें समाज की यथार्थ जानकारी दे देते हैं। मानव मूल्यों का पतन होता देख मानव हतप्रद हो उठता है। कहाँ गए हमारे वे प्राचीन मानव मूल्य जिसके ऊपर हमें बहुत गर्व था। आज वे सभी लुप्त से हो गए हैं। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार समाज में मानों जीवन के अंग बन गए हैं। जातिवाद, कुलपक्षपात, भाई–भतीजावाद, बेईमानी आदि समाज के हर मोड़ पर सहज ही दृष्टव्य है। योग्य, कार्यकुशल और परिश्रमी व्यक्ति के प्रगति के द्वारा बन्द कर दिए जाते हैं जबकि सिफारिशी व्यक्ति आगे बढ़ जाते हैं। योग्यता का समाज में कोई महत्व नहीं दिखाई देता है।

समाज में अनेक समस्याओं और बुराइयों ने जन्म ले लिया है। प्रारम्भ से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा मानो अपूर्ण ही है। तभी तो स्कूल और कॉलेज में बिताये अपने जीवन के अनुभव पर एक नवयुवक स्नातक ने आज की शिक्षा पद्धति पर ये विचार व्यक्त किए–

आज भारतीय विद्यार्थी में जिस चीज की सर्वाधिक कमी है, वह है– एक आदर्श, जो उसके जीवन को एक ध्येय तथा कार्य को प्रोत्साहन दें। आज जो भयंकर

आशंका हमें होती है उसका कारण है कि आदर्श का स्थान भौतिक लाभ हानि ने ले लिया है।

स्पष्ट है– आज का युवक अपने को ऐसे स्थान पर खड़ा पाता है जहाँ एक ओर पूरब की खाई है तो दूसरी ओर पश्चिम का अजगर।

विद्यार्थियों में अनुशासन का अभाव है। माता–पिता सन्तान के भविष्य के प्रति चिन्तित और शंकालु हैं वे सोचते हैं कि अपने बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक प्रशिक्षण की कमी को वे कैसे पूरा करें।

एक स्नातक ने जो ऊँची सरकारी नौकरी में है वह भी शिकायत कर बैठता है कि अपनी शिक्षा के तमाम वर्षों में उसको एक बार भी कोई नैतिक शिक्षा सुचारू रूप से नहीं दी गई। जब उसने अपने को किसी, किसी स्थिति के सम्मुख पाया जो नैतिक निश्चय मांगती थी तो उसने पाया कि उसका कोई ऐसा सिद्धान्त न था जिसका आधार वह ले सकता था। उसने जीवन संघर्ष में अपने को अकेला तथा मार्ग दर्शक से दूर महसूस किया।

स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान सर्वत्र पूज्यते

विद्या से अनेक लाभ होते हैं। विद्यावान नम्रता से संयुक्त होकर योग्यता प्राप्त कर लेता हैं उपरान्त धन–धर्म और सुख आदि यथा–

विद्या ददाति विनय, विनयाद याति पात्रताम

पात्रत्वाद धनमाप्नोति धनाद् धर्म स्ततः सुखम्

विद्या विहीन को पशु तुल्य माना गया है। प्रत्येक मानव के लिए ज्ञान अर्जित करना श्रेष्ठ माना गया क्योंकि ज्ञानेन् अपवर्गः अर्थात् ज्ञान से मुक्ति मिलती है तो विपर्यात् बन्ध इष्यते अर्थात् विपयर्य अर्थात् अज्ञान से बन्धन मिलता है।

वेदो अखिलो धर्म मूलम् कहकर वेदो को धर्म का मूल कहा गया है। आचारः फलते धर्म उद्योगपर्व

अर्थात् आचार से ही धर्म फलीभूत होता है। आचारः परमो धर्मः कहकर आचरण की पवित्रता पर बल दिया गया। सदाचार के अन्तर्गत सत्यता, हितकार, प्रथाए तथा नैतिक व्यवहार का सन्निवेश होता है। दया, अनसूया, शुभ के प्रति प्रवृत्ति, दानशीलता, सम्यक श्रम और लोभहीनता आदि इसके अन्तर्गत आते हैं।

महाभारत में–

देशजाति कुलानां धर्मज्ञोश्स्मि जनार्दन

कहर देशधर्म, जाति धर्म और कुलधर्म की ओर संकेत किया गया, ये विशिष्ट धर्म कहे गए।

मानवता युक्त नैतिक धर्म से सम्बन्धित साधारण धर्म कहे गए। मानव मूल्यों का नियोजन संस्कृति में सत्य की महत्ता पर प्रकाश डाला गया– सत्य से व्यक्ति और समाज दोनों की उन्नति होती है। कठिन से कठिन परिस्थिति में भी सत्य का ही अवलम्बन लेना चाहिए–

सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यप्रियम्

प्रियं च नानृतं ब्रूयादेश धर्मः सनातनः।। मनु0 4–138)

सत्य बोले, प्रिये बोले, सत्य भी अप्रिय न बोलें और प्रिय भी असत्य न बोले– यही सनातन धर्म है।

अपनी इन्द्रियों पर नियन्त्रण रखने को ब्रह्मचर्य कहा गया। अनुशासन और संयम का जीवन उल्लेखनीय है। किसी को भी वाणी और कार्यों से हानि न पहुँचाना अहिंसा है।

अहिंसा परमो धर्मः सर्व प्राण भृतां वर (महा0 आदि पर्व 11–13)

मानव अपने अहिंसात्मक व्यवहार से सभी का प्रिय बनता है। न हिंसा अहिंसा – इस विग्रह के अनुसार हिंसा का अभाव अहिंसा है। हिंसा से सर्वत्र वैर का, अशान्ति का वातावरण निर्मित होता है। अहिंसा से बन्धुत्व, दया, अनुराग, प्रेम और शान्ति की वर्षा होती है।

भारतीय संस्कृति परोपकार की भी शिक्षा देती है। परोपकार सृष्टि का आधार है–

परोपकाराय फलन्ति वृक्षा, परोपकाराय वहन्ति नद्यः

परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थमिदं भारीरम्

(विक्रमोर्वशीयम्)

अपि च

परोपकाराय सतां विभूतयः

दम – अपनी इन्द्रियों को पूर्ण रूप से वश में करना दम या इन्द्रिय निग्रह है। इन्द्रियों के साथ मन को नियन्त्रित रखना भी आवश्यक है। प्रत्येक दृष्टि से संयमित

मानव ही प्रशंसनीय होता है अन्यथा आवागमन के चक्र में फंसकर मुक्ति प्राप्त करने में असमर्थ रहता है– कठोपनिषद में कहा गया–

आत्मानं रथी बिद्धि भारीरं रथमेव च

बुद्धि तु सारथिं बिद्धि मनः प्रग्रहमेव च।। (कठोपनिशद 1–3–3)

यमाचार्य कहते हैं – हे नचिकेता आप आत्म तत्त्व को रथी (स्वामी) शरीर को रथ, बुद्धि को रथ संचालक सारथि और मन को इन्द्रियों रूपी अश्वों की वश में करने वाली लगाम जाने।

क्षमा – व्यक्ति में क्षमा की भावना हो तो वह महान बन जाता है। मनुष्य का क्षमा धर्म उसकी विनम्रता का द्योतक है। यहाँ तक कि अपशब्दों का प्रयोग और अव्यवहार करने वाले के प्रति भी क्षमा युक्त होना चाहिए। वैदिक ऋषि भी कहते हैं–

श्रद्धयाग्निः समिध्यते श्रद्धया हूयते हविः

श्रद्धां भगस्य मूर्धति वचसा वेदयामसि।। (ऋ0 10/151/1)

अर्थात् श्रद्धा से ही अग्नि प्रदीप्त होती है। श्रद्धापूर्वक ही हवि दी जाती है; श्रद्धा सम्पूर्ण वैभव की शिरोमणि है। गीता में भी श्रद्धावान् लभते ज्ञानम (गीता 4/39) कहकर श्रद्धा के वैशिष्ट्य को प्रकट किया गया। श्रद्धया देयम अश्रद्धयाश्देयम् आदि मंत्र में दान में श्रद्धा के महत्व को प्रतिपादित किया गया है। (तैतिरीय् उ0 1/11/1) श्रद्धाहीन व्यक्ति यदि दान में प्रवृत्त हो तो निरर्थक है। मातृभूमि के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा गया–

माता भूमिः पुत्रो हं पृथित्याः (अथर्ववेद 12/1/12)

मातृ देवो भव, पित् देवो भव, आचार्य देवो भव आदि वचन भी माता पिता और आचार्य के प्रति श्रद्धा को प्रकट करते मनु कहते हैं–

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः

चत्वारि तथ्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्

अर्थात् श्रद्धावान व्यक्ति के आयु विद्या, यश और बल भी बढ़ते हैं। गुरुजनों को तिरस्कार करने वाले बहुत बड़े पाप के भागी बनते हैं।

मधुर वचन – अपने मधुर और प्रिय वचन से मनुष्य अपने विरोधियों को भी परास्त करने में सफल हो सकता है। मधुर वार्ता सबको आकृष्ट करती है।

शील – शीलवान पुरुष प्रशंसनीय होता है शीलं पर भूषणम् कहकर शीलता रूपी गुण की प्रशंसा की गई है। विचार, वाणी और कार्यों से जो शील युक्त होता है वही शील सम्पन्न माना जाता है। महर्षि वेद व्यास कहते हैं–

भीलेन हि त्रयो लोकाः भाक्या जेतुं न संशय (महाभारत)

अर्थात् भीलवान तीनो लोकों को जीतने में समर्थ होता है।

अतिथि सेवा – पंच महायज्ञों में अतिथि सवेा का अत्यन्त महत्व है।

धन्यं यशस्यमायुण्यं स्वर्ग्यं वाशतिथिपूजनम् (मनु 3–106)

अतिथि सेवा से आयु यश और स्वर्ग मिलता है। घर आए शत्रु की भी सेवा सुश्रुषा करनी चाहिए–

अरावप्युचितं कार्यं आतिथ्यं गृहमागते (महा0 भा0 पर्व0 146–5)

अतिथि का आदर सम्मान और सत्कार करना प्रत्येक व्यक्ति का परम कर्त्तव्य माना गया और उसे अतिथि धर्म कहा गया।

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक वर्ग के लिए अलग–अलग कर्त्तव्य और नियम निर्धारित किए हैं। उनका पालन और आदर करना सभी के लिए आवश्यक है। ब्राह्मण का प्रधान कर्त्तव्य–वेद पढ़ना–पढ़ाना, यज्ञ करना कराना आदि। क्षत्रिय का प्रजा की रक्षा करना, वैश्य के लिए पशुओं की रक्षा करना, कृषि कर्म करना आदि तथा शूद्र के लिए तीनों वर्णों की सेवा करना आदि आवश्यक कर्त्तव्य माने गए। प्राचीन काल में मनुष्य के जीवन को अनुशासित करने के लिए आश्रम व्यवस्था निर्धारित थी। मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन चार आश्रमों में विभाजित कर दिया गया था– ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास। ब्रह्मचर्य आश्रम में ब्रह्मचारी को निर्देश दिया गया कि वह गुरु के सान्निध्य में रखकर ज्ञान अर्जित करें; गृहस्थ का परम कर्त्तव्य था कि वह त्रिवर्ग का पालन करता हुआ गृहस्थ कार्यों को

करे। गृहस्थ जीवन से अवकाश लेकर वह वानप्रस्थ में प्रवेश करता था। मोहमाया का त्याग कर आध्यात्मिक जीवन जीना वानप्रस्थ था। वास्तव में यह सन्यास के लिए पृष्ठभूमि थी जिसमें वह संयम, त्याग, अनुशासन, तपश्चर्या का अभ्यास करता था।

नैतिक आदर्श और नियम युग के अनुसार परिवर्तित होते रहते हैं। सत्य युग में तप, त्रेता में ज्ञान, द्वापर में यज्ञ और कलि में केवल दान को ही धर्म कहा गया है।

मानवता एक ऐसा दिव्य गुण है जो मनुष्य को चिन्तन मनन की शक्ति प्रदान करने के साथ ही उसे कर्त्तव्य अकर्तव्य का बोध कराता है। मानव जीवन की सफलता के लिए अनुशासन परम आवश्यक है। अनुशासन एक ऐसी सफलता की कुंजी है जिसका आरम्भ से प्रयोग किया जाए तो हमारे जीवन रूपी स्वर्ग के द्वार सरलता से खुल सकते हैं।

आचारः परमो धर्मः कहकर आचरण की श्रेष्ठता पर बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति में मानव मूल्यों की शिक्षा निहित है। मानव मूल्यों को आचरण में समाहित कर ही मनुष्य श्रेय और प्रेम की प्राप्ति करते हुए परिवार, समाज, देश एवं राष्ट्र को उन्नत बना सकता है। मानव से उच्च विचार, नैतिकता और पवित्र आचरण की अपेक्षा की जा सकती है। वर्तमान में मानव जीवन आधारित मूल्यों में विकृति आई है। आज मानव जीवन संघर्ष, अशान्ति और अविश्वास से घिरा हुआ है। शान्ति, सौहार्द और भाईचारे का अभाव है। हमें फिर से पुरातन संस्कृति और शिक्षा के प्राचीनतम रूप को पहचानना है और साथ–साथ चलना है। तथा– सह नाववंतु सह नौ भुनक्तु सह वीर्य करवा वहै जैसी वैदिक भावना को अपनाना है। भारतीय संस्कृति में पल्लवित मानव मूल्यों पर आधारित शिक्षा ही सच्ची शिक्षा है।

भारत और भारतीयों की प्रशंसा करते हुए मैथिलीशरण गुप्त जी भी कह उठे–

हाँ वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है।

ऐसा पुरातन देश भी क्या विश्व में कोई और है?

भगवान की भवभूतियों का यह प्रथम भण्डार है।

विधि ने किया हर सृष्टि का पहले यहीं विस्तार है।

संक्षेप में ऋषियों द्वारा प्रदत्त आचार संहिता या जीवन दृष्टि का नाम है मानव मूल्य– जिससे मानव जीवन सार्थक बनता है।

असतो मा सद्गमय

तमसो मा ज्योतिर्गमय

मृत्योर्मा अमृतम् गमयेति (वृहदा0 1, 3, 28)

असत्य पर नहीं, सत्य पथ की ओर बढ़ो।

अन्धकार की ओर नहीं प्रकाश की ओर बढ़ो।

मृत्यु की ओर नहीं, अमृतत्व की ओर बढ़ो। इति भाम

सुविचार

किसी व्यक्ति की कोई बात बुरी लगे तो दो तरह से सोचो। यदि व्यक्ति महत्वपूर्ण है तो बात को भूल जाओ, और अगर बात महत्वपूर्ण है तो व्यक्ति को भूल जाओ

साहित्य की वर्तमान चुनौतियाँ भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में

प्रो० पुष्पा खण्डूरी

हिन्दी विभाग

साहित्य समाज का दर्पण है। दर्पण सदैव सत्य को दिखाता है और हर समाज की अपनी एक संस्कृति होती है। संस्कृति किसी समाज विशेष की जीवन –पद्धति होती है जो मूलतः उस समाज की जड़ों को उसकी जमीन से जोड़े रखती है। यह जितनी भौतिक स्थूल और पार्थिव दिखाई देती है उतनी आधिभौतिक सूक्ष्म और अपार्थिव भी। समाज के प्राणिमात्र के विचार कल्पना भाव चेष्टाएं आचरण सबका यही संश्लिष्ट बोध संस्कृति कहलाता है ।

काल – सागर की असंख्य लहरों के उत्थान पतन और तूफ़ानों के झंझावातों को पार कर जो साहित्य हम तक पहुँचता है वह अपने साथ–साथ तत्कालीन समाज की संस्कृति और परम्पराओं के अतिरिक्त उसके इतिहास, भूगोल एवं प्रकृति पर्यावरण को भी प्रतिबिम्बित करता है। समय – समय पर समाज और समाज के संस्कार तथाकथित जीवन –मूल्य भी परिवर्तित होते रहते हैं। इसलिए साहित्यकार की जिम्मेदारी भी सर्वांगीण होती है। क्योंकि मनुष्य की संस्कृति कुछ अर्थों में स्वअर्जित होती है किन्तु समाज की मूल प्रकृति परिवर्तनशील है। अतः संस्कृतियां भी कालान्तर में समाज की सुख – सुविधाओं में विस्तार के साथ , वैज्ञानिक आविष्कारों और यातायात के अत्याधुनिक संसाधनों की सहज सुलभता के कारण सुदूर जगत के रीतिरिवाजों से प्रभावित होती हैं तथा कभी – कभी उनकी नकल से अपने असल स्वरूप से दूर चली जाती हैं । हमारी भारतीय संस्कृति को भी कुछ ऐसी ही हवा लग चुकी है। एक सच्चा साहित्यकार विशेष रूप से अधिक संवेदन शील होता है तथा वह स्वयं को समाज का ठेकेदार या पहरेदार जैसा मानता है –

जो है उससे बेहतर चाहिए

पूरी दुनिया को साफ करने के लिए मेहतर चाहिए

उसके जन सरोकार लोकमंगल की कामना इतिहासकारों की जबाब देही उसकी जिम्मेदारियां और बढ़ा देती हैं। उन्हें निभाने हेतु साहित्यकार को अनेक चुनौतियां स्वीकार करनी पड़ती हैं।

वर्तमान समाज में यदि हम अपने देश के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान समाज का अवलोकन करें तो हमारे यहाँ जीवन मूल्यों में पाश्चात्य के अंधाधुंध अनुकरण से भारी गिरावट आई है । वैदिक संस्कृति से उपजी हमारी भारतीय –सभ्यता के जीवन –मूल्य उच्च कोटि के जीवन – मूल्य थे । ये भगवान राम कृष्ण और बुद्ध की धरती है । जिनके द्वारा समाज में सत्य ,धर्म , न्यायप्रियता, मानवता , अहिंसा और करुणा , प्रेम, संवेदना जैसे से उत्कृष्ट मानवीय जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा की गई थी। हमारा वैदिक वाङ मय उपनिषद, अन्य धार्मिक साहित्य ब्राह्मणग्रंथ, स्मृतियाँ , पुराण, श्रीमद्भगवद्गीता, बाल्मीकि रामायण , रामचरित मानस और पालि भाषा के साहित्य जातक एवं धम्मपद जैसे साहित्य से हमारा ये देश सदा स्वनाम धन्य देश रहा है।

किन्तु आज के हमारे समाज का यदि हम संस्कृति और सामाजिक उत्कृष्टता की दृष्टि से मूल्यांकन करें तो निश्चित ही मेरी दृष्टि में हमारा भारतीय समाज व संस्कृति पतनोन्मुखी हो रही है । परिवारिक अनुबंध टूट रहे हैं , रिश्ते तार – तार हो रहे हैं, धनलोलुपता बढ़ रही है। धर्म में स्वार्थपरता का बोलबाला बढ़ा है। धार्मिक परम्पराओं और नियमों की परिभाषा हर व्यक्ति अपनी सुविधा की दृष्टि से गढ़ने लगा है। विवाह जैसे पवित्र बंधन की नकारता, लिव–इन का फैशन, भाई – भाई का दुश्मन ,औलाद माता पिता की दुश्मन, बढ़ते वृद्धाश्रमों की संस्कृति, पति –पत्नी के बीच कोर्ट कचहरी मुकदमों की बढ़ती मुहिम, जैसे सांस्कृतिक परिहासों ने

समाज का ढ़ाँचा बिगाड़ कर रख दिया है। मुझे ये सब आधुनिकता के नाम पर प्रगति से अधिक विनाश के

लक्षण अधिक लगते हैं । आज संयुक्त परिवारों की सुन्दर भारतीय परम्परा टूट रही है एकल परिवार बढ़ रहे हैं । हमारे चाचा – चाची

बुआ, मौसी, मामा – मामी और दादा –दादी नाना – नानी सदृश प्यारे रिश्ते आंटी –अंकल में सिमट रहे हैं।

ऐसे में एक सच्चे साहित्यकारों के समक्ष ढ़ेरों चुनौतियाँ आ खड़ी हुई हैं। वह नए बदलते समाज को ही साहित्य में ज्यों का त्यों अपनाएँ अथवा समाज को पथभ्रष्ट होने से रोकें तथा लोक चेतना और लोक हिताय की बात करें । सामाजिक दायित्व बोध को जगाकर परिष्कार व लोकमंगल की भावना को साहित्यिक सरोकार मानते हुए उत्कृष्ट जीवन मूल्यों की स्थापना के गीत गाएँ ।

आनन्द मिश्र की कविता हिमालय के आँसू –1933 की इन पंक्तियों में आज साहित्यकार की पीड़ा और चेतना दृष्टब्य है–

बुद्ध गाँधी की तपस्या, सूर –तुलसी का तराना,

खाल खिंचवा दी इसे श्तबरेज श ने चाहा जगाना

युद्ध– हिंसा , पाशविकता का, घृणा का क्रम न बदला ।

चढ़ गए सूली सहज ईसा

मगर आदम न बदला ।

साहित्यकार की संवेदनाएँ सामन्यतः उसे उनका कर्तव्य – बोध कराती रहती हैं –

'मैं न सुन पाता, मगर संवेदना सब सुन रही है ,

अश्रु कितने गिन रही है,

दाह कितना, गुन रही है'

सच में साहित्यकार का सर्जनात्मक धर्म केवल समाज का कोरा यथार्थ प्रस्तुत करना ही नहीं अपितु इससे अधिक कुछ और भी है ।

उसे विघटित होते हुए श्रेष्ठ जीवन – मूल्यों के सामाजिक अवमूल्यन को भी रोकना है। उसे आधुनिक – पीढ़ी को सही दिशाबोध कराते हुए मार्गदर्शक की तरह आकाशदीप का कार्य भी करना है । जो कि विपरीत परिस्थितियों के चलते उसकी आज सबसे बड़ी चुनौती है।

इतिहास भी अपनी गवाही के लिए साहित्य की ओर अवश्य देखता रहता है यही कारण है कि अक्सर यह सुना जाता है कि अमुक घटना ,स्थान या व्यक्ति का सम्बन्ध रामायण काल से था या महाभारत युग का है आदि – आदि । समाज की आत्मा का शिल्पी होने के कारण साहित्यकारों पर ये विशेष दायित्व भी आ जाता है कि वे जो रच रहे हैं वह कल इतिहास का भी गवाह हो सकता है ।

निम्न पंक्तियों में भी इस आधुनिक युग के कवि श्री आनंद मिश्र ने आज के समाज की विडम्बना को इस प्रकार व्यक्त किया है –

धर्म ने चाहा भ्रमित नर का अँधेरा पथ बदल दे , कर्म ने चाहा हृदय की राह के कांटे कुचल दे ।

ज्ञान की गंगा बही ,इसके कलुष पर धुल न पाए,

अनसुनी कर बढ़ गया यह , दंभ की ग्रीवा उठाए ।

निर्वसन तन पर वसन, पर मन अभी तक निर्वसन है।

नग्न प्राणों पर न कोई भव्यता का आवरण है ।

तर्क है, श्रद्धा नहीं,

विश्वास का संबल नहीं है ,

आदमी के पास आज पावन प्यार का आँचल नहीं है।

आज भी जब हमारे देश में नारियों की अस्मिता पर संकट उभरता दिखता है कहीं दामिनी तो कहीं किसी नाबालिग से दरिंदगी जैसे कुत्सित काण्ड हो रहे हैं तो –

भारतीय पुरातन परंपरा का उद्घोष करते हुए श्री हरिवंशराय बच्चन जी की भारतीय समाज में नारी सम्मान की परम्परा का आइना प्रस्तुत करती ये पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं –

भारत की यह परंपरा है ,

जब नारी के बालों को खींचा जाता है ,,

धर्मराज का सिंहासन डोला करता है ,

क्रुद्ध भीम की भुजा फड़कती ।

गांडीव की प्रत्यंचा तड़पा करती है।

साहित्य की वर्तमान चुनौतियाँ भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में निश्चित ही एक विस्तृत विषय है। विस्तृत इस अर्थ में क्योंकि भारतीय साहित्य से हमारा आशय समस्त हिंदी और यहाँ के अहिंदी भाषी साहित्य से है । यही विविधता में एकता साहित्य के समान ही भारतीय संस्कृति की भी प्रमुख विशेषता है,जो पूरी तरह से एक – दूसरे में माला के विविध मुक्ताओं सदृश आपस ऐसे गुंथे हुए हैं जिन्हें एक दूसरे से अलग कर के देखना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है क्योंकि यह ऐसी भारतीय – जीवन – दृष्टि और विशेषता है जो भारत को विश्वगुरु बनने की दिशा में निरन्तर अग्रसर करती रही है। चुनौतियों से भरे इस भारतीय संस्कृति के विविध आयाम हमारी अमूल्य निधि एवं इस देश की बहुमूल्य थाती है जो यहाँ की सांस्कृतिक विरासत होने के कारण भारतीय साहित्य की विशेषता भी हैं और उसकी जरूरत भी और साहित्यकारों के लिए चुनौतियाँ भी।

हिंदी के पंडित फादर कामिल बुल्के

प्रो० राखी उपाध्याय
हिन्दी विभाग

विदेशी विद्वानों के भारत से प्रभावित होने की लंबी परंपरा रही है, जिनमें कई चीनी, अरबी, फारसी और योरपीय यात्री शामिल हैं। ऐसे ही एक यात्री थे फादर कामिल बुल्के, जो भारत आए तो यहीं के हो गए और हिन्दी के लिए वह काम कर गए, जो शायद कोई हिन्दुस्तानी भी नहीं कर सकता था। रॉची स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज में बुल्के ने वर्षों तक हिंदी का अध्यापन किया.

रामकथा के महत्व को लेकर बुल्के ने वर्षों शोध किया और देश–विदेश में रामकथा के प्रसार पर प्रामाणिक तथ्य जुटाए। उन्होंने पूरी दुनिया में रामायण के करीब 300 रूपों की पहचान की।

रामकथा पर विधिवत पहला शोध कार्य बुल्के ने ही किया है जो अपने आप में हिंदी शोध के क्षेत्र में एक मानक ह।

दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर नित्यानंद तिवारी कहते हैं, फादर कामिल बुल्के और मैंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक डॉक्टर माता प्रसाद गुप्त के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया था. मैंने उनमें हिंदी के प्रति हिंदी वालों से कहीं ज्यादा गहरा प्रेम देखा. ऐसा प्रेम जो भारतीय जड़ों से जुड़ कर ही संभव है. उन्होंने रामकथा और रामचरित मानस को बौद्धिक जीवन दिया.

बुल्के ने हिंदी प्रेम के कारण अपनी पीएचडी थीसिस हिंदी में ही लिखी

जिस समय वे इलाहाबाद में शोध कर रहे थे उस समय देश में सभी विषयों की थीसिस अंग्रेजी में ही लिखी जाती थी. उन्होंने जब हिंदी में थीसिस लिखने की अनुमति माँगी तो विश्वविद्यालय ने अपने शोध संबंधी नियमों में बदलाव लाकर उनकी बात मान ली। उनकी थीसिस के पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, बाल्मीकी रामायाण, महाभारत की रामकथा, जैन रामकथा तथा बौद्ध रामकथा का विशद अध्ययन मिलता है। उनके अतुलनीय योगदान के लिए सन् 1974 में भारत सरकार ने उन्हे देश के तीसरे सर्वोच्य नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित किया। उसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी हिंदी में थीसिस लिखी जाने लगी।



उन्होंने एक जगह लिखा है, मातृभाषा प्रेम का संस्कार लेकर मैं वर्ष 1935 में रॉची पहुँचा और मुझे यह देखकर दुख हुआ कि भारत में न केवल अंग्रेजों का राज है बल्कि अंग्रेजी का भी बोलबाला है। मेरे देश की भाँति उत्तर भारत का मध्यवर्ग भी अपनी मातृभाषा की अपेक्षा एक विदेशी भाषा को अधिक महत्व देता है. इसके प्रतिक्रिया स्वरूप मैंने हिंदी पंडित बनने का निश्चय किया।

विदेशी मूल के ऐसे कई अध्येता हुए हैं जिन्हें इंडोलॉजिस्ट या भारतीय विद्याविद् कहा जाता है. उन्होंने भारतीय भाषा, समाज और संस्कृति को अपने नजरिए से देखा–परखा। लेकिन इन विद्वानों की दृष्टि ज्यादातर औपनिवेशिक रही है और इस वजह से कई बार वे ईमानदारी से भारतीय भाषा, समाज और संस्कृति का अध्ययन करने में चूक गए। बुल्के ने भारतीय साहित्य और संस्कृति को उसकी संपूर्णता में देखा और विश्लेषित किया।



जीवन यात्रा

बेल्जियम के फलैण्डर्स प्रांत के रम्सकपैले नामक गाँव में एक सितंबर 1909 को फादर कामिल बुल्के का जन्म हुआ।

लूवेन विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज में बुल्के ने वर्ष 1928 में दाखिला लिया. इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने संन्यासी बनने का निश्चय किया।

इंजीनियरिंग की दो वर्ष की पढ़ाई पूरी कर वे सन् 1930 में गेन्त के नजदीक ड्रॉदंग्न नगर के जेसुइट धर्मसंघ में दाखिल हो गए। जहाँ दो वर्ष रहने के बाद आगे की धर्म शिक्षा के लिए हॉलैंड के वाल्केनबर्ग के जेसुइट केंद्र में चले गए। यहाँ रहकर उन्होंने लैटिन, जर्मन और ग्रीक आदि भाषाओं के साथ–साथ ईसाई धर्म और दर्शन का गहरा अध्ययन किया।

वाल्केनबर्ग से सन् 1934 में जब बुल्के लूवेन की सेमिनरी में वापस लौटे, तब उन्होंने देश में रहकर धर्म सेवा करने के बजाय भारत जाने की अपनी इच्छा जताई।

सन् 1935 में वे भारत पहुँचे जहाँ पर उनकी जीवनयात्रा का एक नया दौर शुरू हुआ। शुरूआत में उन्होंने दार्जिलिंग के संत जोसेफ कॉलेज और गुमला के एक मिशनरी स्कूल में विज्ञान विषय के शिक्षक के रूप में काम करना शुरू किया।

लेकिन कुछ ही दिनों में उन्होंने महसूस किया कि जैसे बेल्जियम में मातृभाषा फ्लेमिश की उपेक्षा और फ्रेंच का वर्चस्व था, वैसी ही स्थिति भारत में थी जहाँ हिंदी की उपेक्षा और अंग्रेजी का वर्चस्व था।

सन् 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उन्होंने हिंदी साहित्य में एम.ए. किया और फिर वहीं से 1949 में रामकथा के विकास विषय पर पीएच.डी. की जो बाद में 'रामकथाः उत्पत्ति और विकास' किताब के रूप में चर्चित हुई।

राँची स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभाग में वर्ष 1950 में उनकी नियुक्ति विभागाध्यक्ष पद पर हुई। इसी वर्ष उन्होंने भारत की नागरिकता ली।

सन् 1968 में अंग्रेजी हिंदी कोश प्रकाशित हुआ जो अब तक प्रकाशित कोशों में सबसे ज्यादा प्रामाणिक माना जाता है. मॉरिस मेटरलिंक के प्रसिद्ध नाटक 'The Blue Bird' का नील पंछी नाम से बुल्के ने अनुवाद किया। इसके अलावा उन्होंने बाइबिल का हिंदी में अनुवाद किया। उन्होंने लगभग 29 पुस्तकें लिखीं।

भारत सरकार ने सन् 1974 में उन्हें पद्मभूषण दिया.

दिल्ली में 17 अगस्त 1982 को गैंग्रीन की वजह से उनका देहावसान हुआ।

बुल्के आजीवन हिन्दी की सेवा में जुटे रहे। हिन्दी–अँगरेजी शब्दकोश के निर्माण के लिए सामग्री जुटाने में वे सतत प्रयत्नशील रहे। आज उनका शब्दकोष सबसे प्रामाणिक माना जाता है। उन्होंने इसमें 40 हजार शब्द जोड़े और इसे आजीवन अद्यतन भी करते रहे। बाइबल का हिन्दी अनुवाद भी किया।

फादर बुल्के ने कहा है, कि 1938 में मैंने हिन्दी के अध्ययन के दौरान रामचरित मानस तथा विनय पत्रिका का परिशीलन किया। इस अध्ययन के दौरान रामचरित मानस की ये पंक्तियाँ पढ़कर अत्यंत आंनद का अनुभव हुआः

धन्य जनमु जगतीतल तासू।

पितहि प्रमोद चरित सुनि जासू।

चारि पदारथ करतल ताके।

प्रिय पितु–मातु प्रान सम जाके।

हिंदी कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन

डॉ. निशा वालिया

एसो॰ प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

समस्त भारतीय भाषाओं का साहित्य इस बात का साक्षी है, कि ग्रामीण जीवन की अभिव्यक्ति के बिना उसका कोई अस्तित्व नहीं है। हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है इस नाते भारत की आत्मा है। यह आत्मा जब ग्रामीण जीवन के माध्यम से अभिव्यक्त होती है, तो प्रकृति और संस्कृति का संगम दिखायी देता है और यही संगम हिंदी–साहित्य को एक नया रूप देता है। हिंदी साहित्य में ग्रामीण जीवन पूरी तरह से प्रवाहमान है। यही कारण है, कि हिंदी के कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन की भव्यता है, रम्यता है, आकर्षण है और एक आदिम पवित्रता है। जहाँ गाँव है, वहीं निश्छलता है, वहीं ताजगी है, वहीं सुंदरता है और वहीं पर वास्तविक आनन्द है।

धरती और किसान का अटूट रिश्ता है, वह अपनी जमीन से सबसे ज्यादा लगाव रखता है। वही उसका सब कुछ है। हिंदी कथा–साहित्य में ग्रामीण जीवन की विभिन्न छवियों का प्रामाणिक चित्रण समय–समय पर हुआ है। प्रेमचन्द ने अपनी रचनाओं के माध्यम से ग्रामीण जीवन को साहित्य में एक विशेष स्थान दिया है, क्योंकि उन्होंने ग्रामीण जीवन को उन्होंने बहुत करीब से देखा था। प्रेमचन्द के बाद ग्रामीण जीवन पर बहुत से लेखकों ने उपन्यास और कहानियाँ लिखीं, जो साहित्य के लिए मील का पत्थर साबित हुईं। साहित्यकारों ने विभिन्न विधाओं में ग्रामीण जीवन का सृजन कर हिंदी साहित्य को एक व्यापक परिवेश प्रदान किया।

हिंदी–साहित्य के क्षेत्र में कहानी और उपन्यास महत्वपूर्ण विधा के अन्तर्गत आते हैं। कहानी तथा उपन्यासों में चित्रित आंचलिकता एक नवीनतम प्रवृत्ति के रूप में अग्रण्य है। ग्रामीण कथा–साहित्य की परम्परा का नवीन रूप में विकास स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हुआ, जिसके कारण अनेक उत्कृष्ट कथा साहित्य की रचना हुई। ग्रामीण प्रवृत्ति की उद्भावना प्रेमचन्द से पूर्व ही हो चुकी थी, परन्तु उसका समुचित विकास स्वतंत्रता के बाद हुआ।

ग्रामीण जीवन से जुड़े कथा–साहित्य के क्षेत्रीय परिवेश में वहाँ के जन–जीवन, आचार–विचार, संस्कृति, भाषा, धर्म और संस्कारों का परिचय दिया जाता है। स्थानीय रंग का समावेश भी कथा साहित्य में समुचित रूप से हुआ है। हिंदी कथा–साहित्य को समृद्ध बनाने में नयी और पुरानी पीढ़ी के साहित्यकारों का योगदान है।

स्वतंत्रता के पश्चात् आंचलिक जीवन जहाँ एक ओर प्राचीन परम्पराओं और रूढ़ियों से प्रतिबद्ध है, वहीं दूसरी ओर अनेक सुधारवादी आन्दोलनों के फलस्वरूप उसमें नवचेतना का अभ्युदय भी हुआ है। हिंदी के कथा साहित्यकारों ने ग्रामीण जीवन के प्रत्येक पहलू को छुआ है। इन्होंने जहाँ ग्राम्य जीवन की अशिक्षा, गरीबी, अंधविश्वास, शोषण, छुआ–छूत जैसी कुरीतियों पर प्रहार किया, वहीं इसके सीधे, सरल एवं निष्कलुश जीवन पर भी लेखनी चलाई। ग्रामीण रीति–रिवाज पर्व, उत्सव एवं त्यौहारों की विविधता, लोकनृत्यों, लोकगीतों की विविधता के साथ–साथ विविध ग्रामीण जीवन मूल्यों का उद्घाटन किया है।

हिंदी कथा–साहित्य में ग्रामीण प्रवृत्ति के पोषण में योग देने वाले लेखकों में नयी और पुरानी दोनों ही पीढ़ियों के कथाकार हैं। इस क्षेत्र में जहाँ एक ओर प्रेमचन्द, फणीश्वरनाथ रेणु, नागार्जुन, देवेन्द्र सत्यार्थी, राजेन्द्र अवस्थी, शैलेश मटियानी, अमृतलालनागर, रांगेयराघव, उपेन्द्रनाथ अश्क, उदयशंकर भट्ट, वृन्दावनलाल वर्मा, हिमांशु जोशी, रामदरश मिश्र, शिवप्रसाद सिंह, राही मासूम रजा, कृष्णा सोबती, नरेश मेहता, श्रीलाल शुक्ल आदि अनेक कथाकारों ने ग्रामीण अंचलों का बहुपक्षीय चित्रण किया है।

हिंदी कथा साहित्य में प्रेमचन्द द्वारा रचित 'गोदान' भारतीय ग्रामीण जीवन की त्रासदी का एक जीता जागता उदाहरण है। जिसमें महाजन, सरकारी तंत्र, पण्डे–पुजारी, साहूकार आदि अपने–अपने तरीके से गोदान के नायक होरी का शोषण करते हैं। होरी मजबूर भारतीय किसान का प्रतीक पात्र है। वह किसान कर्ज में जन्म लेता है और कर्ज में ही मर जाता है। प्रेमचन्द के प्रेमाश्रम तथा वृन्दावन लाल वर्मा के मृगनयनी उपन्यास में भी समाज के धनाढ्य वर्ग से त्रस्त किसान की मनोव्यथा को उजागर किया गया है।

'मृगनयनी' उपन्यास में मौसम की मार से त्रस्त किसान

की पीड़ा का एक उदाहरण– "फसल काटकर गड्डों में रखने की जल्दी थी पर अन्न अभी तक कहीं–कहीं हरा था..... हरी घास को कैसे काटूं?"

'नागार्जुन' के उपन्यासों में भी किसानों की समस्या का चित्रण है। लोक–संस्कृति के पुरोधा विवेकी राय ने 'नमामि ग्राम' के माध्यम से बताया है, कि गाँव की भोली–भाली जनता का कोपरेटिव सोसाइटी के लोग किस प्रकार शोषण करते हैं। 'शिवप्रसाद सिंह' के 'शैलूश' तथा फणीश्वरनाथ रेणू के 'मैला आंचल' उपन्यास जिसे ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहा जाता है, में भी ग्राम्य–जीवन के विविध रूपों का कुशल चित्रण हुआ है जैसे– 'भूमि जोतने वाले की नहीं जमींदार की है।' इसी उपन्यास की भूमिका में रेणू ने लिखा है– कि इसमें फूल भी है, शूल भी, धूल भी है, गुलाल भी, कीचड़ भी है, चंदन भी, सुन्दरता भी है, कुरूपता भी, मैं किसी से भी दामन बचाकर निकल नहीं पाया।" रेणु की इस रचना के उपरान्त एक विशेश आकर्षण ग्रामीण–जीवन की ओर रचनाकारों में जागा। आँचलिक साहित्यकारों ने विशिष्ट भूखण्डों को अपने अनुभव की गहराई से संजोकर ग्रामीण जीवन के तार–तार को अति सूक्ष्मता से रूपायित करने का प्रयास किया है। गाँव की सीमा से बन्धे पात्र, स्वछन्द प्रकृति की गोद में मिट्टी और धूल से सने अपने ही दुःख दर्द की बहुरँगी धूप–छाँह में पनपते, पोषित होते पाए गए हैं।



राजकुमार राकेश के 'कंदील', संजीव के 'फाँस' उपन्यास में कर्ज में डूबे किसानों की आत्महत्या का जिक्र है। समाज की यथार्थ दृष्टि के प्रकाश में कथा लेखकों ने सफलता पूर्वक ग्राम्य–समाज की सम्पूर्णता का खाका खींचा है। हिंदी कथा लेखकों ने ग्रामीण कथा–साहित्य को मर्मस्पर्शी भूमिकाओं तक पहुँचाया और वे इस परिवेश को पूर्ण विविधता के साथ चित्रित करने में सक्षम रहे। 'नागार्जुन' ने अपने उपन्यासों में ग्रामीण जीवन में नयी चेतना का अंकन पात्रों के माध्यम से किया। उनके पात्र मूल्यों के लिए संघर्ष करते हैं। 'वरुण के बेटे' में अनपढ़ स्त्रियाँ भी राजनीति को समझती हैं।

ग्रामीणों का जीवन काफी लम्बे समय तक सामन्तशाही के निर्मम शोषण का शिकार रहा है। पीढ़ी–दर–पीढ़ी पेट की खातिर जीविकोपार्जन हेतु अनैतिक एवं निकृष्ट साधनों को अपनाने के लिए विवश ग्रामीणों के जीवन का यथार्थ रूप कथा–साहित्य में दिखायी देता है।

कथा साहित्यकार यदि ग्राम्य जीवन की सच्चाई का भुक्त भोगी रहा हो, तो ग्राम्य जीवन की खास महक मिट्टी को पहचान सकता है। भोले–भाले ग्रामीण जिनको रहने के लिए घर और पहनने के लिए ढंग के कपड़े नहीं हैं फिर भी सीमित संसाधनों में वे लोग त्यौहार, मनोरंजन, लोकगीतों के माध्यम से सहज ही एक अनोखी अनुभूति प्रदान करते हैं। उनके छोटे से जीवन में व्यापक गहराई है अर्थात् चित्रफलक सीमित है, किन्तु चित्रकारी विशाल एवं चित्र के रंग गहरे हैं।

हिंदी कथा–साहित्य ग्रामीण समाज की समस्याओं की नींव पर खड़ा है। अन्याय, अत्याचार, बाल–विवाह, बहु–विवाह, दहेज प्रथा, पर्दा–प्रथा, सतीप्रथा एवं विधवाओं की समस्याओं और कुरीतियों ने पात्रों के व्यक्तित्व विकास के सभी मार्गों को अवरुद्ध किया हुआ था। ग्रामीण परिवेश में उच्च वर्ग की विलासिता तथा निम्न वर्ग के जीवन संघर्श को दर्शाती प्रेमचन्द की कहानियाँ निम्न वर्ग की व्यथा का सजीव अंकन करती हैं।

पूस की रात कहानी में हलकू की स्त्री मुन्नी का कथन गरीबी की मार से त्रस्त जीवन को दर्शाता है– "हल्कू ने आकर स्त्री से कहा 'सहना आया है। लाओ जो रुपये रखे हैं, उसे दे दूँ, किसी तरह गला तो छूटे।"

मुन्नी झाड़ू लगा रही थी। पीछे फिर कर बोली, "तीन ही रुपये हैं, दे दोगे, तो कम्मल कहाँ से आवेगा? माघ–पूस की रात घर में कैसे कटेगी?"

'कफन' कहानी के पात्र इतने गरीब हैं, कि माधव की पत्नी



मर जाने पर वह उसके लिए कफन और लकड़ी भी नहीं जुटा पाते। 'ठाकुर का कुआँ', 'घासवाली', 'सवासेर गेहूँ', 'पंच परमेश्वर', 'मंत्र' आदि अनेक कहानियाँ ग्रामीण परिवेश को दर्शाती है। प्रेमचन्द के आगमन के पश्चात् हिंदी कहानी में ग्रामीण परिवेश पर कहानियाँ लिखने की होड़ सी लग गई। फणीश्वरनाथ रेणु की 'तीसरी कसम', 'मारे गए गुलफाम', शैलेश मटियानी की 'दो दुखों का एक सुख', 'प्यास', शिव प्रसाद सिंह की 'अंधेरा हंसता है', 'मुरदा सराय' राजेन्द्र अवस्थी की 'पीढ़ियाँ' मधुकर गंगाधार की 'कलंक', 'ढ़िबरी' तथा हिमांशु जोशी की 'एक वट वृक्ष था', 'परती और परदेश' आदि अनेक कहानियाँ ग्रामीण परिवेश के मार्मिक चित्र प्रस्तुत करती हैं। इन कहानियों में अँचलों में प्रयुक्त होने वाले विविध संस्कारों का कुशलता के साथ अंकन किया गया है।

हिमांशु जोशी द्वारा रचित 'तरपन' कहानी रूढ़िग्रस्त तथा अंधविश्वासों में जकड़े भारतीय समाज का पाखंडी धर्माचारियों द्वारा शोशण का भंडा फोड़ करती है। इसमें गरीब मधुलि से पिंडदान, गऊदान तथा दान दक्षिणा की माँग की जाती है। लेखक ने तुलसा की मृत्यु तथा कथित तेरहवीं पर होने वाले पिंडदान को लेकर सामाजिक व्यवस्था में व्याप्त अंधविश्वासों पर करारा व्यंग्य किया है।

पंडित ने कहा कि क्रिया–करम की बाती बुझने से बड़ा अपशगुन होता है ..... गरुड़ पुराण के अनुसार कम से कम अपनी पहुँच के हिसाब से पाँच पिंडदान, पाँच गोदान, पाँच ब्राह्मण, पाँच कुवाँरियों के पाँव तो पूजने ही पडेंगे।

गरीबों के वकील के नाम से प्रसिद्ध प्रेमचन्द एवं अन्य आंचलिक कथाकरों का आंचलिक साहित्य ग्राम्य–जीवन का स्पष्ट आईना है। आदर्श एवं यथार्थ का मणिकांचन संयोग जहाँ एक ओर ग्राम्य जीवन में व्याप्त रूढ़ियों, अन्धविश्वासों एवं विकृतियों के प्रति गूढ़ व्यंग्य है वहीं समाज के शोषक एवं पूंजीपति वर्ग के प्रतिनिधि महाजनी सभ्यता की दमनकारी नीतियों का सच भी उजागर करता है। नैतिक मानवीय जीवन–मूल्यों के जिस विघटन को कथा साहित्यकारों ने अपनी सहज और सरल भाषा में ग्राम्य–जीवन में दिखाया है वह आज के परिवेश में भी प्रासंगिक है। भले ही आज वर्गीय दिखावे (हिपोक्रेसी) एवं साइबर–क्रान्ति के युग में उसके स्वरूप में परिवर्तन आया किन्तु जिस संतुष्ट सुखी एवं उत्कृष्ट जीवन मूल्यों का स्वप्न इन आंचलिक साहित्यकारों ने देखा था वह अभी भी सच से कोसों दूर है। हिन्दी साहित्य में चित्रित ग्राम्य–जीवन शाश्वत सत्य की संवेदना है, सृष्टि विकास

महिला सशक्तिकरण : महिला शिक्षा के विकास के संदर्भ में

डॉ. सविता राजपूत

एसोसिएट प्रोफेसर, समाज शास्त्र विभाग

किसी देश की आर्थिक–सामाजिक संरचना में जब विकास रूपी बीज डाले जाते है, प्रगति की सिंचाई की जाती है। बुद्धिरूपी खाद का उपयोग किया जाता है तो संरचना में नयी फसल एक नयी सोच को लेकर आती है, देश के आर्थिक विकास को विभिन्न योजनाओं द्वारा एक आकार दिया गया है। आर्थिक–सामाजिक विकास और प्रगति को लोकतंत्रीय राजनीतिक मॉडल से निर्मित किया गया हैं। किन्तु आज भी हम यह महसूस कर रहे हैं कि आधी जनसंख्या का यदि समुचित विकास नहीं हुआ तो प्रगति नहीं हो सकती है। स्त्री–पुरुष की विकास के कार्यों में सहभागिता ही देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है। इस दृष्टि से स्त्री और पुरुष के मध्य शक्ति का सन्तुलन होना अत्यन्त आवश्यक है, इसके लिए आवश्यक है कि महिला को प्रत्येक दृष्टि से सक्षम, योग्य शिक्षित और प्रगतिशील बनाया जाए।

महिला सशक्तिकरण शब्द से ही यह चिन्तन प्रारम्भ होता है कि क्या वास्तव में महिलाएँ एक निर्बल वर्ग का भाग है जो उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता है प्रकृति ने तो महिलाओं को शारीरिक रूप से पुरुषों की तुलना में अधिक प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने, सृष्टि की जननी का महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। आज का समाज यह समझ चुका है, कि विकास के कार्य में महिलाओं की सहभागिता के बिना वांछित लाभ प्राप्त करना अत्यन्त कठिन है।

महिला सशक्तिकरण की अवधारणा बहुअर्थ है, जिसके आयाम भी बहुकोणीय है, किसी एक दृष्टि अथवा उसके व्यक्तितत्व के किसी एक पहलू से शक्तिशाली नहीं बनाया जा सकता है। उसका सर्वांगीण विकास करके ही देश की मुख्य धारा से उसे जोड़ा जा सकता है, उसे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाकर उसमें आत्मविश्वास जगाया जा सकता है, क्योंकि शताब्दियों से वह पुरुषों की मुखापेक्षी रही है, आश्रित रही है, उसने गुलामी जैसा जीवन व्यतीत किया है।

प्रतापमल देवपुरा के अनुसार – "महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य है सामाजिक सुविधाओं की उपलब्धता, राजनीतिक और आर्थिक नीति निर्धारण में भागीदारी, समान कार्य के लिए समान वेतन, कानून के तहत सुरक्षा एवं प्रजनन अधिकारों आदि को इसमें सम्मिलित किया जाता है, महिलाओं को जागरूक करके उन्हें आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य सम्बन्धित साधनों को उपलब्ध कराया जाए ताकि उनके लिए सामाजिक का लक्ष्य हासिल हो सके। सशक्तिकरण का अभिप्राय सत्ता प्रति में स्त्रियों की साझेदारी से भी है, क्योंकि निर्णय लेने की क्षमता सशक्तिकरण का बड़ा मानक है।" महिला सशक्तिकरण के बहुत से बहुकोणीय आयाम है, वे सभी महिला को सक्षम, योग्य, बुद्धिमान, संघर्षशील और एक पूर्ण महिला गढ़ने में सहायक है।

वैदिक काल से ही शिक्षा को वह प्रकाश माना गया है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रकाशित करने की क्षमता रखता है। इसीलिए विद्वानों ने शिक्षा को 'तीसरा नेत्र

(ज्ञानम् तृतीयम् नेत्रम्) भी कहा है। स्वतन्त्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम ने 1948 में एक शिक्षा सम्मेलन में कहा था "बुनियादी शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है क्योंकि इसके बिना वह बतौर नागरिक जिम्मेदारियाँ बखूबी नहीं निभा सकता।"

व्यक्ति, समाज और देश के विकास में भी शिक्षा की भूमिका को अंगीकार करते हुए शिक्षा को विकास की सीढ़ी, परिवर्तन को माध्यम और आशा के अग्रदूत के रूप में परिभाषित किया है। राष्ट्र प्रणेता स्वामी विवेकानन्द ने

भारत में महिला साक्षरता

वर्ष	कुल साक्षरता	महिला साक्षरता दर (प्रतिशत में)
1951	18.30	8.86
1961	28.31	15.34
1971	34.45	21.97
1981	43.56	29.75
1991	52.21	39.29
2001	64.83	53.67
2011	74.04	65.46

शिक्षा के महत्व की प्रतिपादित करते हुए कहा है कि– "राष्ट्रीय शिक्षा की अवहेलना पाप है, साक्षरता से महिलाओं और कमजोर वर्गों को समर्थ बनाया जा सकता है।"

व्यक्ति, समाज और देश के विकास में भी शिक्षा की भूमिका को अंगीकार करते हुए शिक्षा को विकास की सीढ़ी, परिवर्तन का माध्यम और आशा के अग्रदूत के रूप में परिभाषित किया है। राष्ट्र प्रणेता स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा है कि "राष्ट्रीय शिक्षा की अवहेलना पाप है, साक्षरता से महिलाओं और कमजोर वर्गों को समर्थ बनाया जा सकता है।"

महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण का प्रथक और मूलभूत साधन शिक्षा है। अब यह तथ्य माना जाने लगा है कि शिक्षा ही वह उपकरण है जिससे महिला समाज में अपनी सशक्त, समान व उपयोगी भूमिका को दर्ज करा सकती है। शिक्षित महिला से सम्पूर्ण परिवार, समाज देश व विश्व को लाभ मिलता है। महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन लाना अत्यन्त आवश्यक है, ताकि विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व का बुद्धि का विकास कर उसे आर्थिक, राजनैतिक व सांस्कृतिक कार्यों को सम्पन्न करने के योग्य बनाती है। शिक्षा के आधार पर व्यक्ति में दक्षता, कौशल, ज्ञान एवं क्षमताओं का विकास होता है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं लाभान्वित होती हैं, बल्कि उससे भावी पीढ़ी भी लाभान्वित होती हैं। शिक्षा किसी भी प्रकार के कौशल की प्राप्ति एवं विवेकपूर्ण दृष्टिकोण के विकास के लिए पूर्णतया आवश्यक है। महिलाओं की शिक्षा से उनका शेषण रोकने में सहायता मिलेगी। निर्णय लेने की क्षमता सशक्तिकरण का एक बड़ा मानक है। शिक्षा का निर्णय लेने की क्षमता से घनात्मक एवं सार्थक सम्बन्ध है। शिक्षा द्वारा महिलाओं के विभिन्न विषयों जैसे धर्म, समाज, आर्थिक एवं स्वास्थ्य पक्ष एवं राजनीति में आने वाले परिवर्तनों के बारे में जानकारियाँ प्राप्त करना आवश्यक है। न्यून शैक्षिक स्तर का सीधा प्रभाव इस मानव पूँजी अर्थात् महिला का निम्न स्तरीय विकास, कुशलता का निम्न स्तर तथा श्रम बाजार में न्यून भागीदारी। महिलाओं की वास्तविक स्थिति से व्यक्ति परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय देश की अधिकांश महिलाएँ निरक्षर, रूढ़िवादी व परम्परागत बन्धनों में बंधी हुयी थी। शिक्षा के महत्त्व को दृष्टिगत रखते हुए स्वतन्त्रता के पश्चात् देश में पूर्ण साक्षरता की लक्ष्य प्राप्ति हेतु संविधान लागू होने के दस वर्षों के दौरान चौदह वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया। स्वतन्त्रता के उपरान्त वर्ष 1951 में महिलाओं की साक्षरता दर 8.86 प्रतिशत थी, जो सन् 2011 में बढ़कर 65.46 प्रतिशत हो गयी।

इस समय भी लगभग 45.84 प्रतिशत महिलाएँ साक्षर नहीं हैं, स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों में भी बालिकाओं की संख्या अधिक है। प्राइमरी स्तर पर लगभग 42 प्रतिशत बालिकाऐं स्कूल छोड़ देती है। बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान ऐसे राज्य हैं, जहाँ एक ओर लड़कियों की नामांकन दर कम है, वहीं दूसरी ओर उनके स्कूल छोड़ने की दर भी अधिक हैं।

स्वतन्त्रता के पश्चात् महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर गंभीरता से विचार किया गया अनेक कार्यक्रम उनको केन्द्र में रखकर बनाए गये, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके, देश की आधारभूत संरचना में स्त्री शिक्षा की अपेक्षा करके संतुलित विकास और प्रगति सम्भव नहीं। बालिकाओं की शिक्षा के लिए अनेक तरह के स्कूल कॉलेज और महिला विश्वविद्यालय भी स्थापित किए गये। शिक्षा बहुआयामी बन गयी, प्रारंभिक शिक्षा के लेकर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा प्रौद्योगिकी शिक्षा के लेकर विज्ञान और व्यावसायिक शिक्षा तक लड़कियाँ आज शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। अनु. 15 (3 व 4) में महिलाओं, बच्चों

और सामाजिक तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के लिए शिक्षा की समुचित की गयी है।

सर्वशिक्षा अभियान एवं राष्ट्रीय बालिका शिक्षा कार्यक्रम शिक्षा कार्यक्रमों में सबसे महत्वपूर्ण स्थान लिए हुए हैं। महिला शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है हाशिये पर खड़ी महिलाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न करना उन्हें स्वावलंबी बनाना एवं देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ना। शिक्षा बालिकाओं व महिलाओं के समाजीकरण का प्रथम कदम है। महिला सामाख्या कार्यक्रम (महिलाओं की समानता हेतु शिक्षा) ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली विशेषकर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस शैक्षिक कार्यक्रम के द्वारा महिलाओं में जो आर्थिक सामाजिक रूप से पिछड़ी हुयी एवं उपेक्षित हैं। सुविधाओं से वंचित है। इन्हें सक्षम और योग्य बनाना है जिससे वे शोषण, दमन उत्पीड़न आदि के विरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सके। महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को महसूस कर सके।

महिला सशक्तिकरण को शक्ति प्रदान करने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि युवा महिला एवं बालिकाओं को सामाजिक सुरक्षा व शिक्षा प्रदान की जाए। उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए। वर्तमान समय में भी स्त्री–पुरुष के मध्य जो अनंतकाल से चली आ रही असमानताएं हैं, पूर्वाग्रह है रूढियाँ व परम्पराएँ हैं उन्हें समाप्त करने के लिए शिक्षा का विकास, प्रचार अत्यन्त आवश्यक है। शिक्षा महिला सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा ने ही महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका अभिनीत की है।

संदर्भ ग्रन्थ

1. भारत में महिला साक्षरता और सशक्तिकरण, प्रतिभा चतुर्वेदी
2. आधुनिकता एवं महिला सशक्तिकरण, वी. ए. सिंह व जनमेजय सिंह
3. भारतीय महिलाएँ एक सामाजिक अध्ययन, डॉ. विशांत सिंह
4. महिला सशक्तिकरण विविध आयाम, अनीता मोदी
5. भारतीय नारी : वर्तमान समस्यायें और भावी समाधान, डॉ. आर. पी. तिवारी एवं डॉ. डी. पी. शुक्ला
6. महिला अधिकार और कानून, अविनाश माहेश्वरी
7. विकसित समाज में महिला सशक्तिकरण की यर्थाथता, प्रतिभा चतुर्वेदी

सुविचार

"दुनिया हर किसी के जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं।"

–महात्मा गाँधी

वायु प्रदूषण

प्रो० सविता भट्ट
संस्कृत विभाग

वायु प्राण तत्त्व है। बिना वायु (आक्सीजन) के प्राणि जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है परन्तु आज भूमि और जल की भाँति हमारा वायु मंडल की प्रदूषित हो रहा है। जिससे अनेक जटिल समस्याएं पैदा हो रही हैं। वायु मण्डल में प्रदूषण तब होता है। जब ज्वालामुखी विस्फोट, आंधी, तूफान, पहाडों का टूटना, समुद्री नमक का किनारों पर जमा होना आदि कई घटनाएं मानव जीवन को आन्दोलित करने लगती है। कृत्रिम या मानव प्रदत्त प्रदूषण वह है जिसे मानव स्वयं अपने लिए तैयार कर रहा है। इसमें धूल, धुँआ और जहरीली गैसें प्रमुख हैं। धुएं के अनेक कारण हैं, जैसे– ईंधन, जंगलो में आग लगना, निरूपयोगी सामग्री व कूड़े कचरे को जलाने से तथा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहन आदि तथा कल कारखानों से निकलता हुआ धुँआ वातावरण को दूषित कर रहा है। प्रदूषित वायु रक्त में आक्सीजन की कमी पैदा कर देती है।

घरों में प्रयुक्त होने वाले ईंधन के धुएँ की शिकार मुख्य रूप से गृहणियां होती हैं। इससे नाक बहना, खाँसी, आँखों से पानी निकलना, आँखों में सूजन एवं फेंफडों की बीमारियाँ हो जाती हैं। स्कूटर, मोटर साइकिल, तिपहिए, मोटर–कार, जीप, ट्रक, वायुयान, युद्धक विमान, औद्योगिक संस्थान की चिमनियों से निकलने वाले धुएँ से वायुमण्डल में कार्बन–मोनो ऑक्साइड, हाइड्रो, कार्बन–डाइ–ऑक्साइड, सल्फर–डाइ–ऑक्साइड, नाइट्रोजन, आक्साइड आदि जहरीली गैसें वायुमण्डल में मिल जाती हैं। इनमें भी कार्बन–मोनो–ऑक्साइड सबसे विषैली हैं जो प्राणघातक भी हो सकती हैं। सांस लेने के साथ ही प्रदूषित वायु में मिली ये तमाम गैसें, धुआँ तथा धूल फेफड़ों में चली जाती हैं जो शरीर को नुकसान पहुँचाती हैं।

आदिकाल से ही वायु को जीवन के लिए आवश्यक परम तत्त्व माना गया। ऋग्वेद में इसे बात भी कहा गया है। पुरूष सूक्त में विश्व पुरूष के प्राण से वायु की उत्पत्ति बताई गई है–

प्राणाद्वायुरजायता

वैदिक मन्त्र बताते हैं कि वायु जीवन देता है रोग का शमन करता है, सच्चा साथी है, मित्र के समान है।

वात आ वातु भेषजं, शंभु मयोशु नो हृदे
प्र ण आयुंषि तारिषत्।।

(ऋग्वेद 10.186.1)

अर्थात् सर्व व्यापक वायु हमारे हृदय के लिए रोग का शमन करने वाला, सुख का, कल्याण का भावक औषध को प्राप्त कराए तथा हमारी आयु के प्रक्रमों को बढ़ाता रहे।

वास्तव में वैदिक युग वह युग है जब वायु मंडल अपने शुद्धतम रूप में विद्यमान था। आधुनिक काल जैसी समस्याएं वहाँ न थी। न तो जनसंख्या वृद्धि थी, न औद्योगिक विकास के कारण होने वाली समस्याएं और न पेड़, पौधों और वनों का अभाव था। वैदिक ऋषि की यही कामना थी कि वायु सबका जीवन रक्षक बना रहे।

आदि पुरूष के प्राणों से उत्पन्न वायु स्वयं प्राण स्वरूप है–

वातो ह प्राण उच्यते
(अथर्ववेद XI 4–15)

वातावरण और वायुमण्डल की शुद्ध को इंगित करते हुए यजुर्वेद का ऋषि भी कहता है–

अन्तरिक्षं मा हिंसी

अर्थात् अन्तरिक्ष की हिंसा मत करो। ऋग्वेद के 1/24/8 और 10 मन्त्रों में वायु की विशेषताएं प्रतिपादित की गई हैं– राजा वरूण अर्थात् वायु ने सूर्य को आकाश में घूमने का मार्ग दिया है, उसी ने पाँव रहित सूर्य को आकाश में चलने को पैर दिया है अर्थात् वही उसकी किरणों को विस्तारित करता है और वही उसे अपनी कक्षा

में घूमने का मार्ग देता है–

ऊरूं हि राजा वरूणश्चकार सूर्याय पन्थामन्वेतवा उ
अपदे पादा प्रतिधातवष्करूतापवक्ता हृदया विधश्चित्।

(ऋग्वेद 1–24–8)

ये नक्षत्र जो आकाश में स्थित हैं वे रात्रि में तो दिखते हैं, परन्तु दिन में कहाँ चले जाते हैं कि नहीं दिखाई पड़ते। वायु का यह दृढ नियम है कि उसके द्वारा चन्द्रमा निकलता हुआ रात्रि में दिखाई देता है–

अमी य ऋक्षा निहितास उच्चा नक्तं ददृशे कुहचिद्दिवेयुः
अदब्धानि वरूणस्य व्रतानि विचाकशच्चन्द्रमा नक्तमेति।

(ऋग्वेद 1–24–8)

उक्त मन्त्रों के आधार पर सिद्ध है कि वायु नक्षत्रों आदि की गति में भी सहायक है। शतपथ ब्राह्मण में तो वायु की परिभाषा देते हुए कहा गया कि जो पवित्र करे वही वायु है।

अयं वै वायुः याष्यं पवते

(शतपथ ब्राह्मण 2,6,3,7)

अर्थात् वायु प्राण रूप से हमें पवित्र करे।

आदि कवि वाल्मीकि ने भी वायु को श्रेष्ठ तत्त्व स्वीकार किया है। वायु जीवन है, जगत है और जगत का वास्तविक सुख है–

वायुः प्राणः सुखं वायुर्वायुः सर्वमिदंजगत्।
वामुना सम्परित्यक्तं न सुखं विन्दते जगत्।।

(वा0 रामा0 7–35–61, 62)

वाल्मीकि ने वायु को इसी चिन्तन के आधार पर सर्वात्मक कहा है–

वायुः सर्वात्मकः। (वा0 रा0 1–33–2)

वायु पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व का प्रमुख आधार है। सामान्य अस्तित्व के लिए मनुष्य को दिन में 12 घन मीटर वायु की आवश्यकता होती है।

अशरीरः शरीरेषु वायुश्चरित पालयन्
शरीरं हि बिना वायुं समतां याति दारूभिः

(वा0 रा0 7,35,60,61)

अर्थात्, वही वायुदेव स्वयं शरीर न धारण करके समस्त शरीरों में उनकी रक्षा करते हुए विचरते हैं। वायु के बिना यह शरीर सूखे काठ के समान हो जाता है।

वाल्मीकि ने वायु को जगत की आयु कहा है–

वायुना जगदायुषा। (वा0 रा0 7,35,62)

वायु तत्त्व के ऊपर नाना चिन्तन किया गया है।

वायु का प्रदूषण अत्यन्त घातक होता है। यह भौतिक सुख का मानव को दिया गया परोक्ष उपहार है। हमारे सुख की चाहत ने ही इस प्रदूषण को बढ़ाया है।

सर्वेषां प्राण वायुं हि दूषयति विषोपमम्।
शिशुनां बालवृल्दानां परोक्षे प्राण घातकम।।

अर्थात् विषतुल्य प्रदूषण वायु को प्रदूषित कर रहा है। यह छोटे–छोटे बच्चों, बालकों और बूढ़ों के लिए प्राणघातक है। इसका सरल उपाय प्रतिपादित करते हुए विद्वान कवि कहते हैं–

वृक्षाणां रोपणे वृद्धौ वर्धने रक्षणे सदा
भाव्यं हि तत्परैः सर्ववृक्षाः सर्वोपकारकाः

अर्थात् वायु प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए पेड़ों को लगाए, बढ़ाए उन्हें पुष्ट करे तथा उनकी रक्षा करे क्योंकि वृक्ष सभी प्राणियों के लिए उपकारक है।

सर्वत्र विशुद्ध वायु बहे, जल की एक–एक बूँद निर्मल हो, पृथ्वी पेड़ों से पट जाए और प्रसन्न होकर सभी प्राणियों को धारण करने में सक्षम हो जाए।

वायु प्रदूषणंञ्छीघं संगच्छेत् प्रलयं मुखम्

अर्थात वायु प्रदूषण शीघ्र ही काल के गाल में समा जाए। और भी यन्त्र–संयन्त्र इस पृथ्वी पर विशुद्ध वायु हो छोड़ें। वाहन विशुद्ध वायु को वहन करें। अग्नि विषाक्त धुआँ से युक्त न होने पाए। प्राणियों का जीवन, पावन और प्रसन्नता से भर जाए।

त्यजतु यन्त्र! वरं भुवि मारूतं
वहतु वाहन! पवन मारूतम्।
न खलु धूमलवह्निविषोतम्ः
भवतु जीवन पावन मोदकम्।

वास्तव में वायु प्रदूषण एक गहरा संकट है। इसे दूर करने के सभी कारगर उपाय किए जाने चाहिए। कारखानों में ऊँची चिमनियों का निर्माण, औद्योगिक प्रतिष्ठानों से प्रदूषण नियन्त्रण उपकरणों का प्रयोग, वनों का सर्वाधिक विकास आदि उपाय इसे काफी हद तक नियन्त्रित कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हमारे जैसे विकासशील देशों को इस समस्या को सही रूप में समझना होगा तथा बचाव के प्रयास करने होंगे।

पेड़ पौधों में प्रदूषण दूर करने की सबसे अधिक क्षमता है। वनस्पति विज्ञान विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के सम्मानीय विद्वान श्री एस. वी. अग्रवाल तथा सुश्री मधुलिका अग्रवाल ने – "प्रदूषण और परिवेशोद्धारः नए आयाम" नामक लेख में पौधों का वर्णन लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा है– "अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में ज्यादा प्रतिरोध क्षमता युक्त वनस्पति की जातियां जैसे प्रोसोपिस, केसिया, नीरियम तथा बोगेनवेलिया उपयोगी साबित हुई हैं। मध्यम प्रदूषित क्षेत्रों के लिए गोलाकार आच्छादन वाली व सम शाखादार जातियां सुबबूल, नीम केकर, कदम

व महुआ लगा जाने चाहिए। यूकिलिप्टस, शीशम, अशोक, जंगल जलेबी अर्जुन जो लम्बे व कम शाखादार वृक्ष है कम प्रदूषित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।"

वैदिक संस्कृति में 'यज्ञ' भी वायु प्रदूषण को रोकने वाला असरदार उपाय है। यज्ञ से सुगन्धि व्यापति है। यज्ञ में प्रधान हव्य द्रव्य घृत है। बल और तेज वर्धक घृत रोग प्रतिरोधक तो है। साथ ही इसका धूम्र जब वायु मण्डल में व्याप्त होता है तो वातावरण भी शुद्ध होता है। "यज्ञ परम्परा मात्र कुछ यौगिक पदार्थों का जलाना मात्र नहीं है। ये हवा में घुले सल्फर डाइ आक्साइड तथा नाइट्रोजन आक्साइड को नष्ट करते हैं। साथ ही जल के विषाणुओं को भी नष्ट करते हैं।"

हरिद्वार के शोध संस्थान ब्रह्मवर्चस द्वारा की गई शोध के आँकडें, जिन्हें बाद में इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी मुम्बई के डॉ0 रजनी आर0 जोशी ने भी जांचा है, हवन के या अग्निहोत्र के प्रभाव को व्यक्त करते हैं–

उनके शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि अग्निहोत्र से पूर्व या पश्चात में किए गए वायु परीक्षणों से पता चलता है कि अग्निहोत्र के पश्चात हवा में सल्फर डाइआक्साइड में 256 मि0 ग्रा0 की कमी पाई गई तथा नाइट्रोस आक्साइड में 0. 14 मि.ग्रा. की कमी देखी गई। डा0 जोशी ने अग्निहोत्र के प्रभाव का अध्ययन करने के पश्चात कहा है–

"What a Yajna, does is combust fumigating odoriferous substance, fats, carbohydrates, proteins and medicinal hereby together to give off a purifying gas".

अर्थात् यज्ञ सुगन्धित पदार्थों को, घी, कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन तथा औषधीय पौधों को जला कर एक पवित्र गैस उत्पन्न कर देता है, जिससे वातावरण सुवासित एवं पवित्र हो जाता है।

"वायु का महत्त्व इसी से आंका जा सकता है कि चौबीस घंटे में एक स्वस्थ पुरूष 40,000 घन इन्च आक्सीजन खींचता है और उतना ही कार्बन डाइ ऑक्साइड गैस निकलता है। 40,000 घन इन्च कार्बन का भार 18,600 ग्रेन के लगभग होता है। आक्सीजन के अनुपात से कार्बन का भार 11.5 औंस होता है। अतः रक्त से प्रतिदिन 24 घंटे में 11.5 औंस कार्बन निकलता है।"

फेफडों में 60000 ऐसे थैले हैं जिसमें श्वास की हवा जाती है। प्रत्येक थैले में अनेक वायु कोष है। इनकी संख्या 75 करोड़ आँकी गई है। एक युवक के फेफड़ें में प्रयत्न करके 5 से 7 पाइनट तक वायु भरी जा सकती है। साधारणः हम लोग प्रति श्वास में केवल एक पाइनट वायु खींचते हैं। मनुष्य लगभग एक मिनट में लगभग 18 बार सांस लेता है। सो 24 घंटे में हम 3000 गैलन वायु खींचते हैं।

वायु की महत्ता प्रतिपादित करते हुए अथर्ववेद 4/13/3 में भी यही भाव दुहराया गया है।

आ बात वाहिभेषजं विवात वाहि यद रपः
त्वं हि विश्व भेषज देवानों दूत ईयसे।।

अर्थात् हे वायु स्वास्थ्य को बहाकर ला। जो रपः दोष है उन्हें निकाल दे। तू सर्व रोग नाशक है तथा देवों का दूत होकर फिरता रहता है।

वायु प्रदूषण के समस्त कारणों पर नियन्त्रण करना अति आवश्यक हैं इसके लिए मानव को सूझ बूझ से काम लेना होगा। जैसा सी0एन0जी और एल0पी0जी0 से वाहनों के चलाने की क्रिया शुरू की जाए। उद्योगों से पैदा होने वाले प्रदूषण को रोका जाए। कारखाने, घनी आबादी से दूर बनाएं जाएं ताकि उनसे निकलने वाला धुआँ मानव जीवन को प्रभावित न करे। सौर ऊर्जा को विद्युत निर्माण में प्रयोग किया जाए। दो मुख्य उपाय– जनसंख्या नियन्त्रण और वृक्षारोपण के माध्यम से वायु प्रदूषण कम किया जा सकता है। वैदिक ऋषि कहता है–

"बहुप्रज्ञः निऋतिमाविवेश"

अर्थात् बहुत प्रजा (संतान) वाला व्यक्ति विपत्ति में पड़ता है।

अतः वायु प्रदूषण के निवारण को उच्च प्राथमिकता देना ही हमारा अभीष्ट होना चाहिए तभी समाज का कल्याण होगा और स्वस्थ मानव शान्ति का अनुभव करेगा।

सुविचार

"खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, सामंजस्य में हों।"

–महात्मा गाँधी

परिश्रम और परिणाम

डॉ. उर्मिला रावत
समाज शास्त्र विभाग

गीता में कहा गया है, कि मनुष्य को कर्म करते रहना चाहिये फल देना ईश्वर के हाथ में है। परन्तु मनुष्य कर्म करता है, और फल की इच्छा की कामना तुरन्त चाहता है और सफलता के लिए हर कोई व्यक्ति अपने स्तर पर परिश्रम करता है परन्तु कभी–कभी भरसक प्रयास करने पर भी सफलता नहीं मिलती। ऐसे में मन में हताशा का भाव आना स्वभाविक है। और उससे भी ज्यादा निराशा का भाव तब आने लगता है जब अपने संगी साथी सफल होते जाते हैं। और हम वहीं रह जाते हैं। कबीर दास जी इस बारे में बताते हैं, कि 'माली सींचे सौ घड़ा ऋतु आये फल होय' इसका अर्थ यह है कि घड़े को चाहे कितने ही पानी से सींचते रहो पर फल तो ऋतु आने पर ही लगेगा। क्योंकि प्रकृति ने हर पौधे पर फल–फूल आने की एक निश्चित अवधि निर्धारित कर रखी है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि हमारे कर्मों का फल कब उदित होगा यह अज्ञात रहता है।

वर्तमान में हम जो कार्य करते हैं, उसके फल हमें निश्चित तौर पर भविष्य में प्राप्त होंगे, आज हमने जो भी परीक्षा दी है तय है कि उसका फल हमें अगली सुबह प्राप्त नहीं होगा इसी नियम के अर्न्तगत आज मिलने वाले फल आपके पूर्व कर्मों का परिणाम है किसी को नौका की पाल खुली मिल जाती है और किसी को नौका बनानी पड़ती है तब वह दूसरी छोर पहुँचता है। इसके लिए भाग्य व ईश्वर पर दोषारोपण ठीक नहीं है। प्रकृति कभी भी पक्षपात नहीं करती वह सभी को अवसर देती है इसलिए कर्म सही होना चाहिये।

यदि परिश्रम करने पर भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिला पा रहे हैं तो टटोलना चाहिये कि हम सही दिशा में प्रयास कर रहे हैं या नहीं? अलग–अलग प्रयास करते रहना चाहिये कब और कहाँ भाग्योदय हो जाय यह कोई नहीं जानता और ऐसे करने से संचित भाग्य का सहयोग भी मिल सकता है। धैर्य धारण करना चाहिये तथा प्रयास करते रहना चाहिये, परिश्रम कभी भी बेकार नहीं जाता है ईश्वर परिश्रम का फल अवश्य देता है परन्तु परिश्रम सार्थक व सही दिशा में होना चाहिये।

आचरण

डॉ. संदीप कुमार
बी.एड. विभाग

मनुष्य में पशुओं की तुलना में बुद्धि और विवेक के अधिक विकसित व जागरूक पाये जाने का आधार ही कदाचित मनुष्य को बाकी जीवों की तुलना में ज्यादा उन्नत बनाता है। अपने इसी उन्नत मस्तिष्क,बुद्धि तथा विवेक के विकास के कारण मनुष्य की सभ्यता का प्रारम्भ हुआ,उसने अपना जीवन जीने के लिए कुछ पैमाने/मानक तय किये, सामाजिक तौर–तरीके व नियम बनाये और उन्हें अपनाया।

आत्मनियंत्रित रहते हुए समय,परिस्थिति और हालातों के अनुसार आचरण करना मनुष्य को गरिमा प्रदान करता है। पशु ऐसा नहीं कर पाते।वे किसी नियम को नहीं मानते।वे अपनी मूल प्रवृत्तियों पर नियंत्रण नहीं रख पाते। वे कहीं भी हिंसक हो जाते हैं।कहीं भी मलमूत्र त्याग देते हैं और कहीं भी मैथुन करने लगते हैं।

अगर मनुष्य भी अपनी मूल प्रवृत्तियों पर से नियंत्रण खोकर आजादी एवं मर्जी के नाम पर कुछ भी करने लगे तो मानव और पशु में कोई अंतर नहीं रह जाता।आजादी,मर्जी और व्यवहार भी असीमित नहीं होते। ये केवल वहीं तक सार्थक हैं जहाँ तक ये दूसरे व्यक्तियों की आजादी में विघ्न उत्पन्न न करे और दूसरे व्यक्तियों को असहज न करे।इनका उपयोग भी समय,परिस्थिति और हालातों के अनुकूल ही शोभनीय होता है।निजता और सार्वजनिकता के पैमाने भी अलग–अलग होते हैं।

संविधान बहुत कुछ निर्धारित करता है लेकिन काफी कुछ एक सभ्य और नैतिक इंसान होने के नाते आपको स्वयं निर्धारित करना पड़ता है।बहुत–सी चीजें संविधान से इतर मनुष्य की नैतिकता के दायरे में आती हैं। उदाहरण के लिए, किसी की मौत पर या अर्थी के सामने आप खूब जोर से हँस सकते हैं।संविधान में इसकी मनाही नहीं है मगर यहाँ आपकी मनुष्यता तय करेगी कि आपको क्या करना है!सांत्वनाध्शोक प्रकट करना है अथवा गला फाड़कर हँसना है!

अगर हमने संसार के सबसे अधिक विकसित मस्तिष्क वाले प्राणी के रूप में अपना मानसिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांवेगिक और नैतिक विकास किया है तो हमारा आचरण भी वैसा ही होना चाहिए जो मनुष्य–जाति को ओर अधिक गरिमा प्रदान करे,न कि ऐसा जो कि हमारे एक सभ्य, नैतिक, परिपक्व, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक होने पर प्रश्न चिन्ह लगाए।

रेणु जी की कहानियों में आंचलिक संवेदना

गीता

शोधार्थी, हिंदी विभाग

फणीश्वर नाथ रेणु ने हिंदी साहित्य में एक नई धारा प्रवाह का सृजन किया है। जिसे 'आंचलिक साहित्य' कहा जाता है। वे कहानीकार एवं उपन्यासकार के रूप में काफी प्रसिद्ध हुये क्योंकि उनकी रचना का केन्द्र बिन्दु 'ग्रामीण' अंचल रहा है। हिंदी कहानियों में प्रेमचन्द के बाद गांव की कहानियों रेणु जी ने ही लिखी। उनके पात्र आज भी हमें ग्रामीण क्षेत्र में खींच ले जाते हैं जो भारतीय गांवों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य जगत को ग्रामीण अंचल के राग–रंग से परिचित कराया और लोकजीवन की विभिन्न घटनाओं को साहित्य के मंच पर जीवंत कर दिया। रेणु जी की रसप्रिया, पंचलाइट, ठेस, तीर्थोदक, भीत्ति चित्र की मयूरी आदि कहानियों में ग्रामीण अंचल का जीवंत लोक जीवन देखने को मिलता है। साहित्य को एक नया आयाम देने वाले रेणु जी कहानी पिरोने और संवेदनाओं को जीवंत तथा सरस बनाने की कला कूट–कूट कर भरी हुयी थी।

बीज शब्द – अंचल, संवेदना, लोक जीवन, देहात, लोकगीत, तालीम, पेट्रोमैक्स, संवेदना, भीत्ति।

मूल आलेख – रेणु जी का जन्म 4 मार्च 1921 को बिहार के पूर्णिया जिले के 'आरोही हिंगना' गांव में हुआ था, रेणु जी का जन्म तब हुआ जब देश पराधीन था तथा उन्होंने देश की स्वाधीनता के लिए अनेक राजनीतिक आन्दोलनों में सक्रिय भूमिका निभायी उन्होंने 1936 के आस–पास कहानी लेखन कार्य शुरु किया, उन्होंने हिंदी में आंचलिक कथा की नींव रखी थी तथा देहात की धूल को साहित्य के चंदन से सुगन्धित कर दिया। गांव तो हमेशा से ही साहित्य सृजन का मुख्य बिंदु रहा है, लेखक से पहले भी ग्रामीण जीवन पर साहित्यिक रचनाएं होती रही हैं, लेकिन रेणु ने ग्रामीण अंचल उसकी सम्पूर्ण विसंगतियों और विशेषताओं के साथ प्रतिबिंबित किया। उन्होंने जिस क्षेत्र में गांव को उठाया उस पूरे क्षेत्र को अपनी लेखनी से पाठकों के समक्ष जीवंत कर दिया।

रेणु बिहार के ग्रामीण अंचल से थे इसलिए उनके कथा साहित्य में ग्रामीण आंचलिकता विशेश रूप से झलकी है। इनकी लेखनी की मुख्य विशेषता– "मानवीय संवेदनाओं की स्वाभाविक अभिव्यक्ति' रही है।

रेणु जी के साहित्य में प्रत्येक पात्र पूर्णतः मनुष्य है और ऐसा मनुष्य जो कभी परिस्थिति में मजबूत तो कभी लाचार दिखायी देता है। इनके समयकाल वातावरण में अधिकांश साहित्यकारों ने स्त्री को हमेशा देवी की तरह पूज्य बनाया है लेकिन रेणु जी ने इससे हटकर एक ही मनुष्य को अलग–अलग परिस्थिति में बिल्कुल अलग कर दिया है। रेणु जी का कालखण्ड 'नई कहानी' के दौर का है। इस दौर की कहानियों ने परम्परागत रूढ़ि तत्वों को नकार कर अतीत से हटकर वर्तमान पर आधारित कहानियाँ बुनी।

या यूं कहें कि नई कहानी के व्यायख्याकारों ने स्वयं के निजी अनुभव और प्रमाणिकता पर बल दिया। इस दौर में नगर कथा ग्राम कथा के साथ–साथ आंचलिक कहानियों का अस्तित्व सामने आया और रेणु की कहानियों आंचलिक क्षेत्र में 'मील का पत्थर' साबित हुयी। अंचल

विशेष, आधुनिकता, रोमांटिक यथार्थ का अद्भुत संयोग इनकी कहानियों की विशेषता है। ग्रामीण परिवेष का ऐसा सरोकार, सचल चित्रण अन्यत्र दुर्लभ है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद साहित्य में अनेक परिवर्तन हुये तथा उस समय देश की स्थिति सामान्य नहीं थी। विभाजन, शरणार्थियों का प्रवाह पुर्नवास की समस्या, सार्वजनिक क्षेत्र में मूल्य विघटन आदि समस्याऐं थी तथा रेणु जी सजग कथाकार थे उन्होंने अंचल विशेष के जनजीवन को पूरी गहराई क्या स्त्री, क्या अमीर, क्या गरीब उन्होंने सभी के भावों को खुलकर अभिव्यक्त किया। गांव के साथ रेणु जी की इतनी आत्मीयता थी कि उनका अलग सा कोई अस्तित्व नहीं था।

क्योंकि प्रेमचन्द के बाद ग्रामीण छवियां रेणु जी के ही कथा साहित्य में मिलती है। लोकजीवन की विविध छवियां उन्होंने इस तरह आत्मसात की कि साहित्य में लोक जीवन के राग–अनुराग, उनकी संवेदना, उनका परिवेश जीवंत साक्षात् खड़ा हो गया।

'रसप्रिया' उनकी ऐसी कहानी है, जिसमें 'पंचकौड़ी', 'मिरदंगिया' के बहाने ग्रामीण जीवन में चल रहे अनवरत रोमांस और उसकी परिणति को पूरे सौष्ठव के साथ प्रकट करते हैं। यह एक अद्भुत प्रेमकथा है, यह कहानी ग्रामीण समाज से ओझल होती लोक संस्कृति का चित्रण है। यह लोक रस से सरोबार कहानी है जिसमें लोक परम्पराओं और लोकगाथाओं का सरोकार देखने को मिलता है। लोक संस्कृति की संवेदनशीलता ही रेणु जी को अन्य कथाकारों की पृष्ठभूमि से अलग करती है। कहानी में प्रेम समर्पण और त्याग के साथ–साथ लोककलाओं, लोकगीतों और लोकगाथाओं की विलुप्ति की परम्परा कहानी के माध्यम से दर्शाया गया है।

कहानी का अंश–

"एक युग से वह गले में मृदंग लटकाकर भीख मांग रहा है– ध–तिंग, धा तिंग! ..... धिरिनाति, धिरिनागि, धिरिनागिधिनता!.....

न–व वृंदा–वन न–व न–व तरु–ग–न, न–व–नव विकसित फूल।"

रेणु के अपने गांव के लोगों के साथ जैसे संबंध रहे, वहां की गीत–संगीत नृत्य तथा खेत खलिहानों के वह जिस तरह रमें, वह बहुत अनूठा था यथा–

धूम में पड़े कीमती पत्थर को देखकर

जौहरी का आंखों में एक नई झलक

झिलमिला गइ– अपरूप–रूप!

चरवाहा मोहना छौड़ा को देखते ही

पंच कौड़ी मिरदंगिया के मुंह से निकल पड़ा अपरूप–रूप!

रेणु जी को लोगों की पहचान थी, इस कहानी के तीन प्रमुख पात्र हैं– मिरदंगिया पंचकौड़ी, रसप्रिया गाने वाला चरवाहा लड़का मोहना, भाव रूप से सशक्त रमपतिया, जो कि मोहना की मां है, ज्येष्ठ के महीने में धूप भरे दिन में मिरदंगिया मोहना के लिए अपरिचित नहीं है क्योंकि आठ साल तक रमपतिया के पिता से पचकौड़ी ने संगीत की तालीम ली थी और अपनी जाति को छुपाकर रमपतिया से प्रेम किया। लेकिन जब उसके पिता ने अपनी कन्या का विवाह पंचकौड़ी से करना चाहा तो वह वहाँ से भाग गया तथा अपने ग्रामीण अंचल में ही जीवन–यापन करने के लिए विद्यापति की पदावली, लोकगीतों को गाकर भीख मांगकर अपना पेट भरता था। मिथिला लोक साहित्य, लोकराग और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने वाला कलाकार है। लेकिन ग्रामीण कलाकरों को कोई सम्मान नहीं देता मिरदंगिया से भी लोग संगीत सीखते और बाद में उसे गाली देते। जब मिरंदगिया को मोहना मिलता है, तो वह बड़ा प्रसन्न होता है क्योंकि वह भी रसप्रिया पदावली गाता था। लेकिन मोहना उसे पहचान लेता है कि यह वही है, जिसने उसकी मां को धोखा दिया वह भी मिरदंगिया की टेढ़ी उंगली का मजाक उड़ाता है, लेकिन मिरदंगिया मोहना से प्रेम करता है वह उसकी बीमारी के लिए उसे वैद्य के पास भी ले जाता है। जेठ की दोपहरी में जब मोहना की मां रमपतिया से मिरदंगिया का सामना होता है, तो उसे कुछ वर्शों पुरानी यादें याद आ जाती हैं।

लेकिन रमपतिया अपने बेटे से कहती है कि इस रसप्रिया के साथ कभी संगत न करना। यह कहानी निश्च्छल प्रेम की कहानी है।

'पंचलाइट' कहानी में गांव के पंचायती राज को दर्शाया गया है कि किस प्रकार गांव अलग–अलग टोली में बंटा हुआ है, कहानी के माध्यम से ग्रामवासियों का मनोस्थिति की वास्तविक झांकी प्रस्तुत की है कि किस प्रकार गांव में जुर्माने के पैसे से गांव के लिए कुछ खरीदा जाता था महंतो टोली के लोग पैसों से 'पेट्रोमैक्स' खरीद लाते हैं, सारा गांव उसे देखने के लिए इक्ट्ठा हो जाता है।

कहानी का अंश – "टोली भर के लोग जमा हो गए। औरत–मर्द, बूढ़े बच्चे सभी काम–काज छोड़कर दौड़ आए', चल रे चल! अपना पंचलौट आया है पंचलैट।"

एक ऐसा ग्रामीण अंचल जिसमें जाति के आधार पर आठ पंचायते हैं। और सभी पंचायतों का जरूरी सामान के लिए स्वयं की व्यवस्था है। यह रेणु जी की उस समय की कहानी जब गांवों में लाइट की व्यवस्था भी नहीं थी। गांव में 'पेट्रोमैक्स' के अलावा कोई बात ही नहीं हो रही थी। गांव के लोग अपने सरदार को श्रद्धा भाव से देख रहे थे। लेकिन 'पंचलैट' लाने से पहले उसे जलाने की बात किसी ने सोची ही नहीं शाम को जब किसी को भी लाइट जलानी नहीं आती थी तो सभी लोग मायूस हो गये 'मुनरी' जानती थी कि 'गोधन' को पंचलैट जलाना आता है, वह वही युवक है जिसे गांव की किसी लड़की पर डोरे डालने के लिए फिल्मी गानों को गाने की कोशिश करने से उसे पंचायत ने जुर्माना लगा दिया तथा जुर्माना न देने पर उसे गांव से अलग कर दिया। गाँव की इज्जत बचाने के लिए उसे बुलाया गया तब उस युवक को बुलाकर पंचलैट जगायी जाती है। पंचलैट को जलता देख सभी गांव वाले प्रसन्न हो जाते हैं। सारे लोग 'गोधन' को माफ कर देते हैं। इस कहानी का अंत अत्यन्त सुखदायक है, क्योंकि रेणु जी ने कहानी के माध्यम से बताया है कि गांव के भोले–भाले लोग अपनी टोली की 'इज्जत' बचाने के लिए उस युवक को अपना लेते है जिसे उन्होंने खुद कुछ वर्शों पूर्व स्वयं ही गांव से अलग किया था। गांव के लोगों की कड़वाहट और मैल उसे प्रति खत्म हो जाती है गांव में किस प्रकार मुसीबत के समय एक–दूसरे के साथ देते हैं।

ग्रामीण जीवन पर ही आधारित रेणुजी की कहानी 'भीत्ति चित्र की मयूरी' में उनकी सोच बहुत दूरदर्शी थी। वह पहले ही आँक गये थे कि भारतीय लोक संस्कृति देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध हैं। देश में दिल्ली जैसे महानगर में भी लोक संस्कृति को उत्पादन, रोजगार के रूप में बाजार में उतारने के लिए उत्सुक है। तथा दूसरी ओर वह यह भी देख रहे थे कि किस प्रकार ग्रामीण लोक कथाओं में इतिहास, परम्परा और संस्कृति को अक्षुण्ण रखने वाली गांव की स्त्रियां आज भी अपनी भीत्तियों पर चित्रकारी करती हैं तथा वह बाजार की मानसिकता से पूरी अनभिज्ञ है उन्हें न तो अपने हुनर की पहचान है और न ही उसके आर्थिक मूल्य से परिचित थी। इस कहानी की दो मुख्य पात्र 'फुलपत्ती' और उसकी माँ है। वह मधुबनी चित्रकारी में सिद्धहस्त कलाकार थी लेकिन उनकी जर्जर आर्थिक स्थिति को दिखाकर, लेखक ने यह संकेत किया है, भारतीय ग्रामीण क्षेत्र कलाओं के लिए तो काफी प्रसिद्ध है। लेकिन उनकी कलाकारी का महत्व सिर्फ गांव में विवाह, तीज, त्योहार, महोत्सव तक ही सीमित रहता है तथा इस कहानी में सनातन प्रसाद जैसे पूंजीपति की मानसिकता के कारण कलाकार एवं कला दोनों को दोहन करने की मानसिकता प्रकट होती है। जब फुलपत्ती को दिल्ली में उसकी चित्रकारी प्रदर्शन तथा उसे वहीं काम करने के लिये बुलाया जाता तो वह अपन गांव नहीं छोड़ना चाहती।

पर रेणु जी सौन्दर्यबोध भीत्ति की 'डीह' छोड़कर महानगरों में पलायन स्वीकार नहीं करते तथा मोहनपुर गांव में ही आर्ट सेंटर खुल जाता है। रेणु जी स्त्री शक्ति को भली–भाँति समझते थे। फुलपत्ती की दृढ़ता और संकल्पशक्ति जिस वैचारिक सौन्दर्य की सृष्टि करती है उसमें तर्क, विवेक, गहन गंभीरता है। वह भले ही गांव की अनपढ़ स्त्री है लेकिन वह सनातन प्रसाद जैसे पूंजीवादी व्यक्तियों को भी उत्तर देना जानती है।

क्योंकि भारतीय ग्रामीण समाज का अपना अलग सौन्दर्य है जिसमें सादगी और सरलता तो है लेकिन साथ ही साथ किसी बाहरी व्यक्ति गांव में आगमन होने से जो उत्सुकता, कौतुहलता का वातावरण निर्मित होता है वह अविश्वसनीय है तथा गांव में परिवर्तित स्थिति का सौन्दर्य सामने आता है तथा 'मधुबनी आर्ट सेन्टर' खुलने से गांव के कई लोगों को रोजगार प्राप्त है तथा फुलपत्ती और उसकी माँ भी शहर में पलायन नहीं करती। चित्रकारी आर्ट संटर में लोगों को सिखाती हैं। इस कहानी का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रही ग्रामीण चित्रकारी को बढ़ावा देना, चित्रकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा शहरी पलायनवाद को रोकना है।

'ठेस' कहानी गांव में रहने वाले 'सिरचन' जो जाति से कारीगर था वह बांस की तीलियों से बहुत ही शानदार कलाकारी करता था। लोग दूर–दूर से इस कलाकारी को बनवाने उसके यहाँ आते हैं, 'सिरचन' था जो जाति का कारीगर। लेकिन वह अपनी कलाकारी के बदले दूसरों से आदर सम्मान चाहता था। बांस के 'चिक और शीतलपाटी' बनाने के लिए दूसरों से अपनी बड़ी खातिरदारी करवाता। कहानी में 'मंझली भाभी' के कुछ सुनाने पर वह अपना

कार्य बीच में ही छोड़ के चला आता है, क्योंकि उसके स्वाभिमान को ठेस पहुँचती है। लेखक ने कहानी के माध्यम से यह बताना चाहा कि व्यक्ति कोई छोटा काम करे या बड़ा लेकिन जब उसका कोई अनादर करे तो उसे बहुत आहत पहुँचती है। सिरचन भी था तो कारीगर। लेकिन उसके अन्दर भी स्वाभिमान था जिसे मंझली भाभी के द्वारा आहत किया गया।

यथा – 'मैं कहती हूँ अपने बाप–दादे की डीह छोड़कर कहीं नहीं जा सकती मैं। मेरी लहारा ही निकलेगी इस घर से ....हाँ।

'तीर्थोदक' एक ऐसे ग्रामीण परिवेश की कहानी, जिसमें स्त्री जीवन के यथार्थ जीवन स्वरूप को प्रकट किया है। इस कहानी एक ग्रामीण महिला तीर्थ जाने की इच्छा प्रकट करती है तो उसके घर वाले तथा स्वयं उसके पति बजरंगी चौधरी भी उसकी इच्छा को दबाते हें। जब यात्रा जाने की हट भर लेती है तो उसके पति उन्हें कई बातें याद दिलाते हैं, तब वह कहती हैं कि–

"राखिये अपना पुरुरव वचन खूब सुन चुकी हूँ पुरुबन वचन।

चालीस साल से और किसका बचन सुन रही हूँ।"

घर वाले बहुत रोकने को प्रयास करते हैं लेकिन यह सकती नहीं है और जैसे ही रेलवे स्टेशन उनकी ट्रेन आगे बढ़ने लगती है। वैसी ही वह स्त्री अपनी गांव की हर वस्तु को निहारने लगती। कहानी के माध्यम से एक तरफ तीर्थयात्रा की लालसा और दूसरी तरफ ग्रामीण समाज में अलग होती दुरावस्था को बहुत खूब रेखांकित किया।

रेणु जी ने अपनी कहानियाँ में ग्रामीण वासियों की ऐसी समस्याएं रखी हैं, जिसे आज भी हर कोई पढ़ने के लिए उत्सुक हैं। उन्हें ग्रामीण जीवन का ऐसा बोध था शायद ही किसी को हो। गाँव के प्रति उनके भीतर गहन अनुभूति थी जो कहानियों के माध्यम से प्रकट हुयी। उन्होंने ग्रामवासियों की सादगी का ऐसा सजीव चित्रण किया है जो प्रेमचन्द के बाद रेणु जी ने ही किया है।

निष्कर्ष

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि रेणु जी की कहानियां बनी–बनाई परिपाटी से हटकर कुछ जीवन के नाए यथार्थ अपनी दृष्टि से उठा रहे थे। उनकी हर कहानी में जीवन का एक नया संदर्भ था। उनकी कथा रचना ग्रामीण आंचलिकता में बसती है क्योंकि वह ग्रामीण व्यक्तियों के हर पक्ष को चाहे वह गरीब किसान हो या मजदूर हो या कोई राजनीतिक भूमिका निभाने वाला व्यक्ति वह उसके हाव–भाव या उसके अन्दर की भावनाएं तथा उनका दृश्टिकोण सबको बड़ी यथार्थता से व्यक्त करते थे। रेणु अपनी कहानियों में टूटते जीवन मूल्यों या विघटनों के क्षणों को मूर्त रूप में आंकते हैं। रेणु जी ने ग्रामीण अंचल में लोक संस्कृति और लोक साहित्य को बढ़ावा दिया तथा अपनी कहानियों के माध्यम से गांव में बची हुयी लोक संस्कृति और लोक कलाकारों को महत्व देकर तथा शहरी पालयनवाद को रोकने की कोशिश की है। उनकी कहानियों की आंचलिकता में गहन संवेदना है, जो आज भी हमें ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़े रखती हैं। प्रेमचन्द के बाद रेणु जी ग्रामीण कथाओं के लिए प्रसिद्ध हैं।

संदर्भ सूची

1. सं. यायावर भारत, फणीश्वर नाथ रेण की श्रेश्ठ कहानियां, तीसरी आवृत्ति (2004), प्रकाशक– नेशनल ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, पृ.सं.– 15
2. सं0 कमलेश्वर, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानियां, दूसरा संस्करण (2005) प्रकाशक– नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया, पृ.सं.– 105
3. 'रेणु' फणीश्वरनाथ, ठुमरी, नौवां संस्करण (2009), प्रकाशक– राजकमल प्रकाशन, पृ.सं.– 28
4. 'रेणु' फणीश्वरनाथ, रेणु रचनावली संस्करण (2012), राजकमल प्रकाशन, पृ.सं.– 175
5. वही, पृ.सं.– 193
6. वही, पृ.सं.– 212
7. सं0 खैरनार, कुमार, डॉ. अभय, हिंदी कहानी के नए प्रतिमान, प्रथम संस्करण (2017), हिंदी साहित्य निकेतन, पृ.सं.– 81
8. मधुरेश, हिंदी कहानी का विकास, दसवां संस्करण (2020) प्रकाशक– सुमित प्रकाशन, पृ.सं.– 89
9. वही, पृ.सं.– 90
10. https://eclass.kcpgclko.in
11. https://gadyakosh.orga
12. https://hindithequnit.com
13. https://blogs.navbharattimes.indiatimes.com
14. https://egyankosh.ac.in
15. samlochan.blogspot.com

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं भारत की G-20 की अध्यक्षता

आशुतोष चोपड़ियाल
एम.ए. राजनीति विज्ञान

G-20 समूहः

G-20 समूह विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रतिनिधि, यूरोपियन यूनियन एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है।

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G-20) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत ने 1 दिसम्बर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक G-20 की अध्यक्षता करेगा।

G-20 समूह दुनिया की प्रमुख उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों को एक साथ लाता है। यह वैश्विक व्यापार का 75%, वैश्विक निवेश का 85%, वैश्विक सकल घरेलु उत्पाद का 85% तथा विश्व की दो–तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है।

G-20 लोगो– भारत के राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों– केसरिया, सफेद और हरे एवं नीले रंग से प्रेरित है। इसमें भारत के राष्ट्रीय पुष्प कमल को पृथ्वी ग्रह के साथ प्रस्तुत किया गया है जो चुनौतियों के बीच विकास को दर्शाता है। पृथ्वी जीवन के प्रति भारत के पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य है। G-20 लोगो के नीचे देवनागरी लिपि में ''भारत'' लिखा है।

भारत का G-20 अध्यक्षता का विषय– **''वासुधैव कुटुम्बकम'' या ''एक पृथ्वी–एक कुटुंब–एक भविष्य''**– महा उपनिषद के प्रचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है। अनिवार्य रूप से, यह विषय सभी प्रकार के जीवन मूल्यों–मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव–और पृथ्वी एवं व्यापक ब्रह्माण्ड में उनके परस्पर संबंधों की पुष्टि करता है। G-20 समूह के पास स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं होता।

प्रत्येक G-20 देश का प्रतिनिधित्व उसके शेरपा करते हैं; जो अपने–अपने देश के नेता की ओर से योजना, मार्गदर्शन, क्रियान्वयन आदि करते हैं। वर्तमान वाणिज्य और उद्योग मंत्री भारत के वर्तमान ''G-20 शेरपा'' हैं।

G-20 की स्थापना

G-20 का गठन सन् 1999 में 1990 के दशक के उत्तरार्ध के वित्तीय संकट की पृष्ठभूमि में किया गया था, जिसने विशेष रूप से पूर्वी एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को प्रभावित किया था। इसका उद्देश्य मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है।

सदस्य

G-20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

स्पेन को स्थायी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है।

अतिथि देश

भारत ने G-20 अध्यक्ष के तौर पर बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित करेगा।

अध्यक्षता

G-20 की अध्यक्षता प्रत्येक वर्ष सदस्यों के बीच चक्रीय रूप से प्रदान की जाती है और अध्यक्ष पद धारण करने वाला देश पिछले और अगले अध्यक्षता धारक के साथ मिलकर G-20 एजेंडा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये 'ट्रोइका' बनाता है।

भारत 1 दिसम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2023 तक अध्यक्ष के रूप में इस अंतर्राष्ट्रीय निकाय का संचालन करेगा, जिसमें यहाँ आयोजित होने वाले G-20 शिखर सम्मेलन का नेतृत्व किया जायेगा।

G-20 की कार्य प्रणाली

G-20 का कोई स्थायी मुख्यालय नहीं है और सचिवालय प्रत्येक वर्ष समूह की मेज़बानी करने वाले या अध्यक्षता करने वाले देशों के बीच रोटेट होता है।

सदस्यों को पांच समूहों में बांटा गया है (रूस, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की के साथ भारत समूह–2 में है)।

G-20 एजेंडा जो अभी भी वित्त मंत्रियों और केंद्रीय राज्यपालों के मार्गदर्शन पर बहुत अधिक निर्भर करता है, को 'शेरपा' की निर्धारित प्रणाली द्वारा अंतिम रूप दिया जाता है, जो G-20 नेताओं के विशेष दूत होते हैं।

G-20 की एक अन्य विशेषता 'ट्रोइका' बैठकें हैं, जिसमें पिछले वर्ष, वर्तमान वर्ष और अगले वर्ष में G-20 की अध्यक्षता करने वाले देश शामिल हैं।

G-20 की अध्यक्षता के लिये भारत की तैयारी

1. भारत ने G-20 के संस्थापक सदस्य के रूप में दुनिया भर में सबसे कमज़ोर लोगों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने के लिये इस मंच का उपयोग किया है। लेकिन बेरोजगारी दर में वृद्धि और गरीबी के कारण इसके लिये प्रभावी ढंग से नेतृत्व करना मुश्किल है।

2. समवर्ती रूप से भारत–फ्राँस के नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की सफलता लेकर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका अक्षय ऊर्जा में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की दिशा में संसाधन जुटाने में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के रूप में विश्व स्तर पर प्रशंसित है।

3. इसके अलावा 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के दृष्टिकोण से वैश्विक प्रतिमान में 'नए भारत– के लिये एक परिवर्तनकारी भूमिका की उम्मीद है, जो कोविड–19 महामारी के बाद विश्व अर्थव्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के एक महत्वपूर्ण व विश्वसनीय स्तंभ के रूप में उभरेगा।

4. आपदारोधी अवसंरचना के लिये गठबंधन का भारत का प्रयास, जिसमें अन्य देशों के अलावा G-20 देशों में से भी नौ देश शामिल हैं, वैश्विक विकास प्रक्रिया में नेतृत्व के नए आयाम प्रदान करता है।

5. भारत ने G-20 देशों के बीच ऐसा एकमात्र देश होने का मजबूत उदाहरण स्थापित किया है, जो 2 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य के मामले में वर्ष 2015 के पेरिस समझौते में अपने वादे को पूरा करने की दिशा में अन्य G-20 देशों की तुलना में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

G-20 सम्मेलन में भारत की प्राथमिकताएं

1. भ्रष्टाचार से लड़ने के लिये कर अपवंचन की जाँच करना।
2. आतंकवादी वित्तपोषण को अवरुद्ध करना।
3. प्रेषण की लागत में कटौती।
4. प्रमुख दवाओं तक बाजार की पहुँच।
5. विश्व व्यापार संगठन में सुधार।
6. पेरिस समझौता को पूर्णतः लागू करना।

भारत के लिए चुनौतियाँ

1. भारत के लिए G-20 की चुनौतियाँ ध्रुवीकृत अंतर्राष्ट्रीय सदस्य देशों के साथ कुशलतापूर्वक अगले नवंबर में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन की मेज़बानी के साथ उत्पन्न होंगी।
2. नीति आयोग के पूर्व CEO अमिताभ कांत को G-20 शेलपा और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला को G-20 का समन्वयक नियुक्त किया गया है।
3. सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में 100 तैयारी बैठकें आयोजित करने की योजना बनाई है, जिसके कारण भारत के पड़ोसी देशों के साथ संघर्ष को देखते हुए जम्मू–कश्मीर में G-20 शिखर सम्मेलन या मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी या नहीं, इस पर विवाद उत्पन्न हो गया।
4. हालाँकि भारत के लिये बड़ी चुनौतियाँ G-20 के विचार की रक्षा के संदर्भ में इंडोनेशिया की सहायता और भू–राजनीतिक मतभेद के कारण इसे विखंडन से बचाने की होंगी, जहाँ एक ही कमरे में एक साथ बैठकर नेता एक–दूसरे की बात सुनने से कतराते हैं।

आगे की राह

1. G-20 देशों का पहला काम बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करना है।
2. साथ ही सरकारों को कर्ज़ के स्तर को अनिवार्य रूप से बढ़ाए बिना कमज़ोर लोगों की मदद करने के तरीके खोजने होंगे। इससे संबंधित एक प्रमुख चिंता यह सुनिश्चित करना होगा कि बाहरी ज़ोखिमों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाए।
3. एक मज़बूत टिकाऊ, संतुलित और समावेशी रिकवरी के लिए G-20 द्वरा संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता है और बदले में इस तरह की संयुक्त कार्रवाई के लिये यूक्रेन में शांति स्थापित करने के साथ–साथ ''आने वाले समय में उसके विखंडन को रोकने में मदद'' की भी आवश्यकता है।
4. व्यापार को लेकर G-20 नेताओं को ''अधिक खुले, स्थिर और पारदर्शी नियम–आधारित व्यापार'' पर ज़ोर देने की आवश्यकता है जो वस्तु की वैश्विक कमी को दूर करने में मदद करेगा।
5. वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के लचीलेपन को मज़बूत करने से भविष्य के झटकों से बचने में मदद मिलेगी।
6. G-20 को अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे–IMF, OECD, WHO, विश्व बैंक और WTO के साथ साझेदारी को

मज़बूत करना चाहिये और उन्हें प्रगति की निगरानी का कार्य सौंपना चाहिये।

7. सभी सदस्य देशों के लाभ के लिये व्यक्तिगत हितों पर वैश्विक सहयोग को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।

8. यूक्रेन–रूस संघर्ष और रूस एवं पश्चिम के बीच मतभेदों जैसे मुद्दों को हल करने के लिये संवाद तथा कूटनीति का उपयोग किया जाना चाहिये।

आज के इस आधुनिकता के युग में हम देखते हैं कि पलायन एक प्रमुख समस्या बन गई है। लोगों का गाँवों से शहरों की ओर पलायन निरन्तर बढ़ता जा रहा है। उत्तराखण्ड में पलायन बढ़ती तीव्रता के साथ पहाड़ों मे वीरानता भी उसी अनुपात से बढ़ रही है। आज जिन पहाड़ों में वीरानता छायी हुई है, कभी उन गाँवों के गलियारों में चहल–पहल होती थी। गाँव के समाणा बूढ़ों की उम्मीदें, गाँव के यारों–दगड़ियों का वो प्यार और लोगों का आपसी प्यार, प्रेम और भाईचारा था। किन्तु उत्तराखण्ड में लोग लगातार आर्थिक और शैक्षिक कारणों से निरंतर प्रवास कर रहे हैं।

मुख्यतः समस्या तो यह है कि जब पहाड़ के लोग शिक्षा पाने, नौकरी पाने के लिए शहरों की ओर आते हैं तो नौकरी– पेशा मिलने के बाद पुनः पहाड़ नहीं जाते। यही कारण है कि अधिकांशत लोग, जिनकी आर्थिक स्थिति थोड़ा ठीक हो जाती है, वो शहरों में बस जाते हैं। परिणाम आज यह है कि उत्तराखण्ड के गाँव के गाँव वीरान हो गये हैं। आज उन घरों में बस वो पत्थर बचे हैं, जो हमारे बुजुर्गों ने अपनी मेहनत ने संजोये हैं किंतु हमने उन घर, उन गाँवों, उस पहाड़ से अपने को दर–किनार कर लिया। हमें यह बात समझनी चाहिये कि वो गुण, वो संस्कार, वो परम्परा, शुद्ध हवा–पानी, सबकुछ तो हमें पहाड़ ने ही दिया है तो आज क्यों हम पहाड़ को भूल चुके हैं?

छाँव की तलाश थी और दोपहर को चुन बैठे
कुछ लोग गाँवों को छोड़ शहर को चुन बैठे
अब कैद हैं घर की चार दिवारियों के भीतर
हवा छोड़कर आये थे अब जहर को चुन बैठे
अब बातें होती हैं उस गाँव की खुशबू की
महकती माटी को छोड़ पत्थर को चुन बैठे
अब शामिल हैं शहरों की भागदौड़ में रोज
ऊँचे ख्वाबों में जमीं छोड़ अम्बर को चुन बैठे
अब न इधर की ठौर ना उधर का ठिकाना है
समुंदर के राही किनारे छोड़ लहर चुन बैठे।

गाँवों को छोड़कर शहरों की आबो–हवा ने शायद हमें घेर लिया है। शहरों में रहो लेकिन अपने गावों के उन टूटे मकानों के उन टूटे जोड़ों को जोड़ना भी जरूरी है, क्योंकि पहचान उन पहाडों से ही है। उन पहाड़ों की गोद में सब पले–बढ़े हैं। बात सिर्फ शहरों में चले जाने की नहीं, बात अपनी मातृभाषा की भी है। आज लोग अपनी बोली–भाषा को बोलना नहीं चाहते, जिस बोली ने हमें माँ –पापा, बोड़ा–बोड़ी बोलना सिखाया। हम अपने बच्चों को शहरों में अच्छी शिक्षा तो दे पाते हैं किंतु उन्हें मातृभाषा का ज्ञान नहीं देते। वो बच्चे, जो गढ़वाली हैं, कुमाउंनी हैं, उनको ये भाषाएं बोलनी नहीं आती। कसूर उन बच्चों का नहीं, हमारा है क्योंकि हमने कभी उन्हें उनकी मातृभाषा से परिचय नहीं कराया। हम उस मातृभाषा का घर व्यवहार में प्रयोग नहीं करते हैं। परिणाम आज यह है कि हमारी ये बोलियां भाषा नहीं बन पायीं।

जनाब, ये वहीं पहाड़ जो आपको पुकार रहे हैं, ये वही पहाड़ हैं, जब कोरोना वायरस महामारी से सारे विश्व में हाहाकार मचा हुआ था, जब शहरों में खाने को खाना और पीने को पानी में भी बीमारी नजर आ रही थी, उस समय लोगों ने पहाड़ के 'छुइयाँ' (भूमिगत पानी) को अवश्य याद किया होगा, जो स्वयं में शुद्ध और साफ था। इस महामारी से लोगों को बात तो समझ आयी है कि जो खूबसूरत पहाड़ की महत्ता और अपने गाँव स्वतंत्रता से बढ़कर कुछ नहीं है।

पलायन रोकथाम के प्रयास

सरकार निरंतर प्रयास कर रही है कि शहरों के केन्द्रीकरण और गाँवों के पलायन को रोका जाये। निरन्तर नई–नई सरकारी योजनाओं के माध्यम से गाँवों में सुविधाएं दी जा रही हैं ताकि पहाड़ का पानी और पहाड़ी जवानी पहाड़ के काम आ सके किंतु ये योजनायें कितनी धरातल पर उतर पाती हैं, उसका आंकलन पलायन की दर से देखा जा सकता है। सिर्फ सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं। इसमें पहाड़ों में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका अदा करने की जरूरत है, तभी पहाड़ की मूलभूत समस्या का निराकरण सम्भव है और तभी पहाड़ के वीरान पड़ते गाँवों को बचाया जा सकता है।

जी20 की राह में पलायन रोकथाम

वर्ष 2023 में **जी20** की अध्यक्षता करने का मौका भारत को मिला है। उत्तराखण्ड में **जी20** की तीन बैठकें आयोजित की जानी हैं। ये तीन बैठक रामनगर (नैनीताल) में आयोजित की जा रही हैं। इसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ उत्तराखण्ड में शिक्षा, स्वाथ्य और पलायन रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा होनी है। इस कड़ी में उत्तराखण्ड के पहाड़ों की आस लगी हुई है। हम आशा करते हैं कि **जी20** की इस समीक्षा में इस समस्या का कोई सुनियोजित समाधान निकलेगा।

पलायन रोकथाम के प्रमुख सरकारी प्रयास

सरकार द्वारा पलायन रोकथाम के प्रमुख प्रयास निम्न हैं –

- उत्तराखण्ड पलायन निवारण आयोग
- सीमान्त गाँव एकीकरण योजना
- घस्यारी कल्याण महिला स्वरोजगार भोजना योजना
- उत्तराखण्ड स्वरोजगार प्रोत्साहन योजना
- लघु सूक्ष्म व मध्यम उद्यम योजना

उक्त कार्यक्रम पलायन की समस्याओं को दूर करने हेतु राज्य में निरन्तर रूप से संचालित हैं। अतः सरकार और आमजन के सहयोग से ही यह संभव है। इसमें जागरूकता अपनी अपनी अहम भूमिका रखता है।

स्कूल–कॉलेज के वो दिन हमेशा याद आयेंगे

प्रियांशु सक्सेना
बीकॉम, तृतीय वर्ष

आज के समय में लगभग हर व्यक्ति उच्चतम से उच्चतम शिक्षा प्राप्त करता है और अच्छी कमाऊ नौकरी पाने के सपने देखता है। जिससे उसका समाज में भी हाई स्टेटस रहे और भविष्य में भी उससे आर्थिक तंगी से ना जूझना पड़े। वर्तमान समय में हमारे पास हर वह वस्तु उपलब्ध है जो शायद पिछले दो या तीन दशकों के लोग ने सोची भी नही थी, जिस पर हम पूरी तरह से निर्भर भी होते जा रहे है।

शायद इसका कारण है आज का आधुनिक योग। आधुनिकरण के इस योग में हम समय लगाकर ही समय बचाने में लगे है और इन सब में इतना उलझ चुके हैं कि अधिक धन कमाने की लालसा व अन्य लोगों से प्रदिर्स्धा एवं ईर्ष्या के कारण वास्तविकता और खुशहाली से भटक जाते है जिसका पश्चाताप उन्हें तब होता है जब वह जीवन के ऐसे मोड़ पर पहुंच जाते है जहां से वह केवल यही सोचते हैं कि क्या उन्होंने स्वयं से जो वायदा किशोरावस्था और जवानी में किया था वह उस पर खरे उतरे भी है।

या फिर उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय केवल धन एकत्रित करने और पीछे छूट जाने के डर से भाग दौड़ में गवाँ दिया। कहते हैं कॉलेज का पहला दिन कौन भूल सकता है? स्कूल के बाद घर से मिली आजादी की खुशी मनाने का दिन जो था, उस दिन कॉलेज की ओर बढ़ने वाला हर कदम दिल की धड़कन बढ़ा देता है।

स्कूल और कॉलेज का समय हर व्यक्ति के लिए किसी ना किसी मायने में महत्वपूर्ण होता है। इस समय ही हम अपने जीवन में कुछ मुकाम छूने की आधारशिला बुनते हैं और कई सपने सजाते हैं। स्कूल और कॉलेज में बिताया हुआ हर एक पल सभी के जहन में ताउम्र रहता है।

जिसको याद करते ही चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। दोस्तों के साथ बिताया हुआ वह समय बेहद खास होता है और कॉलेज के अंतिम दिन सब खुशहाल भविष्य की कामना के साथ विदा हो जाते है और बचती है तो केवल यादें।

G२० प्रेसीडेंसी

रिचा

बी.एड. प्रथम सेमेस्टर

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (**G20**) अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर तथा भारत की वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत 1 दिसम्बर 2022 से 30 नवम्बर तक G20 की अध्यक्षता करेगा।

G20 का मूल उद्देश्य वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है। भारत की अध्यक्षता में कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद उत्पन्न संकटों के समाधान खोजने पर विचार होगा। इसमें लोगो दिया गया – 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के मंत्र के साथ यह आगे बढ़ेगा।' (वसुधैव कुटुम्बकम)

G20 में ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जापान, फ्रांस, जर्मनी, चीन, भारत, रूस, इटली, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया, मैक्सिको और यूरोपीय यूनियन देश शामिल हैं। जबकि स्पेन को स्थायी आमंत्रित अतिथि का दर्जा प्राप्त है तथा आसियान देशों में एक तथा दो अफ्रीकी देश भी आमंत्रित किए जाते हैं।

G20 की परिकल्पना G-7 द्वारा 1999 में बड़े पैमाने पर ऋण संकटों की सहायता श्रृंखला के जवाब में की गई थी, जो 1990 के दशक के अंत में उभरते बाजारों में फैल गया था। संकट इसकी शुरुआत मैक्सिकन पेंसो संकट, 1998 का रूसी वित्तीय संकट और अंतः 1998 की शरद ऋतु में लांग टर्म कैपिटल मैनेजमेंट के पतन के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका को प्रभावित किया। इसलिए इसका मूल उद्देश्य मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वैश्विक स्थिरता को सुरक्षित करना है। बाद में इसके एजेंडे को जलवायु परिवर्तन शमन, सतत् विकास और अन्य वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए बढ़ाया गया है।

G20 का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। इसके एजेंडे और काम का समन्वय G20 देशों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है, जो राजनीतिक जुड़ाव, भ्रष्टाचार का विरोध, विकास, ऊर्जा जैसे मुद्दे पर ध्यान देते हैं, जिन्हें शेरपा के रूप में जाना जाता है। भारतीय G20 शेरपा नीति आयोग के पूर्व CEO अमिताभ कांत हैं, जबकि केंद्रीय बैंकों के गवर्नर, वित्त मंत्रियों के साथ मिलकर वित्तीय विनिमय, राजकोषीय मुद्दों एवं मुद्रा पर काम करते हैं।

G20 की अध्यक्षता हर साल सदस्य देशों के बीच घूमती है। जी–20 की अध्यक्षता वाले देश, पिछले एवं अगले अध्यक्ष पदधारक के साथ G20 एजेंडा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए 'ट्रोडका' का निर्माण करते हैं। इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील अभी ट्रोडका देश हैं। समूह का अध्यक्ष अन्य अध्यक्ष के साथ बातचीत करके जी–20 एजेंडा को लागू करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास हेतु उत्तरदायी होता है।

मौजूदा समय में जी–20 के समक्ष चुनौती रूस और यूक्रेन यद्ध, जिसके चलते अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के कई देशों से रूस का टकराव यद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति में अंसतुलन, जिसके कारण मुद्रास्फीति में दबाव बढ़ रहा है।

स्वास्थ मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जी–20 समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत का उद्देश्य स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को जारी रखना और मजबूत करना है। इसके साथ ही भारत की अध्यक्षता में कुछ और महत्वपूर्ण उद्देश्य भी शामिल हैं –

- भारत की कोविड 19 के कारण छोटे देशों के ऊपर बढ़ा कर्ज संकट
- विश्व अर्थव्यवस्था में मंदी का संकट
- विश्व खाद्य कार्यक्रम ने 2023 में खाद्य संकट का अंदेशा जाहिर किया। UN में भारत को स्थायी सदस्य का मुद्दा
- IMF, WTO में भी सुधार व देश के 75 विश्वविद्यालयों को जोड़ने की मुहिम

शुरुआत में जी–20 व्यापक कार्मिक मुद्दों पर केंद्रित था परंतु आज इसके एजेंडे में विस्तार करते हुए, इसमें अन्य बातों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत् विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण व जलवायु और भ्रष्टाचार विरोध को भी शामिल किया गया है।

जाति व्यवस्था की उत्पत्ति एवं परिवर्तन : प्रारम्भ से वर्तमान

दामिनी नेगी

एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर

जाति एक ऐसा सामाजिक समूह है, जिसकी सदस्यता जन्म पर आधारित होती है और जो अपने सदस्यों पर खान–पान, विवाह, पेशा और सामाजिक सहवास सम्बंधी अनेक प्रतिबन्ध लागू करता है।

भारतीय सामाजिक संस्थाओं में जाति सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। आदि काल से ही भारत में जाति–प्रथा का प्रचलन रहा है। पश्चिमी देशों में सामाजिक संस्तरण का आधार वर्ग है तो भारत में जाति या वर्ण। भारत में जाति की व्यापकता एवं महत्व को बताते हुए डॉ. मजूमदार लिखते हैं – 'जाति व्यवस्था भारत में अनुपम है। सामान्यतः भारत जातियों एवं सम्प्रदायों की परम्परात्मक स्थली माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि हवा में भी जाति घुली हुई है और यहां तक कि मुसलमान तथा ईसाई भी इससे अछूते नहीं है।'

एन.के. दत्ता ने जाति की विशेषताएं बतायी हैं –

1. एक जाति के सदस्य अपनी जाति से बाहर विवाह नहीं कर सकते।
2. प्रत्येक जाति में दूसरी जातियों के साथ खान–पान के सम्बंध में प्रतिबंध होता है।
3. अधिकांश जातियों में पेशे निश्चित होते हैं।
4. ऊंच–नीच का संस्तरण – 1. ब्राह्मण, 2. क्षत्रिय, 3. वैश्य, 4. शूद्र हैं।

वैदिक काल –

ईसा से 200 वर्ष पूर्व लेकर 600 वर्ष पूर्व तक माना जाता है। ऋग्वेद और ब्राह्मण ग्रन्थ इस काल के प्रमुख ग्रन्थ है। ऋग्वेद में इन जातियों की उत्पत्ति ब्रह्मा के अंगों से बतायी गयी है।

डॉ. धुरिये का मत है कि इस युग में इन वर्णों में कठोरता नहीं थी। वर्ण शब्द का प्रयोग रंग के लिए किया गया। इस युग में वर्णों पर पेशे का कोई प्रतिबंध नहीं था और एक वर्ण का व्यक्ति दूसरे वर्ण का पेशा अपना सकता था। विवाह सम्बंधी प्रतिबंध भी नहीं थे और एक वर्ण का व्यक्ति दूसरे वर्णों में विवाह कर सकता था।

समय के साथ–साथ इस युग में वर्णों ने जाति की विशेषताएं ग्रहण करना शुरू कर लिया था। वे अलग–अलग इकाइयों के रूप में स्थापित हो गए और उनके बीच उच्चता–निम्नता का स्तर तय हो गया।

ईसा से 600 वर्ष पूर्ण उत्तर वैदिक काल में 3 प्रकार का साहित्य मिलता है, जो जाति की गतिशीलता पर प्रकाश डालता है –

1) वह साहित्य जिसमें आर्यों के सामाजिक जीवन संबंधी नियमों एवं आदर्शों का उल्लेख किया गया है।
2) रामायण और महाभारत का साहित्य और बौद्ध साहित्य

यह युग ब्राह्मणों एवं क्षत्रियों के बीच संघर्ष का युग था। इस युग में ब्राह्मणों की स्थिति का संगठन और शुद्रों की स्थिति व पतन हुआ। इस युग में 'वर्ण' शब्द के साथ–साथ सर्वप्रथम 'जाति' शब्द का भी उपयोग किया गया। जाति का तात्पर्य वर्ण अथवा वर्णों में पाए जाने वाले उपसमूहों के लिए किया गया। ब्राह्मणों को यज्ञ करने, शिक्षा ग्रहण करने एवं संस्कार करने का अधिकार था। इस युग में ब्राह्मणों की स्थिति ऊंची हो गयी थी। दूसरी ओर शूद्रों की स्थिति बहुत गिर गयी थी। शुद्रों को काले रंग का माना गया। उनकी उत्पत्ति दूसरे सभी वर्णों की सेवा के लिए मानी गयी। उनको शिक्षा, सम्पत्ति आदि के अधिकारों से वंचित रखा गया। एक वर्ण का दूसरे वर्ण में विवाह करना कर बंद दिया गया।

यही स्थिति वर्तमान समय में भी कई जगह देखने को मिलती है लेकिन, आधुनिकीकरण, शहरीकरण व आधुनिक शिक्षा के कारण शहरी इलाकों में यह स्थिति न के बराबर है। यहां सभी जाति के लोग एक–साथ मिलकर काम करते हैं, भोजन करते हैं। आज दो अलग–अलग जाति ही नहीं बल्कि धर्मों के बीच में विवाह सम्बंध देखने को मिलते हैं। जाति की कठोरता कम होती जा रही है। लोग अपनी जाति के व्यवसायों को छोड़कर कई अलग व्यवसाय करते हैं। आज हम किसी शुद्र को शिक्षण संस्थान में शिक्षक के रूप में देख सकते हैं व एक ब्राह्मण को व्यापारी के रूप में। आज जाति व्यवस्था से ज्यादा वर्ण व्यवस्था को माना जाता है।

आजादी का अमृत महोत्सव

आशीष नौटियाल
बी.एड. प्रथम सेमेस्टर

15 अगस्त 2012 को देश की आबादी के 75 वर्ष पूरे हो गये। इसी उपलक्ष्य 75 वर्ष के पूर्ण होने से 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 को केंद्र सरकार ने 'आबादी का अमृत महोत्सव' मनाने की घोषणा की। महोत्सव की शुरुआत के लिए साबरमती (गुजरात) का स्थान के रूप में चयन किया गया, क्योंकि यही स्थान था, जहां से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी द्वारा 12 मार्च 1930 को दांडी मार्च प्रारम्भ किया गया। इस महोत्सव को मनाने की अवधि 2 वर्ष रखी गई, जो 15 अगस्त 2023 तक है।

उद्देश्य

देशभर में इन 75 सप्ताहों में विभिन्न कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, जिनमें असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन के साथ ही दांडी मार्च, महात्मा गाँधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और अन्य आंदोलन के नेताओं सहित स्वतंत्रता से सम्बंधित प्रमुख स्थलों को दिखाया गया। महोत्सव के जरिए आजादी से जुड़े उन विस्मृत नायकों की भी तलाश होगी, जिनका नाम अभी तक इतिहास के पन्नों में कहीं छिपा हुआ है। इसके माध्यम से देश के लोग, युवा, बच्चे उन अमर महावीरों को जान सकेंगे, जो इतिहास के पन्नों में कहीं दबे हुए हैं। साथ ही, यह महोत्सव नए दृष्टिकोणों, नए संकल्पों और आत्म–निर्भरता से प्रेरणा को प्रतिध्वनित करेगा।

'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत नियोजित गतिविधियाँ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव के लिए एक वेब साइट का उद्घाटन किया है – "amritmahotsav.nic.in"
- 'एक आत्मनिर्भर इनक्यूबेटर' शुरू किया गया, जो पारम्परिक कला में संलग्न 40,000 परिवारों की सहायता करेगा।
- तमिलनाडु और कर्नाटक में, स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने के लिए प्रदर्शनियां, साइकिल रैली, वृक्षारोपण और जुलूस निकाले गए।

- क्षेत्रीय आउटरीच ब्यूरो ने राजस्थान में 5 दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया।

आबादी के अमृत महोत्सव के महत्वपूर्ण पाँच विषय

1. स्वतंत्रता संग्राम –

यह विषय 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत हमारे स्मरणोत्सव की पहल की शुरुआत करता है। यह विषय उन विस्मृत नायकों की कहानियों को उजागर करने में मदद करता है, जिनके बलिदान ने हमारे लिए स्वतंत्रता के स्वप्न को वास्तविकता बना दिया।

इस विषय के तहत कार्यक्रमों में बिरसा मुंडा जयंती (जनजातीय गौरव दिवस), नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वारा स्वतंत्र भारत की अनंतिम सरकार की घोषणा, शहीद दिवस आदि शामिल हैं।

2. 75 वर्ष पर विचार

हम जानते हैं कि क्षण–प्रतिक्षण दुनिया बदल रही है और यह हमारे सामने एक नई दुनिया को प्रकट कर रही है। हमारे दृढ़ विश्वास की शक्ति, हमारे विचारों की लम्बी आयु तय करेगी। इस विषय के तहत आयोजनों और कार्यक्रमों में लोकप्रिय, सहभागी पहलें शामिल हैं, जो दुनिया में भारत के अद्वितीय योगदान को जीवंत करने में मदद करती है। इनमें काशी की भूमि के हिंदी साहित्यकारों को समर्पित काशी उत्सव, प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड जैसे कार्यक्रम और पहल शामिल हैं।

3. 75 वर्ष पर उपलब्धियां

इसका उद्देश्य 5000+ वर्षों के प्राचीन इतिहास की विरासत के साथ 75 साल पुराने स्वतंत्र देश के रूप में हमारी सामूहिक उपलब्धियों के सार्वजानिक खाते में विकसित होना है।

इस विषय के तहत कार्यक्रमों में 1971 की जीत के लिए समर्पित स्वर्णिम विजय वर्ष, महापरिनिर्वाण दिवस के दौरान श्रेष्ठ योजना का शुभारंभ आदि जैसी पहल शामिल हैं।

4. 75 वर्ष पर कदम

यह विषय उन सभी प्रयासों पर केंद्रित है, जो नीतियों को लागू करने और प्रतिबिंबताओं को साकार करने के लिए उठाये जा रहे कदमों पर प्रकाश डालते हुए भारत को कोविड के बाद की दुनिया में उभरने वाली नई विश्व व्यवस्था में अपना सही स्थान दिलाने में मदद करने के लिए किये जा रहे हैं। यह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के प्रधानमंत्री मोदी के स्पष्ट आश्वासन से प्रेरित है। इसमें सरकारी नीतियों, योजनाओं के साथ–साथ व्यवसायों, गैर सरकारी संगठनों, नागरिक समाज की प्रतिबिंबताओं को शामिल किया गया है।

इसके तहत कार्यक्रमों में गति शक्ति मल्टी मॉडल कनेक्टीविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान जैसी पहल शामिल है।

4. 75 वर्ष पर संकल्प

यह विषय हमारी मातृभूमि की स्थिति को आकार देने के हमारे सामूहिक संकल्प और दृढ़ संकल्प पर केंद्रित है। 2047 की यात्रा के लिए हममें से प्रत्येक को व्यक्तियों, समूहों, नागरिक समाज, शासन की संस्थाओं आदि के रूप में डटकर अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

हमारे सामूहिक दृढ़ संकल्प, सुनियोजित कार्य योजनाओं और सामूहिक प्रयासों से ही विचारों को कार्यों में परिणित किया जा सकता है।

इस विषय के तहत कार्यक्रमों में संविधान दिवस, सुशासन दिवस आदि जैसी पहल शामिल हैं, जो उद्देश्य की गहरी भावना से प्रेरित होने के साथ–साथ ग्रह और लोगों के प्रति हमारी प्रतिब(ता को जीवंत करने में सहायता करती है।

निष्कर्ष

'आजादी का अमृत महोत्सव' पिछले 75 वर्षों में भारत द्वारा की गयी तीव्र प्रगति का जश्न मनाना है। यह उत्सव हमें अपनी छिपी शक्ति को फिर से खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमें राष्ट्रों के समूह में अपना सही स्थान प्राप्त करने के लिए ईमादार, सक्रियात्मक कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करता है।

गाँधी : सामान्य परिचय

आदर्श भट्ट
बी.एड. प्रथम सेमेस्टर

- गाँधी जी का जन्म 02 अक्टूबर, 1869 में गुजरात के एक सम्पन्न परिवार में पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। अपनी वकालत की पढ़ाई इंग्लैंड से पूरी करने के बाद गाँधी जी 1892–1893 में दक्षिण अफ्रीका में व्यापार करने वाले एक भारतीय मुसलमान व्यापारी दादा अब्दुल्ला का मुकदमा लड़ने के लिए डरबन (दक्षिण अफ्रीका) चले गये। इस मुकदमे में इन्होंने सफलता हासिल की।
- इस दौरान इन्होंने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के प्रति रंगभेद नीति को स्पष्ट रूप से महसूस किया। वहां प्रत्येक भारतीय को पंजीकरण प्रमाण पत्र लेना और यह प्रमाण पत्र हर समय अपने पास रखना आवश्यक था। गाँधी जी ने इस सम्बंध में 'एशियाटिक रजिस्ट्रेशन एक्ट' का विरोध किया।
- 1899 में गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में 'नटाल इंडियन कांग्रेस' की स्थापना की और रंगभेद की नीति के विरुद्ध आंदोलन भी शुरू किया। अपने सहयोगी जर्मन शिल्पकार 'कालेनबाख' की मदद से 'टॉलस्टाय फार्म' की स्थापना की। वहां रहकर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में 'इंडियन ओपीनियन' अखबार का प्रकाशन किया तथा 1904 में 'फीनिक्स आश्रम' की स्थापना की। मनसुखलाल हीरालाल नजर इंडियन ओपीनियन पत्रिका के प्रथम सम्पादक थे।
- गाँधी जी के प्रयासों व आंदोलन के कारण दक्षिण अफ्रीकी सरकार द्वारा सन् 1914 में अधिकांश रंगभेद कानूनों को रद्द कर दिया गया।
- 1909 में पश्चिमी मूल्यों की आलोचना करते हुए हिन्द स्वराज नामक पुस्तक लिखी, जिसमें सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी गई। गाँधी जी ने इस पुस्तक में ब्रिटिश संसद को बाँझ एव वैश्या की तरह बताया।
- विदित है कि डरबन से प्रिटोरिया जाते समय गाँधी जी को अपमानित किया गया और वहीं से उन्हें भारतीयों के नेतृत्व की प्रेरणा मिली थी।
- महात्मा गाँधी ने गिरमिटिया (इंडेचर्ड लेबर) प्रणाली के

उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

- 'व्यक्ति का कल्याण सबके कल्याण में निहित है' इस वाक्यांश ने गाँधी जी को अत्यधिक प्रभावित किया। गौरतलब है कि यह वाक्यांश जॉन रस्किन की पुस्तक 'अनटू दिस लास्ट' का है। गाँधी जी की कुछ गहन धारणाएं इसी पुस्तक में प्रतिबिंबित होती हैं। इस पुस्तक के प्रभावाधीन होकर गाँधी जी ने 'सर्वोदय' जैसी अवधारणा का विकास किया।
- 'सर्वोदय' का आशय सभी का, सभी प्रकार से उत्थान या कल्याण से है। गाँधी जी सभी व्यक्तियों के श्रम करने पर बल देते थे। वे आर्थिक न्याय हेतु ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त का अनुसरण करते थे। गाँधी जी, थोरो के इस विचार से सहमत है कि सर्वोत्तम सरकार वह है जो सबसे कम शासन करती है। गाँधी जी ने सत्ता के विकेन्द्रीकरण तथा राज्य के न्यूनतम कार्यक्षेत्र का समर्थन किया।
- गाँधी जी धार्मिक रूढ़िवादिता, धार्मिक कट्टरता एवं धर्मांधता के विरोधी हैं। उनका धर्म से आशय सभी धर्मों में अंतर्निहित, मूल शाश्वत तत्व से है, जो समस्त मानवों के कल्याण का हेतु है। वे 'सर्वधर्म समभाव' की आवश्यकता को स्वीकार करते हैं।
- गाँधी जी साधन एवं साध्य की पवित्रता पर बल देते हैं। उनके अनुसार साधन एवं साध्य में अवियोज्य सम्बंध है। इसी तरह वे अहिंसा को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि मन, वचन और कर्म से किसी का अमंगल न होने देना ही अंहिंसा है।

जानकारी का स्रोत : 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग'

— महात्मा गाँधी

राष्ट्र निर्माण में नवयुवकों का योगदान

तुषार जगूड़ी 'शैल'
एलएल.बी. चतुर्थ सेमेस्टर

आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुका, विश्व का सबसे युवा राष्ट्र आज अपने सभी भोग–विलास के विकासानोमुखी व्यवस्था की चरम सीमा की ओर झांक रहा है। युवा राष्ट्र का प्रत्येक युवा नागरिक आज भारतवर्ष व मां भारती के वैभव हेतु संकल्पित व दृढ़ निश्चयवान है। विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या होने के बावजूद हमारा गौरव, हमारा भारतवर्ष, मां भारती सर्वाधिक युवाओं वाली मां (राष्ट्र) है। चूंकि 'सभ्यता का क्रमिक विकास ही संस्कृति कहलाती है' और भारतवर्ष की सनातन संस्कृति व विरासत अपनी समृद्धि का एक महान घोतक है। कालांतर में तत्कालीन विदेशी कुख्यात, आक्रांताओं द्वारा यहां की संस्कृति को नष्ट करने का बहुतायत में प्रयास किया, परंतु स्वार्थ से परिपूर्ण, नापाक इरादों से कोई सफलता नहीं पा सकता। उदयीमान नवभारत का दीपक, उदित दिवाकर की भांति समस्त विश्व में वैश्विक स्तर पर प्रदीप्त हो रहा है, इसका संपूर्ण श्रेय 140 करोड़ देशवासियों को प्रदत किया जाता हैय इसमें संपूर्ण योगदान व उपलब्धियों का इस राष्ट्र के नवयुवकों को श्रेय जाना तर्कसंगत है, जिस राष्ट्र में सर्वाधिक जनसंख्या युवाओं की हो संभवतः, वह राष्ट्र नए आयामों को शीघ्र प्राप्त कर सकता है। 'भारत रत्न', पूर्व प्रधानमंत्री, हमारे प्रेरणास्रोत स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी ने कहा है– 'व्यक्ति को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि वह कहां खड़ा है? वह पथ पर है या रथ पर, वह तीर पर है या प्राचीर पर' अर्थात कर्मों की कुशलता से व्यक्ति हर असंभव कार्य को सफलता में परिवर्तित कर सकता है। चूंकि 2047 आजादी की शताब्दी वर्षगांठ भारत अपने स्वर्णिमकाल के सुंदर स्मृतियों में पूर्ण करें, इसके लिए आवश्यक है, कि युवा राष्ट्र का प्रत्येक नवयुवा अपनी समस्त नवसंचार की ऊर्जा से माँ भारती के लिए अपना–अपना विशेष योगदान दें व माँ भारती 2047 तक इस धरा (विश्व) का मुकुटमणि बने। आवश्यकता है, केवल युवाओं की शक्ति को सही समय से समायोजित करने की। अंततः इन्हीं पंक्तियों के साथ सादर प्रणाम –

जो हमसे टकराएगा, चूर–चूर हो जाएगा
इस मिट्टी में मिलने वाला, मिट्टी में मिल जाएगा
मैं! हर घर में इंकलाब जगाने आया हूं,
हे! भारत के राम जगो, मैं तुम्हें जगाने आया हूं।

चाइनीज मांझे की आफत बरकरार: 'पतंग की उड़ान, जा रही पक्षियों की जान'

प्रियांशु सक्सेना

देहरादून। पतंग उड़ाने में हर उम्र के लोगों को आंनद आता है। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो में पतंग उड़ाने का खासा शौक व जुनून होते हैं, परंतु इस बात से अंजान की उनका शौक किसी निर्दोष की जान ले रहा है। वह पतंग बाजी करने में मसरूफ़ रहते हैं।

देश में हर वर्ष मकर संक्रांति, बसंत पंचमी व पतंग महोत्सव का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है, जिसका इंतजार पंतंगबाज बेसब्री से करते हैं। किंतु पेड़ों पर अटके पतंग के मांझे में फंसकर परिंदों की जान जा रही है। प्रत्येक साल नव वर्ष के आरंभ से आसमान में पतंग बदलो के स्थान पर आकाश को ढके रखती हैं।

यह सिलसिला पौष और माघ के माह तक चलता है। इसके अलावा भी वर्षभर में खास मौकों पर पतंग उड़ाई जाती है। जिसके लिए खतरनाक मांझो का प्रयोग किया जाता है। जो की चाकू से भी धारदार होते हैं। पतंगों का मांझा पेड़ों पर एक जाल की तरह उलझ जाता है। इन मांझों में आए दिन पक्षी फंसते हैं और तड़पकर फड़फड़ाते रहते हैं और ऐसे ही उनकी जान निकल जाती है।

पहले ही खेतों मे केमिकल छिड़काव और मोबाइल टावर से निकलने वाली रेंज के कारण इनकी संख्या में कमी हो रही है। पतंग उड़ाने के लिए प्रयोग में लाने वाले मांझे को पक्का करने के लिए कांच और ज्यादातर अंडे का प्रयोग किया जाता है और अगर पतंग के मांझे से हमारे शरीर पर कहीं भी कट जाए तो उसमें कांच के बारीक टुकड़े होने से हमारे शरीर में इंफेक्शन हो सकता है, जो जानलेवा भी हो सकता है।

चाइनीज या पक्का मांझा की चपेट में आने से घायल मनुष्य तो अपना उपचार अस्पताल में करा लेता है परंतु बेजुबान पक्षी तड़प–तड़ के दम तोड़ देते हैं। इस प्रकार के घातक मांझों से कबूतर, गौरैय, तोते, कौआ, आदि प्रकार की चिड़ियाएं व पक्षी मौत की नींद सो रहे हैं।

यदि इन सब पर रोक नही लगाई गई तो जल्द ही पक्षी विलुप्त हो जाएंगे और उनकी आकस्मिक मौत से खाद्य श्रृंखला पर भी असर देखने को मिलेगा। यही नहीं, पतंग उड़ाने के कारण हर वर्ष कई बच्चों की मौत छत से गिरने के कारण हो जाती है।

आमजन पर भी हो रहा प्रहार

पतंगबाज अपने प्रतिद्वंदी से स्पर्धा करने के लिए खतरनाक से खतरनाक मांझे का प्रयोग करते हैं। जिससे हर वर्ष बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत, घायल, बच्चों के साथ दुर्घटना, उनके चोटिल होने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पतंग के मोह में चूर बच्चे बिना सावधानी बरतें और ध्यान दिए सड़कों पर कटी पतंग लेने को दौड़ने लगते हैं और हादसों का शिकार बन जाते है। आमजन को भी अपना शिकार बनाने से नहीं चूक रहा, यह जानलेवा मांझा। राहगीरों, वाहन चालकों को भी अपने चपेट में ले रहा और दुर्घटना ग्रस्त व क्षति पहुंचा रहा। इन तेज मांझो की डोर से राह चलते लोगों के हाथ, पैर, गला, गर्दन को भी निशाना बना रहा और क्षति पहुंचा रहा।

चाइनीज मांझे के नुकसानः

चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते समय इसके धागे के स्पर्श में अगर कोई पंछी या अन्य कोई वस्तु आ जाए तो यह उसे काटकर घायल कर देता है, कभी–कभी तो यह जानलेवा भी साबित हो जाता है। चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने से कई तरह से नुकसान होता है। इसका इस्तेमाल करते समय जरा सा टकराव होने पर यह उंगली, हथेली समेत किसी भी हिस्से को काटकर घायल कर देता है।

अहंकार का सार

जुवीन नौटियाल
बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर

अपनी लघुता का आभास हमें सदैव रहना चाहिए क्योंकि इस भाव से मनुष्य के पैर जमीन पर टिके रहते हैं।

इस संसार में अभी भी उन लोगों कि कमी नहीं है जो अपने अहंकार के आगे दुसरों को तुच्छ समझते हैं, उन्हे हमेशा दूसरों को नीचा दिखाने में आनंद की अनुभूति होती है ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि आखिर अहंकार का अंत कैसा है।

इस सम्पूर्ण ब्रह्मांड में हमारा वास्तव में क्या अस्तित्व है ? या हमारा इस जीवनदायी गाड़ी को चलाने में कितना योगदान है क्या हमने इस संसार को कुछ दिया या केवल अपने स्वार्थ ही पूरे किये ?

अपनी लघुता को समझने का आसान तरीका है कि हम भौतिक भूगोल का वह अध्याय पढ़े, जो हमें इस अज्ञात ब्रह्मांड का ज्ञान कराता है । जिन लोगों ने इसे नहीं पढ़ा उन्हे लगता कि हमारी पृथ्वी ही अन्तिम सत्य है, जबकि वास्तव में हमें ब्रह्मांड के विस्तार का ठीक से पता भी नहीं। ऐसे में यदि कोई अपने आप को देखे और सोचे कि इस विशाल ब्रह्मांड में असंख्य आकाशगंगाएं हैं इन्ही में से एक साधारण आकाशगंगा 'मिल्की वे' के असंख्य तारों में एक तारा 'सूर्य' है उसके 8 ग्रहों में 5 वें बड़े ग्रह के लाखों जीवों में एक प्रजाति मानव की है उनमें भी 8 विलियन लोगों में कहीं एक कोने में हम हैं जिनसे आगे किसी ना किसी क्षेत्र में कोई ना कोई कभी ना कभी रहा होगा। जब मनुष्य इस भाव से एक बार भी मानव खुद को देखता है तो उसे अपनी लघुता का बोध हो सकता है। अन्यथा आज संसार में बहुत लोग है जो अपनी व्यक्तिगत सफलताओं को पाने के बाद समझते हैं कि मैं ना होता तो शायद कुछ ना होता वहीं दूसरी ओर कई ऐसे भी महान विभूतियां हैं जिन्होंने वास्तव में कुछ पाया है इस मानव जगत को कुछ दिया है वे बहुत साधारण तरीके से खुद को प्रदर्शित करते हैं। क्योंकि ये सभी अपनी लघुता को जानते हैं और सरल, सहज रहतें है।

इस अंक का सार यह नहीं कि मनुष्य को आत्मविश्वास या आत्मगौरव के भाव से वंचित रहना चाहिए बल्कि यह है कि व्यक्ति को अपने सकारात्मक पक्षों के प्रति गौरव का बोध होना चाहिए जिससे हमारा आत्मविश्वास हमारी सफलता में योगदान दे। बस इस बात का ख्याल होना चाहिए कि हमारा आत्म–विश्वास और आत्मगौरव का बोध दूसरों के आत्मगौरव को ना कुचले, बेहतर यही है कि हम अपनी लघुता का अहसास किसी न किसी मात्रा में बनाये रखें।

इसी मानसिकता से व्यक्ति और समाज का सह–सम्बन्ध सुखद एंव सकारात्मक हो सकता है ।

आज तो दिन ही खराब है

कंचन नौटियाल
बी.एड. प्रथम सेमेस्टर

जाड़ों के मौसम में दूर पहाड़ी पर एक संकरी पगडंडी पर पथिक चलने लगा तो एक लंबी दूरी तय करने के बाद आगे देखता है तो पूरे रास्ते पर धुंध छाई है एक गहरा कुहासा आंखों की क्षमता पर प्रश्न गाड़े खड़ा है। क्षण भर में कुहासे ने पीछे से भी घेर लिया । अब पथिक तय ही नही कर पा रहा कि जाऊं कहाँ ?

मार्ग संकरा है, अब आगे जाए तो कहीं ऐसे पत्थर पर न पैर धर बैठे की वो उसे गहरी खाइयों में धकेल दे। लंबी दूरी तय करने के बाद पीछे जाने के लिए पथिक का मन गवाही नहीं देता और रास्ते में वहीं बैठ भी जाए तो किस भरोसे ? आखिर समय कहाँ बैठता है?

अब भला पथिक के जीवन की इस से बड़ी विडंबना ही क्या होगी की पथ ही धोखा दे बैठे? अंत में उम्मीदों की किरणों को ढूंढता हुआ आकाश को देखने लगता हैं तो कुहासा वहाँ भी उसे निराश करने में असफल ना रहा। इस जद्दोजहद में ही वो कुछ बड़बड़ाया कि आज दिन ही खराब है।

वो कुछ ठहरा और सोचने लगा कि वो पथिक है उसने यात्राओं के अनुभवों को संजोया है जिन पर उसे विश्वास है। फिर उम्मीदें जागी और वो लगा तरकीबें ढूंढने। हाथ इधर उधर मारने पर एक लंबी टहनी मिली तो उसे तोड़कर उसने आगे के रास्ते को टटोलना शुरू किया। वो पथिक था उसने ढूंढ़ ही लिया अपना मार्ग।

मानव जीवन भी तो किसी संकरी पगडंडी से कम नहीं । अक्सर एक लंबा सफर तय करने के बाद कुछ ऐसे ही जाड़ों के मौसम आ जाते है जिनमें जीवन का लक्ष्य भटका भटका सा लगने लगता है समझ ही नहीं आता की अब किस राह चलें । कोशिशें भी निराश करने लगती हैं और फिर वो कहता है कि दिन ही खराब हैं।

ऐसे में आवश्यकता है बस थोड़ी सी उम्मीदों को जिंदा रखने की, स्वयं पर विश्वास करने की और थोड़ा ठहर कर अब तक के जीवन में मिले सारे अनुभवों को इकठ्ठा कर एक नया विचार तलाशने की जो उसे मार्ग दिखाए और कर दे उसके बुरे दिन को अच्छा।

गुरु का नाम है

सूरज सेलवान
बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर

सबसे बढ़कर इस दुनिया में,
सिर्फ गुरु का नाम है।
माता देती जन्म हमें और,
शिक्षा इनका काम है।

सोचो यदि गुरु ना हो तो,
हम कैसे बढ़ पाएंगे।
शिक्षक भी जब साथ न हो तो,
सिर्फ पशु ही कहलाएंगे।

गुरु सबका जीवनसाथी है,
वह पथ प्रदर्शक है सबका।
देखे सबको एक दृष्टि से,
साथी है वह हम सबका।

गुरु का सब सम्मान करेंगे,
सम्मान तभी हम पाएंगे।
यदि बात ना मानो गुरु की,
जीवन भर पछताएंगे।

चाहोगे यदि तुम खुश रहना,
गुरु की आज्ञा मानो तुम।
गुरु सेवा को ही ईश्वर की,
सच्ची भक्ति मानो तुम।

जै उत्तराखण्ड

प्रो० पुष्पा खण्डूरी
हिन्दी विभाग

उत्तराखण्ड की भूमि महान ।
देवभूमि अति पावन धाम ।।
यहां पर हर पर्वत–पर्वत मंदिर ।
यहाँ के कण–कण में भगवान ।।
ये भूमि वीरों की भूमि,
यहाँ उपजते वीर महान ।
देश की रक्षा–हित दे देते,
हंसते –हंसते जो अपनी जान ।।
उत्तराखंड की भूमि महान ।
देवभूमि अति पावन धाम ।।
यहां पर पर्वत –पर्वत मंदिर ।
यहाँ के कण–कण में भगवान ।।
पंच केदार हैं यहाँ शिवालय ।
बदरीनाथ श्री विष्णु – धाम ।।
श्री कृष्ण के पांडव प्यारों की थी ।
इसके कण –कण से पहचान ।।
पांचों पांडवों ने द्रौपदी संग ।
किया यहीं से स्वर्ग – प्रयाण ।।
उत्तराखंड की भूमि महान ।
देवभूमि अति पावन – धाम ।।
यहाँ पर पर्वत –पर्वत मंदिर ।
इसके कण – कण में भगवान ।।
अलकनंदा से मिल कर
नदियाँ पावन।
करती पंच – प्रयागों का निर्माण ।।
विष्णुप्रयाग, नन्दप्रयाग,
रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग और देवप्रयाग ।
हैं इनके सुन्दर पावन नाम ।।
उत्तराखंड की भूमि महान ।
देवभूमि अति पावन धाम ।।
यहाँ पर पर्वत –पर्वत मंदिर ।
यहाँ के कण –कण में भगवान ।।
शंकराचार्य जी ने दिया
यहीं था,
देश को बद्रीनाथ सा पावन चौथा – धाम ।
उत्तराखंड की भूमि महान ।
देवभूमि अति पावन धाम ।।
यहाँ पर पर्वत – पर्वत मंदिर ।
यहाँ के कण –कण में भगवान ।।
भारत माता का मुकुट हिमालय
प्रहरी बन करता रक्षा निशि –दिन आठों याम ।।
उत्तराखंड की भूमि महान ।
देवभूमि अति पावन धाम
यहाँ पर पर्वत – पर्वत मंदिर ।
यहाँ के कण –कण में भगवान ।।
शिव का धाम यहीं है प्यारा ।
शिव –प्रिया उमा सती भी हैं यहीं की बिटिया ।
देवियों से भी हैं इनके बेटी से रिश्ते ललाम ।।
नम आँखों से इनकी डोलियाँ
देकर फूल – फल –मेवें आभूषण और मिष्ठान ।।
उत्तराखंड की भूमि महान
देवभूमि अति पावन है धाम
यहाँ पर पर्वत – पर्वत मंदिर ।
यहाँ के कण – कण में भगवान ।।
यहाँ पे वन –वन जड़ी बूटियाँ ।
फल – फूलों से यहाँ लदी
घाटियाँ
पर्वत –पर्वत रम रही यहां पर ,
साधु संतों की पावन धूनियाँ ।।
जिन अमर शहीदों की
कुर्वानी पर,
हुआ है इस राज्य का निर्माण ।
उनकी स्मृति में उनकी निर्दोष शहादत पर।
श्रद्धावनत् हम सबका नित शत् –शत् प्रणाम।

मैंने केवल वही लिखा है ...

डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी 'विमल'
अवकाश प्राप्त रीडर

देखा सुना जिया जीवन में, मैंने केवल वही लिखा है।
सुख का जीवन जीने वाले, जन हमदर्द नहीं होते हैं।।
खुदगर्जी का जीकर जीवन, नहीं विश्व को कुछ देते हैं।
गम दुख दर्द व्यथा औ पीड़ा, नमक जिंदगी के होते हैं।।
समय–समय पर आकर, जीवन को खुशियों से भर देते हैं।
तुम्हें गरीबों की कुटिया का, कब आंसू सैलाब दिखा है।।
मैंने केवल वही लिखा है।।

नहीं धूप की खुशी जानते, सदा छांव में पलने वाले।
पांवों के छाले क्या जाने, सुविधाओं में ढलने वाले।।
नहीं जेठ की दोपहरी का, जिसने असह ताप झेला है।
जिसका नहीं सर्द घाटी की, नदियों में बचपन खेला है।।
कदम कदम पर ठोकर खाकर, दुनिया में जो मुझे दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है।।

अपने निजी स्वार्थ की खातिर, सारा देश जलाने वालों।
बंद करो नफरत की भाषा, जनता को बहलाने वालों।।
एक झोपड़ी के बनने में, सारा जीवन लग जाता है।
पूरा घर मेहनत करता है, तब घर में राशन आता है।।
मेहनत सारा जीवन बीत चुका है, सुख का सूरज नहीं दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है।।

आज आपको अभिव्यक्ति की, संविधान ने दी आजादी।
शब्दों में नफरत भर तुमने, सोच बना ली हिंसावादी।।
अपने कर्तव्यों की खातिर, कुछ बनता है फर्ज तुम्हारा।
जला पड़ोसी का घर बोलो, हुआ कौन उपकार तुम्हारा।
लगा हुआ खुशियों पर तुमको, नहीं पीड़ा पैबंद दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है।।

अपने बेटों को सरहद पर कभी आपने भेजा होता।
सीने पर गोली खाने का, तब अहसास तुम्हें भी होता।।
डोली उतरी हुई दुल्हन ने मंगलसूत्र उतारा होता।
उन लम्हों का व्यथा दुःख, क्या तब तुम्हें गवारा होता।।
जवां पुत्र का शव, पापा के कंधों पर क्या कभी दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है ।।

कभी शहीदों की मजार पर जाकर शीश झुकाया होता।
कभी शहीदों की मजार पर जाकर शीश झुकाया होता।
दीप बुझ गया जिस आंगन का, ढांढस उन्हें बंधाया होता।।
जिस मिट्टी में जन्म लिया है, उसका कर्ज चुकाना होगा।
तन पर गाँधी की खादी का, तुमको फर्ज निभाना होगा।।
झुग्गी झोपड़ियों की पीड़ा का तुमको क्या दर्द दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है।।

मातृभूमि को भूल गए हो, आतंकवाद तुम्हें भाया है।
विध्वंशक अभिनव मानवता का पथ, तुम्हें रास आया है।।
भोली जनता को फरेब का, झूठा पाठ पढ़ाने वालों।
मजबूरी मुफलिसी बेबसी का हर लाभ उठाने वालों।।
हित उनका हित औ अहित आज क्या,
कुछ भी तुमको नहीं दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है।।

अभिनव समाधान पीड़ा का, हिंसा कभी नहीं होती है।
आत्मसात कर बढ़ो अहिंसा, दिव्य अलौकिक सुख देती है।।
समरसता की दिव्य ज्योति से, विघटनकारी फिजा मिटा दो। विनम्रता की नव सुगंध से मानवता समृद्ध बना दो। ।
घर से सुख को आग लगाना, किस मजहब से लिखा दिखा है।
मैंने केवल वही लिखा है।।

भूमि की पुकार

महक भण्डारी
बी.ए. प्रथम सेमेस्टर

कभी स्वर्ग ,कभी देवभूमि उत्तराखंड कहते हो
कभी सुकून, कभी राहत कहते हो
तुम आते हो कभी पंच केदार दर्शन करने को
कभी अपनी भेंट अर्पण करने को
कभी गर्मियों की छुट्टियों की सैर में
कभी दौड़ती भागती जिंदगी से बैर में
कभी हताश परेशान तुम
दिव्य हिमालय में जाना चाहते हो
कभी खुदकी खुद से बैर में
गंगा किनारे बैठना चाहते हो
पर आए एक भी तूफान, इन फिज़ाओं में
तुम एक पल भी ठहरना नहीं चाहते
तुम देख रहे तमाशा विकास के नाम पर
क्या तुम आवाज उठाना नहीं जानते?
ये भूमि सिर्फ घूमने–फिरने मात्र तक तो सीमित नहीं!
तुम्ही तो इसको देवभूमि उत्तराखंड कहते थे!
आज ये फिजाएं चीख रही हैं,
ये भूमि हताश होकर बिखर गई है
अपने ही लोगों को , अपने ही घरों से बेघर होते देख
आज देवभूमि फिर से सैलाब उगल रही है
आज जोशीमठ है कल को तुम्हारा भी घर हो सकता है
तुम गुमसुम क्यों बैठे हो ?
सत्ता जिसकी भी हो,
आखिर में फैसला तुम्हारा भी हो सकता है ।
तुम आवाज उठाना सीखो
अपनी दिव्य जननी को बचाने की सोचो
तुम क्यों बेफिक्र घूमने में व्यस्त हो?
तुम क्यों विकास के प्रपंच से ग्रस्त हो?
आओ तुम कदम बढ़ाओ, देवभूमि को बचाओ ॥

पापा

बलजीत सिंह
एम.ए. तृतीय सेमेस्टर

कमाया था उन्होंने मुझे पढ़ाने के लिए।
दुनिया में किसी काबिल बनाने के लिए।
छवि में उनकी मुझे रब दिखता था।
दुनिया में चाहें कुछ दिखे ना दिखे।
मुझे अपने पापा में सब दिखता था।
हाथों में छाले, कपडे भी पुराने थे।
एक ही मकसद था उनका।
मुझे अपने बच्चे पढाने थे।
उनको देख कर जिंदगी का आधार नजर आया।
जब अकेला था तो उनका प्यार नजर आया।
रोते देख उन्होंने मुझे समझाया।
पापा खडे है तेरे पास।
बेटा तू क्यों घबराया।
जब अकेला था तो उनका प्यार नजर आया।

घर से दूर

विक्रम सिंह भण्डारी

मैं भी निकल पडा घर से दूर, घर के वास्ते।
मजबूरियों को शौक नाम देते हुए
माँ– पापा की फटकार से तो दूर,
पर है कहाँ, उन सा राहगीर यहाँ।
बेशक आजाद मैं यहाँ,
पर है कहाँ, हमदर्द माँ सा यहाँ ।
जिम्मेदारी कांधे रख, चला आया कुछ कर गुजरने की चाह लिए।
अनजान डगर में, लिए इरादे मजबूत ,
चला आया मैं भी घर से दूर घर के वास्ते।
दूर है मंजिल, रास्ते अधूरे अंधकारमय,
एक आस लिए पलकों पर अपने, चल दिया मैं भी घर से दूर, घर के वास्ते।।

दहाड़

सूरज
एलएल.बी. चतुर्थ सेमेस्टर

शेर हूँ दहाड़ता हूँ ,
सीने दुश्मनों के चीरता हूँ
पहचान मेरी कुछ और नहीं
तिरंगे की शान है
हूँ वीर मैं
बिलदान ही मेरा अभिमान है
तभी तो पहचान ही मेरी
तिरंगे की शान है
माँ भारती सीमा को
सींचा मैंने अपने लहु से है
ना कोई मेरी जात है
ना कोई मेरा धर्म है
माँ भारती की सेवा
ही तो मेरा कर्म है
हूँ वीर मैं
शहादत से मैं घबराता नहीं
शहीदों के साथ अमर हो जाऊँ
यही तो मेरा स्वाभिमान है
तिरंगा फहराना मेरा अभिमान है
माँ भारती का लाल
यही मेरी पहचान है।।

इन्सानियत

कविराज - देवेंद्र कुमार
एम.ए. संस्कृत

वानर दु:खियारा मर रहा,
पूजते हो हनुमान,
परपीड़ा से कोई दुख नहीं,
कैसे हो इन्सान... !

माता पिता की सेवा नहीं,
घूमते हो चारधाम,
माता असहाय रो रही,
कैसे हो इन्सान... !

मंदिर की चौखट पर,
करते हो खूब दान,
कोई बेचारा भूखा मर रहा,
कैसे हो इन्सान... !

अन्न धन का अथाह भंडार,
कहलाते हो धनवान,
एक पैसा भी दान न किया,
कैसे हो इन्सान... !

धर्म अधर्म का बोध नहीं,
प्राणी वह निष्प्राण,
मन में जरा भी ममता नहीं,
कैसे हो इन्सान... !

पूजा से कोई लाभ नहीं,
किया न जो सम्मान,
गिरे को कभी उठाया नहीं,
कैसे हो इन्सान.. !

इन्सान होकर इंसानियत नहीं,
उसको सहस्त्र प्रणाम,
जीवों पर जिसको दया नहीं,
कैसे वो इन्सान... !!

मानुष व्यथा

अहो ! मनुज मनुज का क्या धर्म यही है,
हाय ! मानवता का क्या कर्म यही है,
निंद्रित चक्षु भी देख सकी ना जो सपना,
हृदय विदारक को कैसे कहें भला अपना !

नि:शब्द हूं व्यक्त करूं कैसे, है मुझे संताप क्या,
नाथ !छिपा है आपसे जग का कोई आतप क्या,
कहूं क्या अब शेष क्या सब कुछ अभिव्यक्त है,
अव्यक्त हो आप विभो ! सर्वस्व आपको प्रत्यक्ष है !

क्षणिक जीवन के बचे अकाट्य दिन दो-चार,
नाथ ! दिए क्यों आपने अकथ्य दुर्दिन बेविचार,
जन्म नर का दिया क्यों किस अर्थ किस भोग,
किस अधम पाप का है देव ! यह जीव उपभोग !

अधम ही सही किंचित् करते कुछ विचार,
पशुओं में भी देते तो करते सहर्ष स्वीकार,
विचरते निश्चित होकर करते नित्य वनविहार,
निष्कपट प्रेमपूर्वक करते स्वच्छ अन्नाहार !

जग में मिलता है खेल कपट छल-बल का,
मानव पतित हो रहा किंचित् दल-दल सा,
प्रभो ! मिला किस पाप का यह फल यहां,
जिह्वा से और करता है कौन कत्ल कहां !

मानुष के दो रूप जग में सदा मुझे दिखते हैं,
करनी और कथनी अलग-अलग लिए फिरते हैं,
मनुष्य का ऐसा भेद भला कौन मिटा पाएगा,
नाथ ! तारने अवतार कौन-सा अब आएगा !!

आज की नारी

राजेश कुमार शाह
शोधार्थी (इतिहास विभाग)

पथ–पथ पर सरल, सुगम दृढ़ता का पक्षपात थी,
युगों–युगों की सती प्रथा उसके लिए अभिशाप थी।
डटी रही जो लक्ष्मीबाई बलिदान का प्रतिपात थी,
हाय! विडम्बना कुरीतियों की उस कोमल हृदय पर आघात थी।
वीरों के संग वीरांगना का वो रूप और वो मेल देखा,
मैंने नारी की परिस्थितियों का अनोखा खेल देखा।
विधाता भी न कर पाया जिसकी सहजता का न्याय,
फिर मैं क्या उस निश्चय का परिहार करूं,
क्या लिखूं उसकी शोभा में, अपने शब्दों का उद्धार करूं।
मैंने कई बार उस सौन्दर्य पर अन्याय का घाव देखा,
मैंने माता के रूप में उसका अत्यन्त ही प्रेम भाव देखा।
कल्पित दृष्टि से जब भी कोई दानव भ्रष्ट हुआ,
तब समस्त सृष्टि के लिए उस 'काली नारी' का उत्कृष्ट हुआ।
मेरे हृदय के भावों से नमन है हर उस नारी को,
जिसकी असहनीय पीड़ा से वंशों का उद्‌गम्य हुआ।
उस पावन रूप का हर वर्णन अशब्दीय है,
जिसने हर युग में अपनी दक्षता का परिचय दिया।
दर्पण व श्रृंगार उसकी सुन्दरता का एक आवरण है,
प्रकृति की संध्या बेला फिर क्यों उसके लिए एक दूषित वातावरण है।
ना उसको तुम आज फिर कमजोर करो,
वीराने में उसको हरने की ना तुम भूल करो,
वो गृहणी है, वो देवी है वह हर कला से सक्षम है

कोई काल क्या उसका भक्षण करे जो खुद देवों का संरक्षण है।
वह भयमुक्त है वह शक्ति है,
वह हर युग की गर्जना है,
वह आज की नारी है.....

नये कवि की नई रचना

प्रदीप

बी.एड. प्रथम सेमेस्टर

एक दिन वह था सोच रहा
समय का कुछ उपयोग करूँ
कविता जैसा कुछ तो रचूँ
कागज में खुद को व्यक्त करूँ
जो अन्तर्मन यूँ ढूँढ़ रहा
उसको भी मैं पहचान सकूँ।।

कभी पहले उसने लिखा नहीं
तो काव्य–चक्षु अभी खुला नहीं
जब लगी छलाँग तो पता चला
गहराई तो सागर की पता ही नहीं।।

न छंद सही ना रस सही
न अलंकार और न लय सही
अभी जो लिखना शुरु किया है
तो फिर कैसे होंगे भाव सही।।

महसूस किया लेखन को जब
कुछ एक काव्य पाठ सुने
कम शब्द चुने सशक्त चुने
कुछ पंक्तियाँ पूर्ण प्रवाह बुने
फिर काम किया तुकबंदी पर तो
कविता की रसधार बने।।

अब हुआ कार्य इस कविता का
तब कवि था चौदिस झूम रहा
कि कहाँ प्रस्तुत कहाँ रखूँ
किस मंच और महफिल इसे पढ़ूँ
यह रह ना जाए मुझ तक सीमित
इसका कैसे मैं उद्धार करूँ।।
जब मंच दिखे कोई बड़ा इसे
तब शायद इसको जगह मिले
पड़ी रही इक कोने में मानो
उठने की ना वजह मिले।।

ये सब मँझे हुए खिलाड़ी हैं भई
तू कुछ तो टक्कर दे रहा है
क्यूँ अभी से थक कर बैठा है
अभी–अभी तेरी सुबह हुई है
तू बस उठकर ही तो बैठा है।।

फिर सोचा दिल पर हाथ रखा
समझाया खुद को बना सखा
ये इन मंचो पर क्या ही रखा
अब कर तू काव्य अलंकृत इतना
कि करे इशारे होए बखान।।

पर यहाँ हर मोड़ पर असुर खड़े हैं
और आलोचक भी भरे पड़े हैं
उन सबसे हमको बचना है
क्योंकि....
यह ने कवि की नई रचना है।।

पलायन : पहाड़ का दर्द

प्रवीण श्रीवाल
बी.एड. प्रथम सेमेस्टर

बल सुण रै दीदा तैरा सौं
अब नी रान्दू मीं अपणा गौं
भैजी मन च होंयू मेरू उदास
कन छोड़ी हमुन पहाड़ की स्या मिठास
कब ओला सी दिन
अर बक ओलू सू विकास
मेरा गौं मां मनिखि नि रयां
कु पुछालु कि कै मौं हवा जंया
न छुई न बात न बौंण न घर
अपणी बात अफूमां लगाया
न घिंडूडी की फर न घुघुती घुर
न गोर बाखर तैं अब बाघै की डर
गूणी बांदुरु को राज भैर अगर
छिपडा मकडों को राज भीतर
मेरा गौं मां तुम शौक से जयां
इखुली पकमां अर इखुली खाय्यां
बाँजी पोडिन खेती पाती
राशन पाणी अफु सणी ल्हिजयां
न ब्यौ बरात न बाजों कु साज
न खुद भटुली न पैंतुली पराज
